

29:04:2023

अखबार जो बदल दे नजरिया

# राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र

पेज » 12 मूल्य » 3 रुपये » वर्ष » 14 अंक » 116 | epaper.rashtriyakhabar.com | वैशाख, शुक्लपक्ष नवमी, विक्रम संवत 2080

## चाणक्य नीति

पृथिव्यां त्रीणि रत्नानि जलमन्नं सुभाषितम्।
मूढैः पाषाणखण्डेषु रत्नसंज्ञा विधीयते॥

भावार्थ : इस पृथ्वी पर तीन ही रत्न हैं - जल, अन्न और हितकारी वचन, परंतु मूर्ख लोग पत्थर के टुकड़े को रत्न कहते हैं।



रांची **पारा** अपडेट

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 32.00 °c | 24.00 °c |

सूर्यास्त (आज) » 18.15 बजे
सूर्योदय (कल) » 05.17 बजे

## शाह-योगी के खिलाफ चुनाव आयोग पहुंची कांग्रेस

**नई दिल्ली:** कर्नाटक विधानसभा चुनाव से पहले बीजेपी और कांग्रेस के बीच सियासी संग्राम तेज हो गया है। एक ओर जहां प्रधानमंत्री मोदी पर विवादित बयान को लेकर बीजेपी ने चुनाव आयोग में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की शिकायत की। वहीं, कांग्रेस ने भी गृहमंत्री अमित शाह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ चुनाव आयोग का दरवाजा खटखटाया है। कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल अमित शाह और योगी आदित्यनाथ के विवादित बयानों की शिकायत लेकर शुक्रवार को चुनाव आयोग पहुंचा। इस प्रतिनिधिमंडल में अभिषेक मनु सिंघवी, पवन बंसल और मुकुल वासनिक शामिल थे।

## तेंदुए के हमले में महिला गंभीर रूप से घायल

**बहराइच:** उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले के कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग में तेंदुए के हमले कम होने का नाम नहीं ले रहे हैं। आज कतर्नियाघाट रेंज अंतर्गत आने वाले चहलवा ग्राम पंचायत के कुरकुरी कुआं गांव निवासी पुष्पा देवी (31) पत्नी कन्हैयालाल तेंदुए के हमले में गंभीर रूप से घायल हो गयीं। पुष्पा देवी गांव की कोटेदार भी है। शौच के लिए घर के पीछे बने शौचालय की तरफ जा रही थीं। तभी पास में ही मौजूद तेंदुए ने घात लगाकर उस पर हमला कर दिया तेंदुए के हमले में पुष्पादेवी गंभीर रूप से घायल हो गई। पुष्पा देवी की चिल्लाने की आवाज सुनकर पास में ही मौजूद उनकी चचेरी सास और बेटी ने तेंदुए से संघर्ष कर पुष्पा देवी की जान बचाई। पुष्पा को छोड़ तेंदुआ जंगल की तरफ भाग गया। वन क्षेत्राधिकारी रामकुमार ने बताया कि तेंदुए के हमलों को देखते हुए वनकर्मी गश्त कर रहे हैं और तेंदुए से बचाव हेतु ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है।

## आतंकवादी हमले में 12 संदिग्ध हिरासत में : डीजीपी

**जम्मू:** जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक (डीआईजी) दिलबाग सिंह ने शुक्रवार को कहा कि पुंछ आतंकवादी हमले के मामले में 200 से अधिक स्थानीय निवासियों से पूछताछ की गई और अब तक 12 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। इस घटना में अहम सुराग मिले हैं। उन्होंने कहा कि पुंछ में 21 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमला को स्थानीय लोगों के समर्थन से ही अंजाम दिया गया था। हमले में पांच जवान शहीद हो गए थे। राजौरी जिले के दरहाल इलाके में जारी तलाशी अभियान का जायजा लेने के बाद पुलिस महानिदेशक ने संवाददाताओं से कहा, इस तरह के हमले (पुंछ) स्थानीय लोगों के समर्थन के बिना नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों को स्थानीय लोगों ने आश्रय दिया और फिर दूसरी जगह हमले को अंजाम देने के लिए परिवहन मुहैया कराया गया था। श्री सिंह ने कहा कि अधिकतम नुकसान पहुंचाने के लिए सेना के वाहनों को निशाना बनाने के लिए स्टील की परत चढ़े कवच-भेदी गोलियों और आईईडी का इस्तेमाल किया गया।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

**कार्रवाई** › अनेक पूर्व और वर्तमान खिलाड़ी पहलवानों के समर्थन में

# पुलिस ने कहा आज ही एफआईआर दर्ज करेंगे

- ›› शीर्ष अदालत के कड़े तेवर से हथियार डाले
- ›› पहले पुलिस ने कहा था जांच बहुत जरूरी है
- ›› कई अन्य नेताओं ने भी उनका समर्थन किया



राष्ट्रीय खबर

**नईदिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट के तेवर से सहमी दिल्ली पुलिस ने अंततः शीर्ष अदालत को बताया है कि कुश्ती महासंघ के प्रमुख और भाजपा सांसद के खिलाफ वह प्राथमिकी दर्ज करने जा रही है। इससे पहले दिल्ली पुलिस ने पहले सुप्रीम कोर्ट को बताया था कि बृजभूषण के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने से पहले प्रारंभिक जांच की जरूरत है। सुप्रीम कोर्ट में यह मामला पहुंचने के बाद पीटी उषा के बयान की जबर्दस्त तीखी प्रतिक्रिया हुई है। अनेक पूर्व और वर्तमान खिलाड़ियों ने जंतर मंतर पर धरना दे रहे पहलवानों का समर्थन किया है। आंदोलनकारियों ने पीटी उषा की अनुशासनहीनता वाले बयान के बाद कहा है कि अगर खुद उनके साथ ऐसा हुआ होता तब भी क्या वह ऐसा ही बयान देती।

आज सुप्रीम कोर्ट में जब यह मामला सुनवाई के लिए आया तो दिल्ली पुलिस ने सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया कि वह देश के शीर्ष पहलवानों के विरोध प्रदर्शन के बीच कुश्ती संघ के प्रमुख और भाजपा सांसद बृजभूषण सिंह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करेगी। दिल्ली पुलिस ने शीर्ष अदालत को प्राथमिकी के बारे में सूचित किया क्योंकि शीर्ष अदालत बृजभूषण के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों वाली शीर्ष महिला पहलवानों द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी। 26 अप्रैल को, दिल्ली पुलिस ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने से पहले आरोपों की प्रारंभिक जांच की आवश्यकता है।

याचिकाकताओं द्वारा उसकी सुरक्षा के लिए खतरा होने का आरोप लगाने वाली सामग्री रखने के बाद अदालत ने पुलिस आयुक्त को एक नाबालिग शिकायतकर्ता की खतरे की धारणा का आकलन करने का निर्देश दिया। अदालत ने 21 अप्रैल को सिंह के खिलाफ पुलिस पर आरोप लगाने वाले छह अन्य पहलवानों के खिलाफ खतरे की धारणा का आकलन करने के लिए सीपी, दिल्ली के लिए भी खुला छोड़ दिया। याचिकाकर्ता की ओर से पेश कपिल सिब्बल ने कहा, हम दो आधारों पर चिंतित थे - सुरक्षा और सुरक्षा और दूसरा उनके खिलाफ 40 मामले हैं। बृजभूषण सिंह पर पिछले चार महीनों में दूसरी बार यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया गया है। इस साल जनवरी में, पहलवान एक विरोध प्रदर्शन में बैठे, जो सरकार द्वारा बृजभूषण के खिलाफ आरोपों को देखने का वादा करने के बाद समाप्त हो गया। कोई भी वादा पूरा नहीं हुआ, पहलवानों ने कहा कि वे अप्रैल में फिर से दिल्ली के जंतर मंतर पर बैठे थे और बृजभूषण को सजा देने की मांग कर रहे थे।

दूसरी तरफ कैसरगंज के सांसद बृजभूषण सिंह ने हालांकि अपनी बात रखी और अपने

» पेज 2 भी देखें

जिम कार्बेट नेशनल पार्क में बड़ा हादसा होते होते बचा

## नाराज बाघ के हमले से बाल बाल बचे पर्यटक



https://twitter.com/i/status/1651263097607454720

- ›› वाहन पर सवार होकर सफारी में निकले थे
- ›› पहले बाघ ने कई बार चेतावनी भी दी
- ›› किसी तरह वह गाड़ी पर नहीं झपटा

राष्ट्रीय खबर

**नईदिल्ली:** उत्तराखंड के विश्व प्रसिद्ध जिम कार्बेट नेशनल पार्क में एक बड़ा हादसा टल गया। दरअसल वहां सफारी पर गये एक वाहन पर जंगल के अंदर खड़े एक बाघ ने हमला करने की कोशिश की। इस घटना का वीडियो भारतीय वन सेवा के अधिकारी सुशांत नंदा ने वीडियो साझा किया है। इसमें उत्तराखंड के जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क में एक गुस्से में बाघ को एक पर्यटक वाहन की ओर बढ़ते हुए देखा जा सकता है। वीडियो में गुस्से में बाघ को गुर्राते और कार के अंदर पर्यटकों को डराते हुए देखा जा सकता है। जैसे ही बाघ नजदीक आया, पर्यटक चिंतित हो गए और ड्राइवर को गाड़ी रिवर्स करने का आदेश दिया। वीडियो में देखा जा सकता है कि इंसानी भीड़ को देखकर बाघ नाराज हुआ था और उसने पहले कई बार चेतावनी दी थी। वाहन के वहां खड़े रहने की वजह से नाराज बाघ ने वाहन पर हमला करने की कोशिश की।

श्री नंदा ने इस घटना पर मजेदार लहजे में अंग्रेजी में लिखा है कि धारीदार साधु चिढ़ गया है। द?असल जब जबरन कोई आपके घर में घुस आये तो आपका नाराज होना तो स्वाभाविक है। यह क्लिप सोशल मीडिया पर पागलों की तरह वायरल हो गई और इसे मिश्रित प्रतिक्रियाएं मिली हैं। इस पर वन्य जीवन और इंसानी संघर्ष का मुद्दा फिर से चर्चा में आ गया है। एक व्यक्ति ने लिखा, ऐसा लगता है कि अब यह आदर्श बनता जा रहा है। आश्चर्य है कि क्या पर्यटन/आरक्षित वनों में उचित व्यवहार के बारे में कुछ परिचयात्मक कक्षाएं एक अंतर

» पेज 2 भी देखें

प्रधानमंत्री आवास के पते पर लोगों को ठग रहा था संजय राय शेरपुरिया

## दलाली की शिकायत पर यूपी एसटीएफ ने धर दबोचा



- ›› अनेक बड़े भाजपा नेताओं के साथ फोटो
- ›› यूपी एसटीएफ ने मामले में गिरफ्तार किया
- ›› कई बैंकों को भी चूना लगा चुका है यह ठग

राष्ट्रीय खबर

**नईदिल्ली:** प्रधानमंत्री आवास के पुराने नाम यानी एक, रेसकोर्स के पास सफदरजंग रोड के पते पर ठगी करने वाला एक और व्यक्ति गिरफ्तार किया गया है। मजेदार बात यह है कि प्रधानमंत्री मोदी सहित अनेक बड़े भाजपा नेताओं के साथ उसकी तस्वीरंक खुद उसी ने अपने सोशल मीडिया पर शेयर कर रखी थी। उत्तर प्रदेश एसटीएफ द्वारा बुधवार को गिरफ्तार किए गए कथित ठग संजय राय शेरपुरिया ने अपना पता 1, रेस कोर्स के पास, सफदरजंग रोड बताया है, जो दरअसल प्रधानमंत्री आवास का पता है। प्राथमिकी के अनुसार, कनेक्शन, और एक ट्रस्ट के लिए दान के रूप में दिल्ली के एक प्रमुख उद्योगपति से 6 करोड़ रुपये एकत्र किए। याद दिला दें कि इससे पहले किरण पटेल को भी इसी तर्ज पर ठगी के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

प्राथमिकी के अनुसार, राय ने पूछताछ के दौरान पुलिस को बताया कि यूथ रूरल एंटरप्रेन्योर फाउंडेशन, जिसे उन्होंने सोशल मीडिया पर प्रचारित किया, उसके बैंक खाते में 5 करोड़ रुपये (21 जनवरी, 2023) और 1 करोड़ रुपये (23 जनवरी, 2023) आए। बताया जाता है कि यह पैसा उद्योगपति गौरव डालमिया के फैमिली ऑफिस डालमिया फैमिली ट्रस्ट ऑफिस से मिला था। ट्रस्ट कार्यालय के करीबी सूत्रों

» पेज 2 भी देखें

## सोनिया गांधी को विष कन्या बताया

**बेंगलुरु:** भाजपा के विधायक बसनगौड़ा यतनाल ने श्रीमती सोनिया गांधी को विषकन्या कहा है। दरअसल मल्लिकार्जुन खडगे द्वारा एक चुनावी जनसभा में नरेंद्र मोदी को जहरीला सांप बताने के बाद से ही भाजपा विफरी हुई है। इसलिए बयान के एक दिन बाद भी भाजपा की तरफ से पलटवार हुआ है। इसमें कर्नाटक भाजपा विधायक ने पलटवार किया और सोनिया गांधी को विषकन्या कहा। विषकन्या पौराणिक कथाओँ में एक महिला हत्यारे के तौर पर जानी जाती हैं। राज्य के कोप्पल जिले में एक चुनावी रैली में, भाजपा के बसनगौड़ा यतनाल ने कहा कि पूरी दुनिया ने पीएम मोदी को स्वीकार किया है और संयुक्त राज्य अमेरिका ने रेड कार्पेटह्वबिछाया है। उन्होंने कहा, अमेरिका ने एक समय उन्हें वीजा देने से इनकार कर दिया था। उन्होंने बाद में लाल कालीन बिछाया और मोदी का स्वागत किया। अब वे (कांग्रेस) उनकी तुलना कोबरा से कर रहे हैं और कह रहे हैं कि वह जहर उगलेंगे। उधर सोनिया क्याहैं? गांधी एक विषैली महिला। लोकसभा के पूर्व सांसद और कनिष्ठ केंद्रीय मंत्री यतनाल ने पूर्व कांग्रेस प्रमुख पर चीन और पाकिस्तान के साथ उनके एजेंट के रूप में काम करने का आरोप भी लगाया। कांग्रेस की प्रारंभिक प्रतिक्रिया बघेल ने छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से दी। श्री बघेल ने कहा, कर्नाटक के एक भाजपा विधायक ने सोनिया गांधी को विषकन्या कहा है। लोग जानना चाहते हैं कि इस मुद्दे पर पीएम मोदी और अमित शाह का क्या कहना है। खड़गे ने गुरुवार को कहा था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक जहरीले सांप की तरह हैं, सावधान रहें, यह आपकी मौत का कारण बनेगा।

असम में उग्रवाद का अंत! त्रिपक्षीय समझौते के बाद दिमा हसाओ जिले में धारा 144 लागू

## दिमासा नेशनल लिबरेशन आर्मी ने केंद्र के साथ शांति समझौते पर हस्ताक्षर किया

- ›› पूरे पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए बहुत अच्छी खबर: मोदी
- ›› तीन पक्षों की मौजूदगी में हस्ताक्षर किया गया
- ›› समारोह में गृह मंत्री अमित शाह मौजूद



भूपेन गोस्वामी

**गुवाहाटी:** सम में उग्रवाद जल्द खत्म होने की उम्मीद बंध गई है। दरअसल गुरुवार को केंद्र सरकार, असम सरकार और उग्रवादी संगठन दिमासा नेशनल लिब्रेशन आर्मी दिमासा पीपल्स सुप्रीम काउंसिल के बीच ऐतिहासिक शांति समझौता हुआ। इस समझौते के तहत उग्रवादी संगठन हिंसा का रास्ता छोड़कर लोकतांत्रिक व्यवस्था का हिस्सा बनेंगे। इसके साथ ही माना जा रहा है कि असम में उग्रवाद का अंत हो जाएगा। वहीं समझौते के बाद आज ऐहतियातन दिमा हसाओ जिले में धारा 144 लागू की गई है ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। समझौते के तहत दिमासा नेशनल लिब्रेशन आर्मी के 168 से ज्यादा कैडर हथियार डालेंगे और मुख्यधारा में शामिल होंगे। समझौते के तहत असम सरकार द्वारा दिमासा वेलफेयर काउंसिल का गठन किया जाएगा, जो दिमासा लोगों के सामाजिक, सांस्कृतिक, भाषाई, राजनीतिक, आर्थिक और शिक्षा का संरक्षण करेगी। साथ ही दिमासा लोगों के लिए तेजी से विकास किया जाएगा। समझौते के तहत संविधान के छठे शेड्यूल के पैराग्राफ 14 के तहत एक कमीशन का गठन किया जाएगा, जो इस बात की जांच करेगा कि नॉर्थ चाचर हिल्स ऑटोनोमस काउंसिल के कुछ गांवों को दिमासा काउंसिल में शामिल किया जा सकता है या नहीं। बता दें कि इसकी मांग की जा रही है।समझौते के तहत केंद्र और असम सरकार आत्मसमर्पण करने वाले कैडर के पुनर्वास के लिए कदम उठाएंगी। केंद्र और राज्य सरकार 500-500 करोड़ रुपए देकर एक विशेष

» पेज 2 भी देखें

**अध्ययन** › धरती के अनेक इलाकों पर अब पर्यावरण असंतुलन का खतरा बढ़ा

# भारत ही नहीं दूसरे देशों में भी भीषण गर्मी

- ›› ठंडे इलाकों पर भी होगा इसका असर
- ›› अभी मौसम सुधरा पर खतरा कायम है
- ›› पहले से तैयार रहने से जानें बचती है

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** यह पहले ही बता दिया गया था कि इस बार भारत के कई इलाकों में सहन करने की सीमा से अधिक गर्मी पड़ सकती है। इसके नमूने भी दिख चुके हैं। केरल के कई इलाकों में 46 डिग्री तक का तापमान पहुंच गया था। झारखंड सहित आस पास के राज्यों ने भी हाल के दिनों में भीषण गर्मी का एहसास किया है। बाद में मौसम के बदलाव की वजह से लोगों को राहत मिली है। इसके बीच ही वैज्ञानिकों ने इस राहत के आगे के खतरे के प्रति लोगों को आगाह किया है। एक नए अध्ययन ने दुनिया भर में चिलचिलाती तापमान के विनाशकारी प्रभावों के जोखिम वाले क्षेत्रों को उजागर किया

» पेज 2 भी देखें

### ऊर्जा प्रावधान की उच्च संभावना जोखिम को बढ़ाती हैं

नेचर कम्युनिकेशंस में आज प्रकाशित यूनिवर्सिटी ऑफ ब्रिस्टल के नेतृत्व वाले शोध से पता चलता है कि अभूतपूर्व गर्मी की चरम सीमा अफगानिस्तान, पापुआ न्यू गिनी और मध्य अमेरिका जैसे कुछ क्षेत्रों को सबसे अधिक संकट में डालती है। अभी तक सबसे तीव्र गर्मी की लहरों का अनुभव करने वाले देश अक्सर विशेष रूप से अतिसंवेदनशील होते हैं, क्योंकि अनुकूलन उपायों को अक्सर घटना के बाद ही पेश किया जाता है। रिकॉर्ड तोड़ने वाले तापमान, बढ़ती आबादी, और सीमित स्वास्थ्य देखभाल और ऊर्जा प्रावधान की उच्च संभावना जोखिम को बढ़ाती है। बीजिंग और मध्य यूरोप भी हॉटस्पॉट की सूची में हैं, क्योंकि अगर इन घनी आबादी वाले क्षेत्रों में रिकॉर्ड तोड़ गर्मी की लहरें आतीं तो लाखों लोग प्रतिकूल रूप से प्रभावित होते। ब्रिटेन में पिछले साल अचानक बढ़ी गर्मी की वजह से लोग बेहाल हो गये थे क्योंकि वहां के लोगों को इस गर्मी का कोई पूर्व अनुभव नहीं था। इसी तरह अमेरिका का कैलिफोर्निया क्षेत्र भी भीषण गर्मी के साथ साथ सूखे के दौर से गुजरा है। यह अलग बात है कि बाद के बर्फीले तूफान और बारिश की वजह से वहां से सारे जलाशय भर चुके हैं। इससे खतरा अभी टलता हुआ नजर नहीं आ रहा है। निष्कर्षों के प्रकाश में, शोधकर्ता हॉटस्पॉट क्षेत्रों में नीति निमार्ताओं को मौत के जोखिम को कम करने और जलवायु चरम से जुडेल नुकसान को कम करने के लिए प्रासंगिक कार्य योजनाओं पर विचार करने के लिए बुला रहे हैं।

शिक्षक भर्ती के मामले अब जस्टिस गंगोपाध्याय से हटाये गये

## सुप्रीम कोर्ट ने राज्य से मिली शिकायतों पर निर्देश जारी किया

- ›› टीएमसी के साथ कई बार बहस हुई
- ›› सुप्रीम कोर्ट तक शिकायत पहुंची थी
- ›› पहले के निदेर्शों पर नये सवाल खड़े

राष्ट्रीय खबर



**कोलकाता:** न्यायमूर्ति अभिजीत गंगोपाध्याय और तृणमूल कांग्रेस के बीच लगातार विवाद चल रहा था।इस बार उनकी एक सार्वजनिक टिप्पणी की शिकायत जब सुप्रीम कोर्ट पहुंची तो सुप्रीम कोर्ट ने शिक्षक बहाली के भ्रष्टाचार के मामले उनकी अदालत से अन्यत्र भेजने का निर्देश जारी कर दिया। सुप्रीम कोर्ट के इस निर्देश के बाद अब यह सवाल उठ गया है कि इस मामले में उनके द्वारा दिए गए सभी निर्णयों का क्या होगा?

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के कार्यवाहक

» पेज 2 भी देखें

## शहर >> अपडेट

### मन की बात अब लोग सुन नहीं रहे है : कांग्रेस

रांची: 30 अप्रैल को होने जा रहे प्रधानमंत्री के मन की बात 100वीं एपिसोड की सूचना फैलाने के लिए पूरी भाजपा और प्रधानमंत्री के शक्तिशाली पीआर मशीन का मजबूती से लगना यह दशार्ता है कि देश की जनता अब मन की बात से उब चुकी है। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने तंज कसते हुए कहा कि देश की जनता महंगाई से बेहाल है। देश की अर्थव्यवस्था डामाडोल है, निम्नवर्गीय परिवार के बच्चों को दूध नसीब नहीं हो रहा है लेकिन यह बेशर्मी की बात है कि भाजपा 100 एपिसोड को महोत्सव के रूप में मना रही है। यह देश की जनता का उपहास उडाने जैसी बात है। उन्होंने कहा कि अब मन की बात कोई नहीं सूनना चाहता है देश और राज्य की जनता यह सूनना चाहती है कि पेट्रोल डीजल रसोई गैस के दाम कम हुए कि नहीं। नीरव मोदी, ललित मोदी, विजय माल्या जैसे भगोड़ो पर ईडी और सीबीआई ने क्या कारवाई की। प्रदेश महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने कहा कि उम्मीद है कि 1 से 99 एपिसोड पर प्रधानमंत्री जी ने इन मुद्दों पर कोई बात नहीं की लेकिन कम से कम 100वें एपिसोड में महंगाई, बेरोजगारी, अड़ानी, चीन, सत्यपाल मल्लिक के खुलासे, किसानों की एमएसपी जैसे मुद्दे पर अगर अपनी बात रखते हैं तो देश की जनता थोडी देर सुन भी लें।

## शुभारंभ > राज्यवासियों के लिये एयर एंबुलेंस सेवा शुरू, मुख्यमंत्री ने कहा

# स्वास्थ्य सेवा सबके लिये बराबर होना चाहिए : हेमंत

- कोरोनाकाल ने बहुत कुछ सिखाया है:सीएम
- कितने ही जवानों को एयरलिफ्ट कर अस्पताल पहुंचाया गया
- आज वो जवान अपनी ड्यूटी पर तैनात हैं





**इसके लिए दो नंबर 8210594073 और 0651-4665515 पर कॉल कर सकते हैं**

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** मुख्यमंत्री शुक्रवार को एयर एंबुलेंस सेवा का शुभारंभ करने के बाद लोगों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि लोगों को तत्काल सेवा मुहैया हो सके सरकार ऐसा प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में एयर एंबुलेंस सेवा शुरू की गयी है। सबके लिये स्वास्थ्य सेवा बराबर होना चाहिए, चाहे वो कोई भी हो। सीएम ने कहा कि कई बार ऐसा होता है कि मरीज की स्थिति काफी खराब हो जाती है लेकिन अस्पताल ले जाते वक्त दम तोड़ देते हैं। सरकार ने यह सुविधा इसलिए शुरू की है कि मरीज या दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल लोगों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि कितने ही जवानों को एयरलिफ्ट कर अस्पताल पहुंचाया गया आज वो जवान अपनी ड्यूटी पर तैनात हैं। उन्होंने कहा कि कोरोनाकाल ने बहुत कुछ सिखाया है। आपातकाल में कई नयी व पुरानी चीजें समझने को मिलती हैं। आज यह सेवा लाकर लोगों को किफायती दर पर दूसरे राज्य के बेहतर अस्पताल में इलाज हो सकेगा।

कई जिले जैसे धनबाद, दुमका, गढ़वा व गिरिडीह में एयरपोर्ट है और वहां ट्रायल भी हो चुका है। वहां रनवे बनाने का भी निर्देश दिया चुका है। उन्होंने कहा कि बेहतर प्रयास से बेहतर चीजें निकलकर सामने आती है। मौके पर मंत्री बादल, बन्ना गुप्ता, विधायक इरफान अंसारी के अलावा विनय चौबे, अरुण कुमार समेत विभाग के कई पदाधिकारी मौजूद थे।ऐसे ले सकते हैं सेवाः अगर आपको एयर एंबुलेंस की जरूरत पड़ती है तो आप फोन पर या फिर ई-मेल के जरिए इसे पा सकते हैं।

**जानिए कहां जाने के लिए कितने पैसे लगेंगे**

एयर एंबुलेंस के लिए रांची से दिल्ली का किराया 5 लाख रु होगा। रांची से मुंबई जाने के लिए 7लाख रु देने होंगे। रांची से चेन्नई के लिए 8 लाख, रांची से कोलकाता के लिए 3 लाख खर्च करने पड़ेंगे, रांची से हैदराबाद के लिए 7 लाख लगेंगे, रांची से बनारस इलाज के लिए जाने के लिए 3लाख 30 हजार रुपए देने होंगे। वहीं, रांची से लखनऊ के लिए 5लाख रु लगेंगे। जबकि, रांची से तिरुपति के लिए 8 लाख रु देने होंगे। इसके अलावा देश के किसी दूसरे हिस्से के लिए एयर एंबुलेंस की सुविधा लेने पर प्रति घंटा 1 लाख10 हजार एक्स्ट्रा देना होगा।

**कहां कहां मिलेगी सेवा**

रांची में रांची के अलावा धनबाद, दुमका, देवघर, बोकारो, जमशेदपुर और गिरिडीह से यह सेवा मिलेगी। कंफर्म करने पर 2 घंटे के भीतर एयर एंबुलेंस आपके लिए उड़ान भरने को तैयार रहेगा। इस सेवा में अच्छी बात यह है कि री-शेड्यूल करने की भी सुविधा मिलेगी। एयर एंबुलेंस में तमाम जरूरी उपकरणों के साथ चिकित्सक की भी सुविधा मिलेगी।

## सीएम ने लिंगराज मंदिर का दर्शन किए



रांची: मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ओडिशा दौरे के क्रम में आज भुवनेश्वर स्थित प्राचीन और ऐतिहासिक लिंगराज मंदिर के दर्शन किए। इस मौके पर उन्होंने अपनी धर्मपत्नी कल्पना सोरेन संग पूरे विधि- विधान से भगवान त्रिभुवनेश्वर (शिव) की पूजा-अर्चना कर झारखंड और झारखंड वासियों के प्रगति, सुख -शांति- समृद्धि, खुशहाली और स्वस्थ जीवन की कामना की। मुख्य सचिव सुखदेव सिंह और मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे ने भी मंदिर में शीश नवाकर आशीर्वाद लिया।

## पेज एक का शेष

### पुलिस ने कहा आज ही .. ..

खिलाफ लगे सभी आरोपों से इनकार किया। एक वीडियो में उन्होंने भावुक संदेश जारी कर कहा, दोस्तों, जिस दिन मैंने पाया या खोया, उस दिन मैं आत्मविश्लेषण करूंगा और महसूस करूंगा कि मुझमें अब लड़ने की ताकत नहीं है, जिस दिन मैं खुद को असहाय महसूस करूंगा, मैं मृत्यु की कामना करूंगा, क्योंकि मैं जीवित नहीं रहूंगा। ऐसा जीवन। ऐसा जीवन जीने के बजाय, मैं चाहूँगा कि मृत्यु मुझे अपने आलिंगन में ले ले। दूसरी तरफ प्रदर्शनकारियों ने क्रिकेटरों और अन्य खिलाड़ियों की चुप्पी पर भी सवाल उठाया जिसके बाद कपिल देव, इरफान पठान और नीरज चोपड़ा प्रदर्शनकारियों के समर्थन में उतरे।

बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी शुक्रवार को राष्ट्रीय महासंघ के प्रमुख बृज भूषण शरण सिंह द्वारा पहलवानों पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाने, एथलीटों को 'हमारे देश का गौरव' कहने और उनके लिए न्याय की मांग करने वाले पहलवानों के समर्थन में आवाज उठा रही हैं।

दिल्ली सरकार के मंत्री सौरभ भारद्वाज और आतिशी भी पहुंचे। आतिशी ने जंतर मंतर पहुंचकर पहलवानों से बातचीत की। उन्होंने पहलवानों से बातकर नारेबाजी भी की। मंत्री आतिशी के साथ-साथ मंत्री सौरभ भारद्वाज भी जंतर मंतर पहुंचे।

### नाराज बाघ के हमले .. .. ..

लाएगी? एक अन्य ने कहा, सफारी संख्या को कम करने की जरूरत है - दैनिक आधार पर और कुछ हफ्तों तक कोई सफारी नहीं! एक तीसरे ने लिखा, ह्यदुर्भाग्यपूर्ण है कि हम लोग न जंगल में जानवरों को रहने देते हैं और न ही जंगल के बाहर।

### दलाली की शिकायत पर .. .. ..

ने बताया कि समूह ने पिछले 6-7 वर्षों में चैरिटी संगठनों को 100 करोड़ रुपये से अधिक का दान दिया है। उन्होंने कहा कि जब राय ने उन्हें यूथ रूरल एंटरप्रेन्योर फाउंडेशन से मिलवाया था, तो उन्होंने दावा किया था कि वह औपचारिक रूप से इससे जुड़े नहीं थे। शिकायत में यह भी कहा गया है कि राय कई कंपनियों के निदेशक रहे हैं, जिन्होंने बैंक भुगतानों में चूक की है। इस बीच, अहमदाबाद में, भारतीय स्टेट बैंक ने गुरुवार को समाचार पत्रों में एक नोटिस छपवाया जिसमें संजयप्रकाश बालेश्वर राय को विलफुल डिफॉल्टर घोषित किया गया। जिनका कुल बकाया 349.12 करोड़ रुपये से अधिक था। आरोप लगाया गया है कि राय प्रधानमंत्री और केंद्रीय मंत्रियों के साथ सोशल मीडिया पर अपनी तस्वीरें पोस्ट करते थे और इन पोस्ट का इस्तेमाल कर भौतिक लाभ कमाते थे।

### दिमासा नेशनल लिबरेशन आर्मी .. ..

डेवलपमेंट पैकेज बनाएंगी, जो अगले पांच साल में एनसीएचएसी और राज्य के अन्य हिस्सों में रहने वाले दिमासा लोगों की भलाई के लिए खर्च किए जाएंगे। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व सरमा और गृह मंत्रालय के कुछ शीर्ष अधिकारी समझौते पर हस्ताक्षर के दौरान मौजूद रहे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने असम के दीमा हसाओ जिले में सक्रिय जनजातीय उग्रवादी समूह दिमासा नेशनल लिबरेशन आर्मी (डीएनएलए) के हिंसा छोड़ मुख्यधारा में शामिल होने के फैसले को पूर्वोत्तर में शांति और प्रगति के लिए बहुत अच्छी खबर बताया। इस संबंध में शाह की ओर से किए गए एक ट्वीट के जवाब में मोदी ने कहा कि पूर्वोत्तर की प्रगति और शांति के लिए यह बहुत अच्छी खबर है।

### भारत ही नहीं दूसरे .. ..

है। यूनिवर्सिटी ऑफ ब्रिस्टल कैबोट इंस्टीट्यूट फॉर द एनवायरनमेंट के प्रमुख लेखक, जलवायु वैज्ञानिक डॉ विक्की थॉम्पसन ने कहाः चूंकि हीटवेव अधिक बार हो रही हैं, इसलिए लोगों को बेहतर तरीके से तैयार रहने की आवश्यकता है। हम उन क्षेत्रों की पहचान करते हैं जो अब तक भाग्यशाली रहे होंगे। इनमें से कुछ क्षेत्रों में तेजी से आबादी बढ़ रही है, कुछ विकासशील देश हैं, कुछ पहले से ही बहुत गर्म हैं। हमें यह पूछने की जरूरत है कि क्या इन क्षेत्रों के लिए गर्मी की कार्य योजना पर्याप्त है। आबादी और प्रदूषण बढ़ने की वजह से ही गर्मी बढ़ती है। इस खतरे को भांपने के लिए शोधकताओं ने अत्यधिक मूल्य के आँकड़ों का उपयोग किया। यह विश्व के स्तर पर उन क्षेत्रों को इंगित करने के लिए जहां तापमान रिकॉर्ड जल्द से जल्द टूटने की संभावना है और समुदायों के परिणामस्वरूप सबसे बड़ा खतरा है अत्यधिक गर्मी का अनुभव करना। शोधकताओं ने यह भी आगाह किया कि सांख्यिकीय रूप से असंभव चरम सीमाएं, जब वर्तमान रिकॉर्ड हाशिये से टूट जाते हैं जो तब तक असंभव लगते थे, जब तक वे घटित नहीं होते, कहीं भी हो सकते हैं। गर्मी के मौसम में गर्म रहने वाले देशों के लोगों को इसका अनुभव है लेकिन खतरा उन इलाकों में भी है, जहां आम तौर पर अधिक गर्मी नहीं पड़ती है। दुनिया भर में कुछ सबसे अप्रत्याशित हीटवेव देखी हैं, जो दसियों में गर्मी से संबंधित मौतों का कारण बनती हैं। हजारों की। इस अध्ययन में, हम दिखाते हैं कि इस तरह की रिकॉर्ड तोड़ घटनाएं कहीं भी हो सकती हैं। दुनिया भर की सरकारों को तैयार रहने की जरूरत है।

### सुप्रीम कोर्ट ने राज्य से मिली .. ..

मुख्य न्यायाधीश को निर्देश देते हुए कहा कि जस्टिस गंगोपाध्याय की नियुक्ति से जुड़े मामलों की सुनवाई के लिए दूसरे जज की नियुक्ति की जाए। इसे केवल तृणमूल सांसद अभिषेक बनर्जी द्वारा दर्ज मुकदमे से हटाया गया है या भर्ती से जुड़े सभी मामलों से, यह आदेश की प्रति आने पर स्पष्ट होगा। जस्टिस गंगोपाध्याय ने स्कूल भर्ती भ्रष्टाचार मामले की सुनवाई के दौरान एक टीवी चैनल को इंटरव्यू दिया। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने जो कहा उसे सुनकर जज किसी भी तरह से टीवी चैनलों को अपने पेंडिंग मामलों को लेकर इंटरव्यू नहीं दे सकते। अगर उन्होंने इंटरव्यू दिया है तो उन्होंने केस की सुनवाई का अधिकार खो दिया है। ऐसे में नए जज को जिम्मेदारी दी जानी चाहिए। शुक्रवार को ऐसा ही हुआ। जस्टिस गंगोपाध्याय के आदेश पर, स्कूलों के विभिन्न स्तरों पर कार्यरत कई लोगों ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस अनिरुद्ध बोस और जस्टिस सुधांशु धूलिया की बेंच ने उन सभी मामलों की सुनवाई की। बेरोजगारों की ओर से वकील मुकुल रोहतगी ने सुनवाई टालने के लिए अर्जी दी और कहा कि प्रधान न्यायाधीश शुक्रवार को इस मामले में फैसला करेंगे। उसके बाद हाईकोर्ट के जज के फैसले के खिलाफ सुनवाई होनी चाहिए। चीफ जस्टिस ने साफ इशारा किया कि अगर कोई जज किसी लंबित मामले पर इंटरव्यू देता है तो वह मामले की सुनवाई का अधिकार खो चुका है। शुक्रवार को यह भविष्यवाणी सच हुई।

## रौनियार समाज को पिछड़ी जाति की सूची में शामिल करे : डा ए के गुप्ता



राष्ट्रीय खबर

**रांची :** आल इंडिया रौनियार वैश्य समाज द्वारा रौनियार वैश्य समुदाय के लोगों का उत्पीड़न शोषण आरक्षण राजनीति हिस्सेदारी हक व अधिकार को लेकर देश के समस्त राज्यों जिलों शहरों गांव गांव में चलाया जा रहा जन जागरूकता एवं जनसंपर्क महा अभियान कार्यक्रम का असर देश के समस्त राज्यों जिलों शहरों नगरों में दिखना शुरू हो गया, लोगों में सक्रियता व जागरूकता तेजी से बढ़ी है लोग आगे आ रहे हैं जिसका परिणाम अब लोगों के बीच दिखने लगा है समाज के लोगों का आगे आना समाज के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। उक्त बातें ऑल इंडिया रौनियार वैश्य समाज के संस्थापक/अध्यक्ष डॉ ए के गुप्ता (रौनियार) ने कही।

संस्थापक/अध्यक्ष डॉ ए के गुप्ता (रौनियार) ने कहा कि रौनियार वैश्य समुदाय के लोग बड़े पैमाने पर सभी राज्यों में निवास करते हैं वैश्य समुदाय एक ऐसा समुदाय है जिसके सहारे व्यापार एवं पार्टियों की राजनीति चलती है, उसके बाद भी वैश्य समुदाय के लोगों की उत्पीड़न किया जा रहा है।

### झारखंड में गैरभाजपा दलों को एकजुट करने में जुटा जदयू

## खीरू महतो ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से की मुलाकात

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** 2024 के चुनावी जंग को लेकर गैर भाजपा दलों को एकजुट करने करने की कवायद तेज हो गई है। इसकी आहट झारखंड में भी सुनाई देने लगी है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आह्वान पर झारखंड जदयू के प्रदेश अध्यक्ष और राज्य सभा सांसद खीरू महतो ने गुरुवार (27 अप्रैल) को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। प्रोजेक्ट भवन में हुई मुलाकात के दौरान जदयू प्रदेश अध्यक्ष खीरु महतो के साथ जदयू के प्रदेश महासचिव श्रवण कुमार और प्रदेश प्रवक्ता सागर कुमार मौजूद थे। मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद खीरु महतो ने कहा कि बैठक में राज्य में चल रहे विकास कार्य के साथ-साथ, 2024 में होनेवाले लोकसभा चुनाव को लेकर विस्तार से चर्चा हुई।

## कर्नाटक के सात सीटों की जिम्मेदारी झारखंड के नेताओं को



राष्ट्रीय खबर

**रांची :** कर्नाटका में होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर झारखंड से कई वरिष्ठ कार्यकताओं को प्रदेश संगठन ने चुनाव प्रचार अभियान में सहयोग के लिए भेजा है। उत्तरी कर्नाटका के गुलबर्ग जिला के अंतर्गत आने वाली 7 सीटों में उत्तरी गुलबर्गा एवं दक्षिणी गुलबर्गा का प्रभार गोड्डा के सांसद श्री निशिकांत दुबे को दिया गया है। आलंद विधानसभा का प्रभार बोकारो के विधायक श्री बिरंचि नारायणको दिया गया है। गुलबर्गा ग्रामीण सीट का प्रभार कोडरमा की विधायिका श्रीमती नीरा यादव को दिया गया है। राज्यसभा के सांसद श्री आदित्य साहू को चित्तापुर सीट का प्रभार एवं पूर्व सांसद अजय मारू को चिंचोली विधानसभा सीट का प्रभार दिया गया है। सेडम सीट को चतरा के सांसद श्री सुनील सिंह देख रहे हैं।

### विश्व का सर्वाधिक लोकप्रिय जनसंवाद कार्यक्रम है मन की बात : दीपक प्रकाश

## यह सामाजिक आंदोलन का अस्त्र ,उत्प्रेरक है

- 30 अप्रैल को 3.5 लाख बूथों पर सुनेंगे लोग
- देश की साढ़े तीन करोड़ जनता का जुड़ाव
- राज्य में 9000 स्थानों पर होगा कार्यक्रम

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** भाजपा प्रदेश एवम सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से जनता से सीधा संवाद विश्व का सर्वाधिक लोकप्रिय गैर राजनीतिक संवाद कार्यक्रम है। श्री प्रकाश आज प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश के प्रभावशाली व्यक्तित्व,विचार,संस्कृति,संस्कार, प्रगति को संवाद के माध्यम से दुनिया के सामने लाने का अनूठा कार्यक्रम भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने 30अक्टूबर 2014को विजयादशमी पर्व के शुभ अवसर पर प्रारंभ किया। निर्विघ्न रूप से प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को आगे बढ़ता यह कार्यक्रम आगामी 30अप्रैल रविवार को अपना 100 वें संस्करण में प्रवेश कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत की जनता इसे महोत्सव के रूप में मनाएगी। यह ऐतिहासिक कार्यक्रम विश्व रिकॉर्ड बनाएगा।

उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में सभी वर्ग,समाज, जाति,समुदाय,संप्रदाय के लोग शामिल होंगे। साथ ही इस कार्यक्रम में अलग अलग स्थानों पर ग्राम पंचायत से लेकर विधानसभा और संसद केलिए निर्वाचित जन प्रतिनिधि,पूर्व प्रतिनिधि,पार्टी के बूथ स्तर से लेकर राष्ट्रीय पदाधिकारी अपने अपने क्षेत्र में निर्धारित स्थानों ,बूथों पर आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि पूरे देश में 3.50लाख बूथों पर 3.50करोड़ लोग शामिल होंगे।

### विधायक सरयू राय ने फिर लिखा एसएसपी को पत्र,

## पुलिसिया जांच की मांगी जानकारी

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** मंत्री बन्ना गुप्ता के वायरल वीडियो मामले को लेकर जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने एसएसपी जमशेदपुर को एक बार फिर पत्र लिखा है। पत्र के माध्यम से विधायक सरयू राय ने जानकारी लेनी चाही है कि अभी तक इस मामले में पुलिस ने क्या कार्रवाई की। पत्र के माध्यम से उन्होंने आशंका जाहिर की है कि उन्हें समाचार पत्रों के माध्यम से जानकारी मिल रही है कि इस मामले में दर्ज प्राथमिकी को जमशेदपुर पुलिस ने न्यायालय में भेज दिया है। इस बारे में पुलिस ने जांच को सार्वजनिक नहीं किया है।उन्होंने कहा है कि क्योंकि यह वीडियो राज्य सरकार के स्वास्थ्य मंत्री से संबंधित है, जो जमशेदपुर पश्चिम से विधायक हैं और इस मामले की प्राथमिकी भी उन्हीं के द्वारा पुलिस को भेजे गए एक पत्र के आधार पर दायर की गयी है, इसलिए जांच के आधार स्पष्ट होना जरूरी है।विधायक सरयू राय ने कई अहम बिंदुओं पर दिलाया ध्यानः विधायक सरयू राय ने एसएसपी को लिखे पत्र में कई बिंदुओं पर ध्यान दिलाया है। उन्होंने एसएसपी को लिखे पत्र के माध्यम से दावा किया है कि उस 21 सेकेंड के वीडियो रिकॉर्डिंग में कोई काट-छांट की गई हो, ऐसा नहीं लग रहा है। उन्होंने इसके साथ ही कई सवाल पूछे हैं। उन्होंने कहा कि वीडियो जारी कर सफाई देने वाली महिला से पुलिस को पूछना चाहिए कि वह कौन है? कहां रहती है? उसका पति कौन है? उसने अपने पति के साथ यह वीडियो चैट कब किया है? क्या वह अपने पति के साथ अक्सर ऐसी चैटिंग करती रहती है? इस चैटिंग में वह यह नहीं बता रही है कि उसने अपने पति के साथ हुई चैटिंग में अपनी ओर से जिस मोबाईल फोन का इस्तेमाल किया है उसका नंबर क्या है?

## सियासत > वीडियो चैट विवाद का असली छोर कहां है

# भाजपा और कांग्रेस दोनों खेमों में राजनीतिक चुप्पी

- बन्ना गुप्ता वनाम सरयू राय की बयानबाजी
- भाजपा के सीपी सिंह भी बाल बाल बचे हैं
- निशिकांत दूबे को कैसे मिली जानकारी

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** एक कथित अश्लील वीडियो चैट के मामले में ही झारखंड की राजनीति उलझी हुई है। मजेदार और गौर करने वाली बात यह है कि आम तौर पर हर मुद्दे पर बयान देने वाले भाजपा और कांग्रेस नेता इस विवाद में चुप्पी साधे हुए हैं। इससे साफ हो जाता है कि दरअसल यह राजनीतिक दांव पेंच का खेल है। इस अखाड़े में भाजपा का कौन नेता दरअसल भाजपा के साथ है और कौन कांग्रेसी दरअसल कांग्रेस के साथ है, इसकी परख राज्य सरकार भी कर लेना चाहती है।

संक्षेप में कहें तो स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता का वह कथित वीडियो भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने पहली बार सार्वजनिक किया। अब तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि उन्हें यह जानकारी किस माध्यम से मिली। दूसरी तरफ यह जानकारी बाहर आते ही सरयू राय ने बन्ना गुप्ता पर आरोपों की बौछार कर दी। स्वाभाविक तौर पर दोनों तरफ से शिष्टाचार की सीमा टूटी है। लेकिन असली बात कोई भी खुलकर नहीं बोल रहे हैं।

अंदरखाने की सूचना के मुताबिक बन्ना गुप्ता का मन डोल गया था और वह इनदिनों रघुवर दास के नजदीक जाकर भाजपा में अपना ठौर तलाशने का काम कर रहे थे।

दूसरी तरफ रघुवर दास भी बन्ना गुप्ता को आगे रखकर अपने लिए सबसे बड़ी परेशानी बने सरयू राय को निपटाना चाह रहे हैं। राजनीति के धुरंधर खिलाड़ी सरयू राय को इस बात की जानकारी होने के बाद उन्होंने ऐसी किसी कोशिश को प्रारंभ में ही निपटा देने की योजना पर अमल किया है। यही वजह से है कि कांग्रेस और भाजपा के दूसरे नेता इस मुद्दे पर बयान देने से बच रहे हैं। दूसरी तरफ रांची के विधायक सीपी सिंह के साथ ही ऐसा हो सकता था। जिसकी शिकायत पुलिस में दर्ज होने के बाद भाजपा की तरफ से कार्रवाई की मांग की गयी है।

इन दोनों खेमों की इस स्थिति के बीच राज्य सरकार भी पूरी स्थिति पर नजर रख रही है। भरोसेमंद सूत्रों की मानें तो खुद हेमंत सोरेन को भी बन्ना गुप्ता कांग्रेस में रहेंगे या रघुवर दास की पहल पर भाजपा में चले जाएंगे, इस पर संशय है। यही वजह है कि यह पूरा मुद्दा उस पर्दे के पीछे ढंक गया है, जिसकी असलियत झारखंड की राजनीति में उथलपुथल कराने की कोशिश है। दरअसल भाजपा के अंदर भी अनेक लोग ऐसे हैं, जो रघुवर दास को पसंद नहीं करते। इसलिए उनकी पहल को दूसरों का समर्थन नहीं मिल रहा है। दूसरी तरफ निशिकांत दुबे को रघुवर दास का विरोधी माना जाता है। इसलिए समझा जाता है कि रघुवर दास के राजनीतिक प्रयास पर मट्ठा डालने का काम उन्होंने कर दिया है।

राष्ट्रीय खबर हमारी नज़र



web : www.rashtriyakhabar.net
epaper.rashtriyakhabar.com

**शहर >> अपडेट**

### महाप्रबंधक ग्रेड में मिली प्रोन्नति

**रांची:** कोल इंडिया के कई अधिकारियों को महाप्रबंधक के पद पर प्रोन्नति दी गई है। साक्षात्कार के बाद प्रबंधन ने उनकी अनुशंसा कर दी है। इस बावत प्रोन्नति आदेश शीघ्र ही जारी हो जायेगा। वित्त संवर्ग के ई-7 ग्रेड के अधिकारियों को ई-8 ग्रेड में प्रोन्नति दिया जायेगा। इसके लिये प्रबंधन की ओर से 27 अप्रैल को साक्षात्कार आयोजित किया गया था। साक्षात्कार के बाद कुछ कोयला अधिकारियों को तय मापदंड के आधार पर शॉट लिस्ट किया गया है। प्रोन्नति पाने वाले अधिकारी सीआईएल की विभिन्न सहायक कंपनियों के अधिकारी है। जीएम बनने वाले अधिकारियों को वेतन, ग्रेच्यूटी, पेंशन, लिव इनकैशमेंट सहित कई तरह के आर्थिक लाभ भी मिलेगा।

**लापरवाही**

कोविड जांच का निर्देश कागजों में सिमटा

# झारखंड में कोरोना संक्रमितों की संख्या नौ दिनों में हुई दोगुनी

- सूबे के 20 जिले कोरोना की चपेट में
- सक्रिय मरीजों की संख्या बढ़कर हुई 511
- संक्रमित क्षेत्रों से आने वाले यात्रियों की नहीं हो रही जांच
- कोविड जांच का निर्देश कागजों में सिमटा



राष्ट्रीय खबर

**रांची :** झारखंड में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। बीते 9 दिनों के अंदर राज्य में संक्रमण की रफ्तार दोगुनी हो गयी है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी आंकड़े के मुताबिक 18 अप्रैल को जहां राज्य भर में कुल 226 संक्रमित थे, वहीं 27 अप्रैल को संक्रमित मरीजों की संख्या बढ़कर 511 हो गयी है। इधर, 9 अप्रैल को स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता की अध्यक्षता में नेपाल हाउस में बैठक की गई थी। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुई इस बैठक में राज्य के सभी जिले के उपायुक्त और सिविल सर्जन भी जुड़े थे। स्वास्थ्य मंत्री ने कोरोना प्रभावित राज्य (केरल, महाराष्ट्र, दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़, ओड़िशा, राजस्थान, तमिलनाडु) से झारखंड आने वाले लोगों की कोविड जांच कराने का निर्देश दिया था।, लेकिन यह निर्देश कागजों में ही सिमट कर रह गया। जानकारी के मुताबिक कोरोना जांच के लिए मैन पावर की घोर कमी है। जिस कारण यह व्यवस्था कायम नहीं हो सकी है। एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर कोविड जांच नहीं हो रही है।रिम्स के जेनेटिक्स एंड जिनोमिक्स विभाग में कोरोना संक्रमितों के सैंपल की जीनोम सीक्वेंसिंग शुरू की गयी है। जबकि 12 कोरोना संक्रमितों के सैंपल को सीक्वेंसिंग के लिए आईएलएस लैब भुवनेश्वर भेजा गया है।

हालांकि रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। जिलों में कोरोना के सक्रिय मरीज की संख्या। बोकारो में 08, चतरा में 01, देवघर में 25, धनबाद में14, पूर्वी सिंहभूम में 243, गढ़वा में 01, गिरिडीह में 07, गोड्डा में 04, गुमला में 06, हाजरीबग में10, खूंटी में 03, कोडरमा में 02, लातेहार में 16, लोहरदगा में 31, पलामू में12, रामगढ़ में 03, रांची में 86, सरायकेला में 20, सिमडेगा में 10 तथा पश्चिम सिंहभूम में10 सक्रिय मरीज हैं।

**न्यूज फटाफट**

### डीएसपीएमयू में आजसू छात्र संघ ने किया हंगामा



**रांची :** डॉ श्याम प्रसाद मुखर्जी विवि (डीएसपीएमयू) के सीए और आईटी डिपार्टमेंट में 70 फीसदी छात्रों के फेल होने का मामला सामने आया है। इसके विरोध में आजसू छात्र संघ ने विवि परिसर में हंगामा किया। छात्रों का आरोप है कि मैथ की परीक्षा में 70 फीसदी छात्रों को फेल कर दिया गया है। यही हाल जनसंचार विभाग का भी है। यहां भी बड़ी संख्या में छात्रों के फेल होने का मामला सामने आया है। इसे लेकर छात्रों ने वोकेशनल बिल्डिंग के समक्ष करीब चार घंटे तक विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने छात्रों को समझा-बुझाकर कॉन्फ्रेंस हॉल में बैठाया, और उनसे सारा कुछ लिखित में मांगा।डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि 500 स्टूडेंट्स में 20 के फेल होने की बात सामने आ रही है। इसका डाटा विभाग और एग्जामिनेशन डिपार्टमेंट से मंगवाया गया है। मूल्यांकन कर समस्या का समाधान कराया जाएगा। छात्र-छात्राओं को परेशान नहीं होने देंगे और ना ही इनका ईयर बैक लगने देंगे। पहले इसकी पूरी जांच करके जल्द से जल्द समाधान करेंगे। हमारे पास छात्र-छात्राएं आए थे। इन लोगों को हमने कहा है कि अपना रोल नंबर और अन्य डिटेल्स हमें दें।

### सूबे के कुछ जिलों में एक मई को होगी ओलावृष्टि

**रांची:** राजधानी सहित आसपास के जिलों में पिछले कुछ दिनों में हुई बारिश के बाद अब तापमान बढ़ने की संभावना है। मौसम विभाग की ओर से जारी पूर्वानुमान के मुताबिक आने वाले तीन दिनों के दौरान तापमान में वृद्धि होगी। इस दौरान राज्यभर में गर्मी बढ़ने की संभावना विभाग ने व्यक्त है। विभाग की माने तो 28 व 29 अप्रैल तक तापमान बढ़ने की संभावना नहीं है। इस दौरान राज्य के उत्तरी हिस्सें में बारिश होने की संभावना है। इस अवधि में राज्य के अधिकांश इलाकों में बादल छाये रहेंगे। हालांकि इसके बाद तापमान में धीरे-धीरे चार डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि की बात कही गयी है। शनिवार को उत्तरी और मध्य भाग में बारिश की बात कही गयी है। इस दौरान बोकारो, रामगढ़, हजारीबाग, रांची, पाकुड़, साहेबगंज, चतरा, पलामू, लातेहार जिले में बारिश की संभावना व्यक्त की गयी है। हालांकि शुक्रवार को भी विभाग ने कुछ जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया था। एक मई को ओलावृष्टि की संभावना विभाग की व्यक्त की है। दो मई तक राज्य में बादल छाये रहेंगे। इस दौरान कुछ इलाकों में धूप भी रहेगा, वहीं धीरे-धीरे तापमान में वृद्धि दर्ज की जायेगी। जिससे लोगों को गर्मी का एहसास होगा। हालांकि कुछ इलाकों में हल्के दर्जे की बारिश होगी। वहीं एक मई को राज्य के कुछ इलाकों में ओलावृष्टि की बात कही गयी है। इस दौरान थंडरिंग के साथ 30 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवायें चलेंगी। विदित हो कि राज्य में 20 अप्रैल से जारी बारिश और बादल छाये रहने की वजह से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। इससे पहले राज्य के अधिकांश जिलों में तापमान 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। वहीं बारिश और ठंडी हवाओं की वजह से तापमान में पांच डिग्री सेल्सियस तक की कमी दर्ज की गयी। विभाग ने एक मई को राज्य की राजधानी रांची, बोकारो, गुमला, हजारीबाग, खूंटी, सिमडेगा, सरायकेला खरसांवा, पलामू, गढ़वा, चतरा, कोडरमा, लातेहार में बारिश की संभावना व्यक्त की गयी है।

4 जिलों में बनेगा 50-50 बेड का क्रिटिकल केयर ब्लॉक

## मरीजों को तत्काल मिलेगा इलाज




राष्ट्रीय खबर

**रांची:** स्वास्थ्य सेवाओं को दुरुस्त करने को लेकर विभाग रेस है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय भी कई तरह से राज्य को सहयोग कर रहा है, जिससे कि यहां के लोगों को इलाज के लिए कहीं और जाने की जरूरत न हो। इसी कड़ी में केंद्र संपोषित प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन योजना अंतर्गत चार जिलों में क्रिटिकल केयर ब्लॉक का निर्माण कराया जाएगा। जहां पर इमरजेंसी से निपटने के इंतजाम होंगे। वहीं लाइफ सेविंग ड्रग्स भी मौजूद रहेंगे। जिससे कि गंभीर मरीजों को बेहतर इलाज मुहैया कराया जाएगा।वेस्ट सिंहभूम, जामताड़ा, शेख भिखारी मेडिकल कालेज हजारीबाग और लातेहार में 50-50 बेड के क्रिटिकल केयर ब्लाक बनाए जाएंगे। एक-एक ब्लाक के लिए 23 करोड़ 75 लाख रुपए राशि स्वीकृत की गई है।

## झारखंड में बेमौसम बारिश और तेज हवा से आम और लीची की बागवानी पर प्रतिकूल असर



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** झारखंड में एक तरफ इन दिनों बारिश और तेज हवा चलने से लोगों को प्रचंड गर्मी से राहत मिली है, वहीं मौसम का प्रतिकूल असर आम और लीची की बागवानी पर पड़ा है। इस संबंध में उद्यान निदेशालय की सहायक निदेशक डॉ अस्मिता ने कहा कि तेज हवा की वजह से जहां आम की फसल में फ्रूट ड्रॉपिंग काफी मात्रा में हुई है, वहीं लीची की फसल में क्रैकिंग की समस्या उत्पन्न हो गई है। उन्होंने कहा कि पिछले तीन-चार दिनों से मेघगर्जन, तेज हवा और बारिश की वजह से आम और लीची की फसल पर प्रतिकूल असर पड़ा है। इस वजह से बागवानी करने वाले किसानों को आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ सकता है।आम के बंपर उत्पादन की थी उम्मीदः उद्यान निदेशालय की सहायक निदेशक डॉ अस्मिता ने बताया कि पिछले वर्ष मार्च में हुई बारिश की वजह से फ्रूट सेटिंग ठीक से नहीं हुई थी और आम का उत्पादन 30% तक कम हुआ था। वहीं इस वर्ष मार्च महीने में बारिश नहीं होने से अच्छी फ्रूट सेटिंग हुई थी, लेकिन तेज हवा के साथ बारिश और कहीं कहीं ओलावृष्टि से आम को नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि अगात किस्म के आम के काफी फल तेज हवा में झड़ गए। वहीं लेट से तैयार होने वाली आम की प्रजातियों में मटर के दाने जैसे फल झड़ गए हैं।झारखंड में 55 हजार हेक्टेयर में होती है आम की बागवानीः सरकारी आंकड़े के अनुसार झारखंड में लगभग 55 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में आम की बागवानी की जाती है। राज्य में लगभग चार लाख, आठ हजार टन आम का उत्पादन होता है। वहीं करीब चार हजार हेक्टेयर में लीची की बागवानी की जाती है। राज्य में लीची का करीब 65000 टन उत्पादन होता है।

सोनू सूद की तरह झारखंड में भी सेवा में नया रिकार्ड बनाया

## बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद से मिला सुजीत उपाध्याय



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** नाम -सुजीत उपाध्याय, उम्र -मात्र 28 वर्ष और बस इतनी छोटी सी उम्र में ही, इस युवा ने इस छोटे से राज्य झारखण्ड में अपनी एक अलग विशिष्ट पहचान बना ली है। झारखण्ड के लोग उसे सुजीत उपाध्याय के नाम से नहीं, बल्कि उसे 'सोनू सूद' के नाम से पुकारने लगे हैं। दरअसल सोनू सूद मुंबई में रहते हैं। सुप्रसिद्ध फिल्म अभिनेता हैं। इन दिनों जरुरतमंदों के लिए काफी सक्रिय रहते हैं। कई बार झारखण्ड के लोगों को भी उन्होंने आर्थिक व अन्य मदद पहुंचाई है। ठीक इसी प्रकार सुजीत उपाध्याय ने भी धर्म व जाति की दीवारों को ढहाकर मानव मात्र की सेवा में खुद को लगा दिया है। जिसका प्रभाव यह पड़ा कि खुद सोनू सूद भी इनसे मिले बिना नहीं रह पाये, जब दोनों एक दूसरे से मिले, तो यह पल झारखण्डवासियों के लिए देखनेलायक था। सचमुच, सुजीत ने सेवा की एक लंबी लकीरें खींची है। जिसको झारखण्डवासियों ने देखा व महसूस किया। जब देश कोरोना से जूझ रहा था। उस वक्त कोरोना ने झारखण्डवासियों को भी अपना शिकार बनाना शुरू किया। कोरोना ने सामाजिक ताना-बाना को ही ऐसा प्रभावित कर दिया कि लोग अपने परिवार से भी दूरियां बनाने लगे। स्थिति ऐसी थी कि सरकार जो पहले से ही आर्थिक संकट से जूझ रही थी, उसके सामने में भी राज्य की जनता को कैसे बेहतर मदद पहुंचाएं, यह सवाल राज्य सरकार को बार-बार बेचैन कर रहा था। ऐसे में सुजीत उपाध्याय ने भी अपनी ओर से जो बन पड़ा। मानवता की सेवा के लिए यह युवा निकल पड़ा। इस युवक ने 20 हजार से भी अधिक झारखण्डी प्रवासी मजदूरों को उनके घर पहुंचाने में मदद की। 270 जरुरतमंदों का राशन कार्ड बनवाया। रांची में जब लोग दुर्घटनाओं के शिकार हो रहे थे, सुजीत ने करीब 50 लोगों को स्वयं अस्पताल पहुंचाया।

### प्रशिक्षुओ के खाली पद भरने के लिये समिति गठित



**रांची :** खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग निदेशालय ने आदेश जारी कर तीन दिनों के अंदर आवासीय एवं डे-बोर्डिंग प्रशिक्षण केंद्रों में प्रशिक्षुओं के रिक्त स्थान को भरने के लिए चयन का मानक तैयार करने को कहा है। इसके लिए 9 सदस्यों की समिति बनाई गई है। अध्यक्ष साझा के अवर सचिव देव शंकर दास बनाए गए हैं। सदस्यों में हैसाई स्पोर्टस ट्रेनिंग सेंटर रांची के प्रभारी व खेल परमर्शी देवेन्द्र कुमार सिंह, पूर्व हॉकी ओलंपियन मनोहर टोपनो, योगेश प्रसाद यादव, हरेन्द्र कुमार सिंह, अजलुस तिर्की, भरत कुमार साह, देवाशीष कुमार झा शामिल हैं।




**गुड न्यूज**

बीएयू का सत्रहवां केवीके होगा गोरिया कर्मा

## आईसीएआर ने हजारीबाग के केवीके को दी प्रशासनिक स्वीकृति

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** हजारीबाग जिले में केवीके की स्थापना को लेकर बीएयू कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह करीब डेढ़ वर्षो से लगातार प्रयासरत थे। उनकी दूरदृष्टि एवं भागीरथी प्रयासों के परिणामस्वरूप ही हजारीबाग जिले में आईसीएआर के सौजन्य से बीएयू नियंत्राधीन सत्रहवां कृषि विज्ञान केंद्र स्थापित होने जा रहा है। भारत सरकार का उपक्रम भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् (आईसीएआर), नई दिल्ली ने बीएयू को हजारीबाग जिले के बरही प्रखंड स्थित गोरिया कर्मा में कृषि विज्ञान केंद्र स्थापित करने की अनुमति प्रदान कर दी है। इस आशय का आदेश अवर सचिव, आईसीएआर नई दिल्ली के माध्यम से शुक्रवार को बीएयू प्रबंधन को प्राप्त हुआ है। आईसीएआर ने गोरिया कर्मा में चयनित 20 हेक्टेयर भूमि के साथ बीएयू के प्रशासनिक नियंत्राधीन एक केवीके की स्थापना की मंजूरी दी है। इस केंद्र को आईसीएआर से शत प्रतिशत आधार पर वित्तीय सहायता राशि मिलेगी। इस केंद्र के सभी कार्यो एवं कार्यक्रमों का कार्यान्वयन आईसीएआर बीएयू के बीच हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन में उल्लेखित नियम और शर्तो के अधीन प्रतिबंधित होगी। केंद्र के सभी वैज्ञानिकों एवं कर्मचारियों के वेतनमान का निर्धारण संबंधित राज्य कृषि विश्वविद्यालय (एसएयू)/ अनुदान प्राप्त करने वाली संस्था द्वारा किया जायेगा। वेतन और भत्तों के सबंध में आईसीएआर का दायित्व, कृषि विज्ञान केंद्र के लिए निर्धारित वेतनमान तक सीमित होगा। केंद्र में प्रधान सहित सात वैज्ञानिकों एवं नौ कर्मचारियों सहित कुल सोलह पदों का सृजन एवं स्वीकृति मिली है। यह केंद्र बीएयू के निदेशालय प्रसार शिक्षा के नियंत्रणाधीन होगी और निदेशक, आईसीएआर- कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान (अटारी), पटना के परामर्श से वेतनमान, अनुशासन व योग्यता के संबंध में आईसीएआर के दिशा-निदेर्शों का पालन करते हुए भर्ती प्रक्रिया जल्दी शुरू की जा सकती है।



## शहर >> अपडेट

### अनियंत्रित बोलेनो कार सड़क किनारे पेड़ से टकराई

**चांडिल** : चौका थाना क्षेत्र के एन एच 33 बड़ामटांड चौक के समीप बुधवार रात्रि को एक बोलेनो कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक पेड़ से टकरा गई। वही दुर्घटना का बाद कार सवार दुर्घटना स्थल पर ही अपने दुर्घटनाग्रस्त कार छोड़कर निकल गए। वही दुर्घटना के बाद कार के सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है। गुरुवार सुबह चौका पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर मामले का जांच किए।

## क्राइम शॉर्ट अपडेट्स >>

### रंगबाजी दो नहीं तो फिर चली जायेगी जान, गोलियां तड़तड़ाकर दी चेतावनी

**बोकारो/चंद्रपुरा :** बोकारो जिले के चंद्रपुरा थाना क्षेत्र के आवासीय क्षेत्र डी टाइप कॉलोनी में गत रात पल्सर बाइक पर पहुंचे तीन नकाबपोश अपराधियों गोलियां चलाकर लोगों को दहशत में डाल दिया है। यह घटना क्वार्टर संख्या डी 39 के पास घटी है। घटना की सूचना मिलते ही बेरमो डीएसपी के नेतृत्व में पहुंची पुलिस छानबीन में जुट गई है। बेरमो एसडीपीओ सतीश चंद्र झा ने बताया कि इस डी 39 आवास में चिनार नामक कंपनी के लोग रहते है, यह कंपनी चंद्रपुरा डीवीसेर प्लांट में प्लांट कटिंग का स्क्रैप उठाव का काम कर रही है। कंपनी के प्रोजेक्ट का देखभाल चंद्रपुरा प्रखंड प्रमुख परबीन चांदनी के पति सनाउल्ला है, उन्हें ही धमकाने के लिए फायरिंग की घटना को अंजाम दिया गया है। आवास के दीवारों पर गोलियों के निशान साफ दिखाई पड़ रहा है। कुछ ही दिनों पूर्व जेल में बंद धनबाद का अमन सिंह के नाम पर चिनार कंपनी के देखरेख करने वाले सनाउल्लाह से वॉट्सएप भेजकर रंगबाजी मांगते हुए कहा था कि अगर उनकी मांगें पूरी नही हुई तो उसका विकेट गिराने में ज्यादा वक्त नही लगेगा, आज उसी का एक और धमक अमन सिंह गिरोह ने दिखाया है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### ठाकुरा गांव के मुंडा टोला में खराब जल मीनार की हुई मरम्मती,

**गुवा** : नोवामुंडी प्रखंड के दिरीबुरु पंचायत अंतर्गत ठाकुरा गांव के बीच टोला में राजकीय प्राथमिक विद्यालय के बगल बना सोलर जल मीनार की मरम्मती, प्रखण्ड प्रमुख पूनम गिलुवा ने करा ठाकुरा गांव के मुंडा टोला मेंजलपूर्ति की सुविधा पूर्व की तरह बहाल करा दी है सोलर जल मीनार के मरम्मती से ठाकुरा गांव के बीच टोला में 250 परिवार के लोगो की जलापूर्ति की समस्या हल हो गई है। बीच टोला में खराब हुए जल मीनार की सूचना ठाकुरा गांव के मुंडा दामु चाम्पिया से मिलने के उपरांत प्रखंड प्रमुख पूनम गिलुवा ग्रामीणों के बीच पहुंचकर उनके समस्याओं का आकलन कर उसका निराकरण कर दिया ।उसके बावजूद अभी तक जल मीनार खराब पड़ा है। इससे वहां के रहने वाले 250 परिवारों को पीने का पानी लाने के लिए काफी परेशानियों का सामना कर एक किलोमीटर दूर कारो नदी से ला रहे हैं। ठाकुरा गांव के बीच टोला में खराब जल मीनार की मरम्मती किए जाने पर ग्रामीणों में अपार हर्ष देखा जा रहा है ।मौके पर पूनमखंड प्रमुख प्रखंड प्रमुख पूनम गिलुवा ने बताया कि कि क्षेत्र के विकास व जन समस्या के निराकरण हेतु उनका प्रयास शुरू से ही लगातार बना रहा है । सूचना मिलते ही ग्रामीणों की समस्या को हल करने हेतु उनका दौरा ग्रामीणों के लिए किया गया है ।आगे भी समाज सेवा व ग्रामीणों की समस्या को हल करने के लिए,उनका प्रयास बढ़-चढ़कर बना रहेगा ।उनके लिए समाज सेवा व ग्रामीणों के उत्थान से बढ़कर कुछ भी नहीं है । उक्त अवसर पर संयुक्त रूप से एकजुट हो ग्रामीणों ने अथक मेहनत व सार्थक प्रयास के द्वारा ग्रामीणों के लिए किए गए।

**प्रदर्शन** कामगारों का आंदोलन साढ़े दस लाख रुपये मुआवजा के एवज में समाप्त

# मुआवजे की रकम को ले कर कंपनी का मुख्य गेट जाम

▶▶ करंट लगने के बाद कंपनी प्रबंधन उसे इलाज के लिए टीएमएच ले गई

राष्ट्रीय खबर



**चांडिल :** चांडिल अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत हुमिद स्थित वनराज स्टील (बिहार स्पंज आयरन लिमिटेड) कंपनी में कार्य के दौरान इलेक्ट्रिशियन लखीराम मार्डी की हुई मौत मामले में उनके आश्रितों को कंपनी प्रबंधन की ओर से मृतक के आश्रितों को साढ़े दस लाख का मुआवजा दिया जाएगा। इसके अलावा इएसआईसी, पीएफ व अन्य योजनाओं से मिलने वाली राशि भी दिलाई जाएगी। शुक्रवार को कंपनी गेट के पास हुई वार्ता में इस आशय का निर्णय लिया गया। बताया गया कि गुरुवार को कंपनी में कार्य करने के दौरान इलेक्ट्रिशियन लखीराम मार्डी को बिजली का झटका लगा था। करंट लगने के बाद कंपनी प्रबंधन उसे इलाज के लिए टीएमएच ले गई। जहां जांचोपरांत चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया था।काम के दौरान हुई दुर्घटना में इलेक्ट्रिशियन लखीराम मार्डी की मृत्यु के बाद आक्रोशित मजदूरों ने शुक्रवार की सुबह मुआवजा की मांग पर कंपनी का मुख्य गेट जाम कर दिया। कंपनी का गेट जाम किए जाने की सूचना मिलने के बाद क्षेत्र की विधायक सविता महतो, अनुमंडल पदाधिकारी रंजीत लोहरा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के मामा गुरुचरण किस्कू, झामुमो नेता सुखराम हेंब्रम आदि कंपनी गेट के सामने पहुंचे। इसके बाद मृतक के आश्रितों को 20 लाख रुपया मुआवजा, एक स्थायी नौकरी, बच्चों का निःशुल्क शिक्षा समेत अन्य मांगों को लेकर कंपनी प्रबंधन, पुलिस-प्रशासन और आंदोलनकारियों के बीच वार्ता शुरू हुई। तकरीबन डेढ़ घंटे तक वार्ता चली, इस दौरान कुछ मजदूरों ने प्रबंधन को खूब खरी खोटी सुनाई, सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े किए और प्रबंधन द्वारा लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। 11 हजार वोल्टेज का ट्रांसफार्मर जलमग्न है, जिसमें करंट दौड़ रही है। जिस कमरे में इलेक्ट्रीशियन लखीराम मार्डी की मौत हुई, उस कमरे में भी पानी जमा हुआ है, कमरे में अंधेरा छाया हुआ है। सेफ्टी उपकरणों की मांग करने पर नौकरी से हटा देने की धमकी देते हैं।

## कोजी स्वीट्स में फायरिंग कर दहशत फैलाने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

राष्ट्रीय खबर

**चास:** पुलिस ने सेक्टर 4 सिटी सेंटर के कोजी स्वीट्स में गोली चलाने वाले आरोपी कौशल बिहारी समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एसआईटी ने घटना में इस्तेमाल किए गए एक कार्बाइन, पिस्टल एवं बाइक आदि बरामद किया है। दहशत फैलाने के मकसद से 15 अप्रैल की रात इन अपराधियों ने फायरिंग की थी। एसपी चंदन झा ने बताया कि कौशल बिहारी उसके सहयोगी गौरव तिवारी, अमित महली और जमीन कारोबारी आशुतोष गौतम उर्फ बबलू किलो को पुलिस ने गिरफ्तार करने में कामयाबी पाई है। एसपी श्री झा की माने तो जमीन कारोबारी आशुतोष गौतम कारोबार में वर्चस्व कायम करने के लिए फरार अभियुक्त कौशल बिहारी के साथ मिलकर बोकारो में अपराधियों का नया गैंग बनाना चाह रहा था। एसपी ने बताया कि अपराधी कौशल बिहारी शहर में रंगदारी वसूलने के लिए इस तरह की घटना को अंजाम देने का काम किया था और इसके सहयोगी गौरव तिवारी ने व्हाट्सएप कॉल के जरिए कोजी स्वीट्स के मालिक से 10 लाख की रंगदारी की मांग की थी। वहीं कौशल बिहारी बीएस सिटी थाना क्षेत्र में हुए राजकुमार सिंह हत्याकांड में मुख्य आरोपी है और वह घटना के बाद से ही फरार चल रहा था।

## सैकड़ों मजदूरों ने ली राष्ट्रीय मजदूर संघ की सदस्यता



राष्ट्रीय खबर

**बोकारो:** भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध बोकारो स्टील राष्ट्रीय मजदूर संघ की बैठक हॉट स्ट्रिप मिल वेलफेयर बिल्डिंग के रेस्ट रूम में विश्वेश्वर महतो की अध्यक्षता में हुई। संचालन अरविंद कुमार ने किया। बैठक में आरजीबीएस, हॉट स्ट्रिप मिल एवं डबल्यू एमडी के सैकड़ों मजदूरों ने एचएमएस छोड़कर बीएमएस पर विश्वास जताते हुए बोकारो स्टील राष्ट्रीय मजदूर संघ की सदस्यता ली। जितेंद्र कुमार, आलोक मिश्रा, संतन दुबे आदि ने प्रमुख रूप से बोकारो स्टील राष्ट्रीय मजदूर संघ की सदस्यता ली। स्टील फेडरेशन के महामंत्री रंजय कुमार ने सर्वप्रथम अन्य यूनियन से आये हुए सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि भारतीय मजदूर संघ सदैव राष्ट्र को सर्वोपरी मानने वाली गैर राजनितिक एवं प्रथम क्रमांक कि श्रमिक संगठन है। आगे उन्होंने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि अधूरे वेज रिवीजन को पूरा कराने के लिए भारतीय मजदूर संघ हर कदम पर चलने को तैयार है. जब तक आधे- अधूरे वेज रिवीजन को पूरा नहीं किया जाता तब तक भारतीय मजदूर संघ एमओयू पर हस्ताक्षर नहीं करेगा। मौके पर यूनियन के कार्यकारी अध्यक्ष राम सुमेर सिंह, अरविंद कुमार, आशीष कुमार आदि उपस्थित रहे।

## श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल में इंटर हाउस स्पेलिंग कंपटीशन का आयोजन

राष्ट्रीय खबर

**बोकारो:** श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल के प्रांगण में इंटर हाउस स्पेलिंग कंपटीशन का आयोजन किया गया। जिसको दो भागों में बांटा गया था। प्रथम भाग का आयोजन प्रातः 8:00 से 9:00 कक्षा 1 और 2 के लिए। वहीं दूसरे भाग का आयोजन प्रातः 9:30 से 10:40 कक्षा 3 से 5 के लिए किया गया। प्रतिभागियों का चयन पूर्वनिर्धारित उनकी कक्षा में किया गया था। जिसे बाद में विद्यालय में मौजूद 6 हाउस के विभिन्न टीमों में बांटा गया। प्रतियोगिता में पांच राउंड में बांटा गया था, जिसमें रिडल राउंड, पिक्चर्स नेम, सप्लाई द मिसिंग लेटर, वर्ड राउंड, और वर्ड बिल्डिंग राउंड थे। प्रत्येक राउंड की कुल गणना के बाद कक्षा 1 और 2 के समूह में पेरियार हाउस प्रथम एवं पंपा हाउस द्वितीय स्थान पर रहा। वहीं कक्षा 3 से 5 के समूह में प्रतियोगिता को आठ हिस्सों में बांटा गया था, जिसमें थिंक एंड स्पेल, ब्रेकिंग मडल, न्यू वर्ड गेम, रिडल, रैपिड फायर फ्लैश कार्ड, ऑडियो विजुअल और हू एम आई राउंड था। प्रत्येक राउंड की कुल गणना के बाद इस समूह में यमुना हाउस प्रथम, कावेरी हाउस द्वितीय और गंगा हाउस तृतीय स्थान पर रहा। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन पी. राजगोपाल ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी और उन्हें अंग्रेजी विषय का विस्तृत ज्ञान प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया। विद्यालय के निदेशक डॉ. एसएस महापात्रा इस कार्यक्रम के लिए विद्यार्थियों को बधाई दिया और कहा कि प्रतियोगिता में जीत या हार मायने नही रखती बल्कि उसमें उत्साहपूर्ण रूप से भाग लेना मायने रखता है। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती पी. शैलजा जयकुमार ने कार्यक्रम की सफलता के लिए विद्यार्थियों शिक्षकों एव इंचार्जों को बधाई दी और बच्चों को अपने शब्दकोश के ज्ञान को बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में उप-प्राचार्या राज लक्ष्मी, इंचार्ज सुमंगला, विजया भासिन एवं सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही। अंत में विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## चांडिल कस्तूरबा में पढ़ने वाली 18 छात्रा कोरोना पॉजिटिव



राष्ट्रीय खबर

**चांडिल :** चांडिल स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में पढ़ने वाली 125 छात्राओं की गुरुवार को कोरोना जांच के लिए सैंपल लिया गया। जांच में विद्यालय की 18 छात्राओं का सैंपल कोरोना पॉजिटिव निकली। छात्राओं का सैंपल पॉजिटिव निकलने के बाद विद्यालय में हड़कंप मच गया। जांच में पॉजिटिव निकले सभी छात्राओं को कोरोना गाइडलाइन का अनुपालन करने का निर्देश दिया गया। चांडिल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ एच एस शेखर ने बताया कि जांच में 18 छात्राओं का सैंपल पॉजिटिव मिला है। उन्होंने बताया सभी छात्राओं को छात्रावास में ही आइसोलेशन पर रखा गया है और दवाई मुहैया करा दी गई है। उन्होंने सभी को सतर्कता बरतने की अपील किया है।

**आयोजन** हुनर को जीवन का आधार बनाकर बने स्वावलंबीः अधिशासी निदेशक

# डीपीएस बोकारो में स्किल हब के सफल प्रशिक्षु किए गए सम्मानित

▶▶ प्रशिक्षण-प्राप्त छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जिसके पास हुनर है,

▶▶ उन्होंने इस प्रशिक्षण को उनके लिए एक शुरूआत बताते हुए कौशल को जीवन की सीढ़ी बनाकर आत्मनिर्भर बनने का संदेश दिया

राष्ट्रीय खबर



**बोकारो:** नेशनल स्किल क्वालिफिकेशन फ्रेमवर्क (एनएसक्यूएफ) के अनुरूप डीपीएस बोकारो में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 3.0 के तहत संचालित स्किल हब के पहले बैच के सफल प्रशिक्षु सम्मानित किए गए। विद्यालय में आयोजित एक समारोह के दौरान मुख्य अतिथि बोकारो स्टील प्लांट के अधिशासी निदेशक (कार्मिक व प्रशासन) सह डीपीएस बोकारो प्रबंधन समिति के प्रो-वाइस चेयरमैन राजन प्रसाद ने प्रशिक्षुओं के बीच प्रमाण पत्र वितरित किए। तीन माह तक कशीदाकारी कला चिकनकारी के सफल प्रशिक्षण पर श्री प्रसाद ने अपनी शुभकामनाएं दीं। डीपीएस बोकारो की ओर से जरूरतमंद छात्राओं को अपने खर्च पर निशुल्क स्वावलंबी बनाने की इस पहल को उन्होंने सराहनीय बताया। प्रशिक्षण-प्राप्त छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जिसके पास हुनर है, उसके लिए काम की कोई कमी नहीं है। उन्होंने इस प्रशिक्षण को उनके लिए एक शुरूआत बताते हुए कौशल को जीवन की सीढ़ी बनाकर आत्मनिर्भर बनने का संदेश दिया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. एएस गंगवार ने कहा कि डीपीएस बोकारो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ सामुदायिक विकास की दिशा में भी तत्पर है। इसी कड़ी में यहां स्किल हब का संचालन किया जा रहा है। तीन महीने के इस व्यावसायिक पाठ्यक्रम की अवधि में सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक कक्षाएं संचालित की गईं।

शॉर्ट टर्म कोर्स के पूरा होने के बाद सीबीएसई मापदंडों के अनुसार प्रशिक्षुओं के लिए सैद्धांतिक और व्यावहारिक मूल्यांकन किया गया। इसके उपरांत प्रशिक्षुओं में सीबीएसई द्वारा निर्गत स्किल इंडिया के लोगो से युक्त प्रमाण-पत्र बांटे गए। इसके पूर्व, समारोह के आरंभ में मुख्य अतिथि का स्वागत विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गीत गाकर और पौधा भेंट कर किया। बता दें कि विद्यालय में स्किल हब की शुरूआत बीते 27 जून 2022 को जिले के उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने की थी।

## न्यूज फटाफट

### सात दिवसीय श्री श्री 1008 ज्ञान महायज्ञ सह राधा-कृष्ण प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ कलश यात्रा के साथ शुरू

**नावाडीह :** नावाडीह प्रखंड अंतर्गत दहीयारी पंचायत स्थित पुरानी दहियारी में श्री श्री 1008 सप्तदिवसीय ज्ञान महायज्ञ सह राधा-कृष्ण प्राण प्रतिष्ठा की शुरूआत कलश यात्रा से हुई। पुरानी दहियारी से गाजे बाजे और झांकी के साथ निकली कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाएं व युवतियां शामिल हुई। श्रद्धालु महिलाएं पुरानी दहियारी से दहियारी होते हुए यमुनिया नदी के यात्री घाट पर पहुंची, जहां कृष्ण देव पांडे एवं संजीत पांडे के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलश में जल भराव कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसके बाद पुनः पुरानी दहियारी मंदिर परिसर पहुंची, जहां विधि-विधान से महायज्ञ की शुरूआत हुई। जगह-जगह कलश शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की गई। साथ ही शरबत भी पिलाया गया। जिला परिषद सदस्य महेंद्र प्रसाद ने बताया कि दैनिक पूजन के साथ-साथ प्रतिदिन संध्या 7 बजे से हरिद्वार के कथा वाचक स्वामी हंसानंद गिरी जी महाराज श्रीमद्भागवत पर प्रवचन देगें। मौके पर बाघमारा विधायक ढुलू महतो, उनकी धर्मपत्नी सुनीता देवी, बड़कागांव के पूर्व विधायक योगेंद्र साव, जिला परिषद अध्यक्ष सुनीता देवी, प्रमुख पूनम देवी, उप प्रमुख हरि लाल महतो, अध्यक्ष मुखिया संघ बोकारो जयलाल महतो, ईश्वर साव सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए।

### अवैध कोयला डिपो बंद होने पर झामुमो नेताओं ने दिया एसपी को धन्यवाद

**बोकारो :** बालीडीह बियाडा क्षेत्र से अवैध कोयला डिपो को बंद कराने पर झामुमो बोकारो महानगर सचिव फिरदौस अंसारी ने बोकारो उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक को धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार को बदनाम करने के लिए कोयला माफियाओं ने बालीडीह व अन्य क्षेत्रों में अवैध कोयला डिपो का संचालन कर रहा है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से अनुरोध करते हुए कहा कि अवैध कोयला डिपो का संचालन करने वालों पर कानूनी कार्रवाई करे। साथ ही उन्होंने अवैध कोयला डिपो को बंद कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार राज्य हित में काम कर रही है। सरकार को बदनाम करने के लिए अवैध कोयला डिपो का संचालन हो रहा है।

### दो दिवसीय नेत्र चिकित्सा शिविर का सफलतापूर्वक संपन्न




**बोकारो :** चिन्मय विद्यालय की ओर से दो दिवसीय निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। संजीव नेत्रालय की तरफ से आयोजित शिविर में दूसरे दिन विद्यालय के 500 से अधिक छात्र-छात्राओं के आंखों की जांच की गई। साथ ही आंखों के देखभाल के सुझाव दिए गए। शिविर में छात्रों की आंखों में देखने की क्षमता की जांच के दौरान जिस छात्र में जो दृष्टि दोष पाया गया, उनको उस हिसाब से चश्मे का सुझाव देते हुए उनके लिए लेंस के नंबर की जानकारी दी गई। इस मौके पर विद्यालय के सचिव महेश त्रिपाठी एवं प्राचार्य सूरज शर्मा ने कहा कि छात्रों को जागरूक करने के उद्देश्य से इस शिविर का आयोजन किया गया। विगत दो वर्ष कोरोना काल में विद्यार्थियों ने ऑनलाइन शिक्षा ग्रहण के दौरान मोबाईल, टैबलेट अथवा लैपटॉप का अधिकतर प्रयोग किया है, जिससे बच्चों के आंखें भी प्रभावित हुई हैं। इसलिए विद्यालय की ओर से इस शिविर का आयोजन किया गया है ताकि कोरोना के बाद उनकी आंखों की स्थिति के लिए बारे में पता चल सके एवं इस संबंध में इनके अभिभावक को उचित मार्गदर्शन दिया जा सके। इस दौरान नेत्र चिकित्सक डॉ. दीपिका सिंह द्वारा छात्रों के आंख की जांच कर आवश्यक सुझाव दिए गए। डॉ. दीपिका सिंह ने बताया कि अधिकांश बच्चों की आंखों में एलर्जी व धूल मिट्टी से संक्रमण पाया गया। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन शिक्षा ग्रहण के दौरान बच्चों में अधिक मोबाइल के उपयोग से हल्का संक्रमण पाया जा रहा है। मौसम में बदलाव की वजह से भी आंखों में खुजली तथा लालिमा जैसी सीजनल एलर्जी भी पाई गई है। चिकित्सक की सलाह पर ली गई सामान्य दवाओं से दो-तीन दिन में ठीक हो जाती है। हालांकि, सतर्क रहना बेहद जरूरी है। इस मौके पर विद्यालय के अध्यक्ष विश्वरूप मुखोपाध्याय, खोखन सरदार, पूर्णिमा महतो, अर्पिता चंद, अभिक चक्रवर्ती, कावेरी गोराई, अमित कुमार, रागिनी मिश्रा, संजीव सिंह आदि मौजूद थे।

### अवैध कोयला डिपो बंद होने पर एसपी को दिया धन्यवाद

**बोकारो :** बालीडीह बियाडा क्षेत्र से अवैध कोयला डिपो को बंद कराने पर झामुमो बोकारो महानगर सचिव फिरदौस अंसारी ने बोकारो उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक को धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार को बदनाम करने के लिए कोयला माफियाओं ने बालीडीह व अन्य क्षेत्रों में अवैध कोयला डिपो का संचालन कर रहा है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से अनुरोध करते हुए कहा कि अवैध कोयला डिपो का संचालन करने वालों पर कानूनी कार्रवाई करे। साथ ही उन्होंने अवैध कोयला डिपो को बंद कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार राज्य हित में काम कर रही है। सरकार को बदनाम करने के लिए अवैध कोयला डिपो का संचालन हो रहा है।

### पीएलवी की मासिक बैठक सम्पन्न डालसा सचिव व एलएडीसी के अधिवक्ता ने दिये दिशा-निर्देश



**रांची :** आज दिनांक 28.04.2023 को डालसा हॉल, रांची में डालसा के लगभग 70 कार्यरत पीएलवी के साथ डालसा सचिव राकेश रंजन व एलएडीसी के अधिवक्ता प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, स्वीकृति विनया एवं अन्य सदस्यों ने बैठक की। बैठक में उपस्थित पी.एल.वी. के किये गये कार्यो की समीक्षा की एवं कई दिशा-निर्देश दिये। पैनल अधिवक्ता ने लिगल-एड-क्लिनिक में जुड़े पीएलवी झालसा कैलेण्डर के अनुसार काम करेंगे और लाभुकों को यथासंभव लाभ पहुचायेंगे। पीड़ित महिलाओं को भी चिन्हित करें, जिनको मुआवजा नहीं मिला हैं, उनका आवेदन डालसा कार्यालय में जमा कराकर, मुआवजा प्रदान करने में लाभुकों का मदद करें। अंत में डालसा सचिव के द्वारा सभी पी.एल.वी के द्वारा किये गये कार्यो का भी अवलोकन किया और उन्हें अपने क्षेत्र में अच्छी तरह से काम करने के लिए कई दिशा-निर्देश भी दिये। बैठक में सचिव राकेश रंजन, एलएडीसी चीफ प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, एलएडीसी सदस्य स्वीकृति विनया एवं पीएलवी अश्रृता बेक, अनिमा मलिक, ज्योत्सना गोराई, शारदा देवी, भारती देवी, बेबी देवी, जसिन्ता टोप्पो, कपिलदेव प्रसाद, ललिता देवी, लता कुमारी, मानव कुमार, मुक्तेश्वर पाहन, सिकन्दर मुण्डा, मुन्नी देवी, पम्मी देवी, पार्वती देवी, बेबी सिन्हा, राजेन्द्र महतो, अनिता देवी, रिना लिण्डा, संध्या विश्वास समेत डालसा के सभी कार्यरत पी.एल.वी. बैठक में उपस्थित थे।

सम्मेलन

## आदिवासी दान से नहीं, स्वाभिमान से जीना चाहता है : सुदेश कुमार महतो

# बेरमो, बोकारो में आयोजित अखिल झारखंड अनुसूचित जनजाति महासभा का जिला सम्मेलन संपन्न

- जनजातीय विकास की बातें सरकारी फाइलों और इश्तेहारों तक सीमित
- राज्य सरकार जनजातीयों की दशा और दिशा नहीं सुधार सकी
- जल, जंगल, जमीन की दुहाई देने वालों के शासन में सरकारी संरक्षण में हो रहा संपदाओं का दोहन
- सरकार ने जनजातीय समुदाय के राजनीतिक हैसियत तथा सामाजिक, आर्थिक रुप से कमजोर कर दिया

राष्ट्रीय खबर




**बेरमो:** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा है कि आदिवासी दान से नहीं, स्वाभिमान से जीना चाहता है। जल, जंगल, जमीन की दुहाई देने वालों के शासन में सरकारी संरक्षण में संपदाओं का दोहन जारी है। सरकार ने जनजातीय समुदाय के राजनीतिक हैसियत तथा सामाजिक, आर्थिक रुप से कमजोर कर दिया तथा विकास के सभी मानकों में पीछे कर दिया। जनजातीय विकास की बातें सरकारी फाइलों और इश्तेहारों तक सीमित है। बेरमो में आजसू पार्टी के द्वारा आयोजित अखिल झारखंड अनुसूचित जनजाति महासभा के जिला सम्मेलन में सुदेश कुमार महतो ने यह बातें कही। उन्होंने आदिवासियों मूलवासियों की सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक और शैक्षणिक स्थिति पर विस्तार से चर्चा करते हुए सबसे ज्यादा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर हमला बोला।

वन क्षेत्र अधिकार कानून के बावजूद आदिवासियों को वाजिब हक नहीं मिल रहा। राज्य के मुखिया को वनाधिकार कानून को हमारे राज्य में लागू करने की हिम्मत नहीं। प्रतिदिन संपदाओं की लूट जारी है। ग्राम सभा और स्वशासन व्यवस्था की अहमियत को कम किया जा रहा है। वोट की खातिर आदिवासी समाज की क्षमता को कमजोर किया जा रहा है। कहा कि सरकार जनजातियों की दशा और दिशा सुधार नहीं सकी।

जनजातीय परिवार तक आजीविका और रोजगार कैसे पहुंचे, इसे लेकर सरकार ने कभी गंभीरता नहीं दिखाया ना ही कोई रोडमैप तैयार किया। कहा कि हम और हमारी पार्टी ग्राम सभा, गांव की सरकार पर जोर देती रही है। आदिवासी समाज भी इसका प्रबल पैरोकार है। लेकिन झारखंड में परंपरागत शासन व्यवस्था को छिन्न-भिन्न करने की कोशिशें जारी हैं। सरकारी तंत्र इस समाज की भावना को समझ नहीं पाता। इसकी वजह है कि तंत्र गांव से दूर है और जन की आवाज तंत्र तक पहुंच नहीं पाती। पलायन, विस्थापन जैसी समस्या बड़ी है। हिस्सेदारी का संकट है। खनिज का दोहन जनभावना के विपरीत है।सासंद चन्द प्रकाश चौघरी ने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार अनुसूचित जनजाति को छलने व ठगने का काम किया है। कहा कि झारखंड में झूठ और लूट की बुनियाद पर टिकी सरकार है. इसने झूठे वादे और सपने दिखाकर जनादेश तो लिया, लेकिन सत्ता मिलते ही झारखंडियों के साथ विश्वासघात कर दिया। जनादेश का अपमान करना शुरू कर दिया। आलम तो ये है कि तीन वर्षों के कार्यकाल में ये अपने वादों, अपने मेनिफेस्टो के अनुसार एक कदम भी नहीं चले। युवा, महिलाएं,अनुबंधकर्मी अपना हक मांगने के लिए सड़कों पर उतरते हैं, तो सरकार उन पर लाठियां बरसाती है। गोमिया विधायक लंबोदर महतो ने कहा कि जब से झारखंड में झामुमो गठबंधन की सरकार बनी है साथ ही हेमंत सोरेन इनके मुखिया बने हैं तब से झारखंड में लूट व भ्रष्टाचार बड़े पैमाने पर देखा जा रहा है। आलम यह है कि किसी भी कार्यालय में बगैर चढ़ावा का कोई काम नहीं होता है। गरीब परेशान हैं उचित लाभुक को आवास व पेंशन का लाभ नहीं मिल रहा है ऐसे में जनता इस सरकार से उम्मीद ही क्या कर सकती है। कार्यक्रम को प्रवक्ता देवशरण भगत, पूर्व विधायक उमाकांत रजक, बेरमो विधानसभा प्रभारी काशीनाथ सिंह, अनूप मुर्मू, राजकुमार मरांडी आदि ने संबोधित किया। धन्यवाद ज्ञापन नवीन महतो ने किया। इस अवसर पर यशोदा देवी, बबीता देवी, सचिन महतो, संतोष महतो, टिकैत महतो, दीपक महतो,महेंद्र चौधरी, सुरेश महतो, महेश देशमुख, विरू हरी, विनोद महतो आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### श्रीमद्भागवत कथा को सुनने मात्र से भी मन को शांति मिलती है:अनिल अग्रवाल



**बेरमो :** संडे बाजार में चल रहे श्री श्री विष्णु महायज्ञ एवं श्रीमद्भागवत महापुराण कथावाचन के पाँचवें दिन में अखिल भारतीयअग्रवाल कल्याण महासभा के अध्यक्ष सह झामुमो नेता अनिल अग्रवाल कथास्थल पर पहूँचे और आचार्य जी का आशीर्वाद लिया एवं प्रवचन में सम्मिलित हुए। इन्हें प्रवचनकर्ता बाबा रुद्र कृष्ण शास्त्री द्वारा अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अनिल अग्रवाल ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा को सुनने मात्र से भी मन को शांति मिलती है और ऐसे आयोजन समय-समय पर होते रहने चाहिए ताकि सनातन धर्म के प्रति लोगों की जागरूकता बनी रहे।

### इनमोसा के द्वारा कथारा के नए महाप्रबंधक का स्वागत



**बेरमो :** कॉन्फ्रेंस हॉल महाप्रबंधक कार्यालय, कथारा क्षेत्र में इनमौसा कथारा क्षेत्र द्वारा राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह उप महासचिव सीसीएल, विजय कुमार सिंह के नेतृत्व में नव पदस्थापित महाप्रबंधक डीके गुप्ता को बुके देकर स्वागत किया गया, साथ ही साथ परिचयात्मक बैठक भी महाप्रबंधक के साथ की गई। बैठक के दौरान महाप्रबंधक ने सभी माइनिंग स्टाफ को पीपीई किट का उपयोग करने का निर्देश दिए तथा मुस्तैदी एवं सुरक्षा के साथ अपने कार्यों को निर्वहन करने के लिए प्रेरित किए। इनमौसा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष द्वारा महाप्रबंधक को आश्वस्त किया गया कि हम लोग कथारा क्षेत्र के साथ-साथ पूरे सीसीएल के सभी क्षेत्रों में पूरी सुरक्षित तरीके से उत्पादन करने में अपना शत प्रतिशत योगदान देंगे। बातों ही बातों में कथारा क्षेत्रीय सचिव बैजनाथ नायक के द्वारा महाप्रबंधक को मेन पावर बजट 2022 -23 में दिए गए सैंक्शन पोस्ट के आलोक में अभी तक योग्यता पूरी कर चुके माइनिंग स्टाफ को पदोन्नति नहीं दिए जाने के संबंध में ध्यान आकर्षित कराया गया। सभी बातों को ध्यानपूर्वक सुनने के पश्चात महाप्रबंधक ने जल्द से जल्द लंबित विषयों पर शीघ्र निर्णय लेने पर अपनी सहमति व्यक्त की। बैठक में क्षेत्रीय अध्यक्ष अवधेश कुमार, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष नौशाद खान, बीएन के क्षेत्रीय सचिव डी पी मौर्या, क्षेत्रीय अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, कथारा कोलियरी शाखा सचिव बालेश्वर महतो, जारंगडीह कोलियरी शाखा सचिव, संतोष कुमार मंडल, गोविंदपुर परियोजना शाखा अध्यक्ष, राजेंद्र मंडल, राजेश कुमार, तस्लीम अख्तर, निजाम अंसारी, नागेश्वर रविदास, रविंद्र टूडू, राहुल कुमार सिंह, बीएनके से रणधीर प्रसाद आदि उपस्थित थे।

शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### पंसस प्रतिनिधि ने जल स्रोतों का किया निरीक्षण

**वेस्ट बोकारो (घाटो) :** मांडू प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत इचाकडीह पंचायत पंसस प्रतिनिधि रवि रजवार ने जितराटुंगरी के ग्रामीणों से जलापूर्ति की समस्या को लेकर गुरुवार को रू-ब-रू हुए। ग्रामीणों ने जल समस्या से अवगत कराते हुए कहा कि कुंआ एवं चुटूआ नदी में भीषण गर्मी से पानी सूख गया है। वहीं वर्षो से दो चापानल खराब है। वहीं अब नहाने - धोने, खाने - पीने सहित अन्य कार्यों में दिक्कतें आ रही है। समस्या सुनने के पश्चात रवि रजवार ने वर्षो से पड़े दो खराब चापानल को अपने हाथों से नट खोलखर जांच किया।

### सीसीएल ढोरी क्षेत्र के प्रबंधन और सेफ्टी बोर्ड के सदस्यों के साथ बैठक हुई

राष्ट्रीय खबर

**बेरमो :** सीसीएल ढोरी क्षेत्र के प्रबंधन और सेफ्टी बोर्ड के सदस्यों के साथ गुरुवार को जीएम सभागार मे बैठक हुई। पूर्व बैठक में लिए गए निर्णयों के क्रियान्वयन और परिपालन की समीक्षा की गई। एरिया सेफ्टी बोर्ड के सदस्यों ने खनन क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था की स्थिति पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि कामगार नियमित रूप से जूता, टोपी पहने, खदानों में सुरक्षा हाईवाल की समस्या का निदान करने, प्रत्येक परियोजना में हॉल रोड बनाने, लाइट व्यवस्था करने, पेयजल और प्रदूषण की दुरुस्त व्यवस्था करने आदि मांगें विस्तार पूर्वक रखीं। जीएम एम के अग्रवाल ने कहा कि शून्य दुर्घटना के लक्ष्य को लेकर सुरक्षित उत्पादन करें। उन्होंने कहा कि सुरक्षा को नजरअंदाज कर कोयला उत्पादन कामगार की मौत का कारण बन सकता है। सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए ही कोल उत्पादन करे। उन्होंने कहा कि बैठक में सुरक्षा को लेकर जो सुझाव सामने आए हैं, उन पर अमल करते हुए शून्य दुर्घटना के लक्ष्य के साथ सुरक्षित उत्पादन करते हुए लक्ष्य प्राप्ति का हरसंभव प्रयास किया जाएगा। बैठक में एसओपी प्रतुल कुमार, पीओ कुमार सौरभ सिंह, अरविंद झा व रंजीत कुमार, क्षेत्रीय सेफ्टी ऑफिसर अरविद शर्मा, जवाहर लाल यादव व अन्य शामिल थे।

### झारखंड की 14 सीटों पर एनडीए प्रत्याशी की जीत होगी : राज कुमार राज

राष्ट्रीय खबर



**बेरमो :** राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार राज ने फुसरो शास्त्री नगर स्थित मनोज कुमार जीएसटी के आवास पर प्रेस को बताया कि राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी एनडीए का हिस्सा है। श्री राज ने कहा कि 2024 में प्रधानमंत्री पद की कोई वैकेंसी नहीं है और पुनः श्री नरेंद्र मोदी अपार बहुमत से प्रधानमंत्री बनेंगे। रालोसपा कैबिनेट मिनिस्टर और राष्ट्रीय अध्यक्ष पशुपति कुमार पारस के नेतृत्व में पांचों सांसद के एकजुट है। लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी एनडीए को मजबूत करेगी। श्री राज ने कहा कि संगठन के ताकत के आधार पर एनडीए से लोकसभा और विधानसभा में सीट की भी मांग करेगी। अंतिम निर्णय एनडीए के शीर्ष नेतृत्व का होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के काम की बदोलत ही भारत विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है। कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव एनडीए झारखंड की 14 सीटों पर जीत दर्ज करेगी। राज ने कहा देश में गरीब वंचित दलित को न्यायिक प्रक्रिया में लंबा एवं खचीर्ला होने के कारण प्राकृतिक न्याय से वंचित होना पड़ता है इसलिए राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी यह मांग करती है राष्ट्रीय विधि आयोग एवं झारखंड राज्य विधि आयोग का गठन शीघ्र किया जाए। यह आयोग गरीब, दलित,आदिवासी एवं वंचितों को अविलंब एवं सरल नया दिलाने के लिए मार्गदर्शन तैयार करें। उन्होंने कहा केंद्र में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार बनने के पश्चात आम जनों की आमदनी बढ़ी है जिसका राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी स्वागत करती है।

श्री राज ने कहा कि देश में 2024 में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाने और देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व को पुनः स्थापित करने के लिए राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी कृत संकल्पित है।

### ढोरी मे कार्यस्थल पर सुरक्षा एवं स्वास्थ्य दिवस मनाई गई



**बेरमो :** ढोरी महाप्रबंधक कार्यालय मे शुक्रवार को कार्यस्थल पर सुरक्षा एवं स्वास्थ्य दिवस कार्यक्रम की शुरूआत झंडोत्तोलन कर की गई। ढ़ोरी जीएम मनोज कुमार अग्रवाल ने कहा कि निजी और सरकारी नौकरी करने वाले अधिकतर लोगों का समय ऑफिस में गुजरता है। हर व्यक्ति 24 घंटे में से कम से कम 7 घंटे अपनी नौकरी को देता है। ऐसें जिस संस्थान में वह काम करता है। उनके स्वास्थ्य और सुरक्षा को सुनिश्चित करना जरूरी है। इसी बात को ध्यान में रखकर 28 अप्रैल को हर साल मनाया जाता है। काम को सुरक्षित और हेल्दी बनाने के लिए जागरूकता बढ़ाने में यह दिन अहम भूमिका निभाता है। इस दिन का मुख्य उद्देश्य सुरक्षा और स्वास्थ्य के अच्छे मानकों को बनाए रखना है जिसे समाज के अलग-अलग क्षेत्रों में समान रूप से फैलाया जाए। काम पर सुरक्षा और स्वास्थ्य के लिए विश्व दिवस 2023 एक फंडामेंटल प्रिंसिपल और काम पर अधिकार के रूप में एक सुरक्षित और स्वस्थ कामकाजी माहौल के थीम पर मनाया गया।कार्यस्थल पर सुरक्षा एवं स्वास्थ्य विश्व दिवस मुख्य रूप से कार्यस्थल पर किसी प्रकार की दुर्घटना एवं बीमारियों से बचाव का प्रसार करता है। यह जागरूकता संबंधी कार्यक्रम है जिसके अंतर्गत लोगों को यह बताया जाता है कि वे कार्यस्थल पर किस तरह विभिन्न बीमारियों एवं दुर्घटनाओं से बच सकते हैं। प्रतिदिन कार्यस्थल पर होने वाली दुर्घटनाओं अथवा कार्यस्थल पर होने वाली बीमारियों के परिणाम स्वरूप 6300 लोग मारे जाते हैं। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 25 सितंबर 2015 को सतत विकास लक्ष्यों हेतु एजेंडा अपनाया गया था। इसी प्रक्रिया में सतत विकास लक्ष्य 8 भी अपनाया गया। कार्यक्रम में एसओपी प्रतुल कुमार, क्षेत्रीय सेफ्टी ऑफिसर अरविद शर्मा, एसओसी उज्वल कुमार, एसओएक्स यू के पासवान, एएफएम राजीव कुमार, कार्मिक प्रबंधक मो तौकीर आलम एरिया सुरक्षा पदाधिकारी सीताराम यूके, सीएसआर अधिकारी शैलेश कुमार सहित यूनियन नेता आर उनेश, विकास सिंह, विनय कुमार सिंह, कुलदीप, धीरज कुमार पांडे, जय नाथ मेहता, अविनाश कुमार सिंह, जवाहर लाल यादव, हीरालाल रविदास, नरेश प्रसाद महतो, राजू भूखिया, बिगन सोनी, बैजनाथ महतो व अन्य शामिल थे।

संक्षिप्त >> अपडेट्स

### पतरातू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक तीन महीने के बच्चे की मौत जीवन रक्षक टिके से

**पतरातू :** पतरातू बाजार स्थित बबलू कुमार के तीन महीने के बच्चे की मौत से आक्रोशित परिजन तथा ग्रामीणों के द्वारा स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आरोप लगाते हुए रांची रामगढ़ मुख्य सड़क को कई घण्टे जाम कर दिया। जानकारी के अनुसार पतरातू बाजार निवासी बबलू कुमार अपने तीन महीने के बच्चे को पतरातू स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जीवन रक्षक टीके 27 तारीख को दिया गया था। एवं 28 तारीख को सुबह उस तीन महीने के बच्चे की अचानक मौत हो जाती है। बच्चे के हुई अचानक मौत से परिजन द्वारा पतरातू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आरोप लगया जाता हैं। कि बच्चे की मौत अस्पताल में लगाई गई जीवन रक्षक टिके की वजह से हुई है। देखते ही देखते आक्रोशित परिजन तथा ग्रामीणों ने मिलकर पतरातू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं राँची रामगढ़ मुख्य मार्ग को जाम कर दिया गया। सूचना पाकर स्थानीय प्रशासन के द्वारा परिजनों एवं ग्रामीणों को हर सम्भव मदद का भरोसा दिया गया।

### धनीराम मांझी का शहादत दिवस भव्य रूप से मनाने का निर्णय

**वेस्ट बोकारो (घाटो) :** मासस कार्यालय केदला दो नंबर में शुक्रवार को मासस, बिहार मासस एवं बिहार कोलियरी कामगार यूनियन ने संयुक्त रूप से एक बैठक आहूत किया। इसकी अध्यक्षता मांडू प्रखण्ड सचिव फरहरी महतो एवं संचालन रोशन मुंडा ने किया। बैठक में 21 जून को धनीराम मांझी का शहादत दिवस भव्य रूप से मनाने का निर्णय लिया गया। आगे इनके विचारों और इनके अधुरे सपनों को पुरा करने का भरसक प्रयास करने एवं रैली निकाल कर।

## सुनहरे कल की ओर में लिए गए निर्णय धूल फांक रहे

- 84 सूत्री मुद्दों पर जे.सी.एस.सी. में लिए गए थे निर्णय
- खोखला साबित हो रहा है निर्णय
- उच्च स्तरीय बैठक में लिया गया निर्णय खोखला साबित होना चिंता का विषय : आर.सी.एम.यू

राष्ट्रीय खबर



**बेरमो :** सी.सी.एल. मुख्यालय प्रबंधन द्वारा संयुक्त सलाहकार समिति की बैठक के माध्यम से समस्याओं को चिन्हित कर गाइडलाइन तैयार किया गया था। जिसमें पूरे सी.सी.एल. के क्षेत्रों में 84 सूत्री मुद्दों पर व्यापक चर्चा करते हुए निर्णय लिए गए थे। निर्णय के आलोक में सी.सी.एल. के सी.एम.डी. के द्वारा बुकलेट के माध्यम से 84 सूत्री बिंदुओं पर मांग और उसके निष्कर्ष व्यापक चर्चा करते हुए कार्य योजना तैयार किया गया था, जिसके तहत कथारा क्षेत्र के भी कई मामले थे और कई मामले सार्वजनिक थे। जिससे पूरा सी.सी.एल. का क्षेत्र प्रभावी होना था। कुछ बिंदु पर ध्यान आकृष्ट कराना इस प्रकार है, वैसे कर्मचारी जिनका निधन हो गया है अथवा सेवानिवृत्त हो चुके हैं उनके पेंशन मद में काटा गया पैसा अगर वह पेंशन के हकदार नहीं है तो काटा गया पैसा सुद्ध सहित वापस करने का फैसला लिया गया था लेकिन आज तक यह कथारा क्षेत्र में लागू नहीं हो सका और आज भी सैकड़ों कर्मचारी इससे प्रभावित है। दूसरा निर्णय किसी भी समस्याओं पर परियोजना स्तर, क्षेत्र स्तर और मुख्यालय स्तर पर समय सीमा निर्धारित करते हुए निर्णय लिए जाने का निर्देश अंकित है लेकिन वह निर्देश मात्र कागजी बनकर रह गया। इसका परियोजना तथा क्षेत्र स्तर पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा, नतीजा महीने और सालों तक मामला लंबित पड़ा है जो घोर चिंता का विषय है।इस प्रकार की उदासीनता उच्च स्तरीय बैठक में लिए गए निर्णय के बाद भी बना है जो अनुचित है। उक्त विषयों पर राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन कथारा क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष व विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार सिंह ने सी.सी.एल. के सी.एम.डी. और निर्देशक कार्मिक को पत्र प्रेषित कर फैसला को लागू किए जाने का माँग की है। पत्र की प्रतिलिपि बेरमो के विधायक व यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष जे.बी.सी.सी.आई. के सदस्य कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह को प्रेषित करते हुए समस्याओं के निराकरण हेतु उचित पहल करने की मांग की है जिससे समस्याओं का निपटारा संभव हो सके।

### पतरातू झारखंड ग्रामीण मजदूर सभा का एक दिवसीय धरना प्रदर्शन

**पतरातू :** झारखंड ग्रामीण मजदूर सभा( झामस) द्वारा प्रखंड कार्यालय सह अंचल कार्यालय परिसर में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन दिया गया।धरना प्रदर्शन के बाद 23 सूत्री मांग पत्र महामहिम राष्ट्रपति के नाम अंचल अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन में दलित आदिवासी गरीब मजदूरों की रोजी-रोटी मजदूरी आवास पेंशन की गारंटी भूमिहीनों को मुकम्मल सर्वे के आधार पर नया आवास कानून बनाने,हाउसिंग राइट को मौलिक अधिकार का दर्जा देने, उज्जवल गैस की शुरूआती कीमत पर रसोई गैस की आपूर्ति,सुखाड़ एवं फसल बीमा राशि अविलंब भुगतान करने और जाति प्रमाण-पत्र आवासीय प्रमाण-पत्र और आय प्रमाण-पत्र समय के अंदर निर्गत करने सहित विभिन्न मांगों पर सकारात्मक करवाई करने कि मांग की गई है।

धरना

### कुछ लोग जानबूझकर आंदोलन को कमजोर करने में लगे हैं: कांति सिंह

## महिलाओं के तरफ से 19 डी पर प्रदर्शन एवं सभा

- जब तक रिजेक्ट सेल में उनकी भागीदारी सुनिश्चित नहीं हो जाती,
- तब तक यह आंदोलन रुकने वाली नहीं है

राष्ट्रीय खबर



**बेरमो /कथारा :** रिजेक्ट सेल में भागीदारी को लेकर विस्थापित महिला मोर्चा द्वारा कथारा वाशरी 19 डी सेल पॉइंट पर गुरवार को प्रदर्शन एवं सभा आयोजित किया गया। नेतृत्व महिला मोर्चा की अध्यक्षता कांति सिंह के द्वारा किया गया।रेलवे कॉलोनी कथारा के समीप 19 डी रिजेक्ट सेल प्वाइंट में प्रदर्शन के बाद स्थानीय खेल मैदान में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए महिला नेत्री कांति सिंह ने कहा कि कुछ लोग जानबूझकर आंदोलन को कमजोर करने में लगे हैं। उनके रहते यह संभव नहीं है। उन्होंने उपस्थित महिलाओं से अपनी चट्टानी एकता का परिचय देते हुए कहा कि जब तक रिजेक्ट सेल में उनकी भागीदारी सुनिश्चित नहीं हो जाती, तब तक यह आंदोलन रुकने वाली नहीं है। मौके पर मड़इया टोला महली बांध की गीता देवी, शीला देवी, मंजू देवी, गुंजा देवी, सुतरी देवी, गेंदिया देवी, प्रमिला देवी, हरनी देवी, रीता देवी, पिंकी देवी, पपली देवी, सबीता देवी, लक्ष्मी देवी, कमल टोला की तारा देवी, ममता देवी, शांति देवी, परवा देवी, बबीता देवी, सुंदरवा देवी, पूनम देवी, जसवा देवी, धुनवां देवी, कुनवां देवी, तिलेशरी देवी, करणीयाँ देवी, ढूनवां देवी, उमा देवी, पेड़वा देवी, कुसुम देवी, इमली देवी, पारटांड़ की अनीता देवी, सविता देवी, मनवा देवी, रेखा देवी, आशा देवी, किरण देवी, गीता देवी, बीना देवी, संजू देवी, रीना देवी, लक्ष्मी देवी, सुनीता देवी, बबीता देवी, कुंती देवी के अलावा लगभग दर्जन भर प्रभावित गांव की महिलाएं उपस्थित थी।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज विश्व के नेता हैं: राजेश



**बेरमो :** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश सिंह ने कहा कि कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की ओर से कर्नाटक के गुलबर्गा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर दिए गए बयान को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। श्री सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को शर्म आनी चाहिए। कभी पीएम नरेंद्र मोदी को नीच, कभी मौत का सौदागर, कभी सांप, कभी बिच्छू, तो कभी प्रधानमंत्री के कब्र खोदने की बात की जाती है। कहा कि कांग्रेस पार्टी जो सोच रही है, उसका भी वही हश्र होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज विश्व के नेता हैं। विश्व भर में पीएम मोदी की पहचान है। कहा कि लगातार तीन सालों से प्रधानमंत्री को सबसे लोकप्रिय नेता की उपाधि मिल रही है, लेकिन कांग्रेस के नेता इस बात को पचा नहीं पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता भारत के बाहर जाकर लोकतंत्र के खिलाफ षडयंत्र रचने का काम करते हैं। कांग्रेस लगातार हो रही हार से परेशान हो चुकी है। अब कांग्रेस ऐसे तड़पती है, जैसे बिना पानी के मछली।

संपादकीय

# सिसोदिया की जमानत से भी तय होगी राजनीति

दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत पर अब सीबीआई को कोई और सीधा अभियोग पत्र दाखिल नहीं करना है। दरअसल हर बार अदालत में केंद्रीय एजेंसी यह दलील लेकर आ रही थी कि सिसोदिया ही इस पूरे गिरोह के सरगना हैं और उन्हें जमानत देने पर वह जांच में बाधा पहुंचा सकते हैं। इन दलीलों के निरंतर जारी रहने के बाद सिसोदिया के वकील ने डिफॉल्ट जमानत पर बहस करने के अपने अधिकार को सुरक्षित रखते हुए सिसोदिया के संबंध में जांच लंबित है या नहीं, यह सत्यापित करने के लिए उनके खिलाफ दायर पूरक चार्जशीट की एक प्रति मांगी जाने के बाद सीबीआई ने कहा कि सिसोदिया के खिलाफ उनकी जांच पूरी हो चुकी है। दरअसल निचली अदालत का यह कानूनी मसला सुप्रीम कोर्ट के उस निर्देश से जुड़ा है जो हाल ही में आया है। सिसोदिया के वकील ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट द्वारा रितु छाबड़िया बनाम भारत संघ के मामले में दिए गए फैसले पर भरोसा किया, जहां शीर्ष अदालत ने कहा था कि किसी अभियुक्त के डिफॉल्ट जमानत पाने के मौलिक अधिकार को जांच



एजेंसियां पूरक आरोप पत्र दायर करके कम नहीं कर सकती हैं। जिन मामलों में जांच अभी पूरी नहीं हुई है। वकील ने आगे तर्क दिया कि प्रथम दृष्टया ऐसा लगता है कि संघीय एजेंसी ने कहा है कि सिसोदिया के संबंध में जांच अभी लंबित है। अदालत के समक्ष यह भी बताया गया कि सीबीआई मामले में सिसोदिया की जमानत पर वर्तमान में दिल्ली उच्च न्यायालय के समक्ष बहस की जा रही है और उनके डिफॉल्ट जमानत के अधिकार के संबंध में तर्क भी उच्च न्यायालय के समक्ष उठाए जा सकते हैं। जब अदालत ने मामले में जांच की स्थिति मांगी, तो एजेंसी ने कहा कि उसने मामले में मनीष सिसोदिया की भूमिका की जांच पूरी कर ली है। इससे पहले, सिसोदिया को पूरक आरोप पत्र की एक प्रति की आपूर्ति की अनुमति देते हुए, अदालत ने उनकी न्यायिक हिरासत 12 मई तक बढ़ा दी थी। सीबीआई ने 25 अप्रैल को मामले में पहला पूरक आरोप पत्र दायर किया था, जिसमें दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री को मामले में आरोपी बनाया गया था। सिसोदिया की ओर से पेश वकील ऋषिकेश ने सुप्रीम कोर्ट के एक हालिया फैसले का हवाला देते हुए तर्क दिया कि अगर सिसोदिया के संबंध में जांच पूरी नहीं हुई है और उनके खिलाफ चार्जशीट दायर की गई है तो उन्हें मामले में डिफॉल्ट जमानत मिल जाएगी। सिसोदिया को इस मामले में सीबीआई ने 26 फरवरी को गिरफ्तार किया था। इसी मामले में मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में उन्हें नौ मार्च को प्रवर्तन निदेशालय ने भी गिरफ्तार किया था। सिसोदिया फिलहाल तिहाड़ जेल में बंद हैं। इस बीच, गुरुवार को दिल्ली उच्च न्यायालय में सिसोदिया की जमानत याचिका का विरोध करते हुए, सीबीआई ने तर्क दिया कि गवाहों ने स्पष्ट रूप से शराब नीति में हेरफेर करने में उनकी भूमिका की पुष्टि की है। सीबीआई ने न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा से कहा, विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट से विचलित करने के लिए उनके (सिसोदिया के) इशारे पर नकली सार्वजनिक स्वीकृति तैयार की गई थी। सीबीआई की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने एक गवाह के बयान का हवाला देते हुए अदालत को बताया कि अब रद्द की जा चुकी आबकारी नीति की व्यवहार्यता की जांच के लिए पूर्व आबकारी आयुक्त रवि धवन की अध्यक्षता वाली एक विशेषज्ञ समिति ने अपनी रिपोर्ट दे दी है। हालाँकि, चूंकि सुझाव अभियुक्तों के अनुकूल नहीं थे, सिसोदिया ने रिपोर्ट को मंजूरी नहीं दी। दिल्ली सरकार की 2021-22 की आबकारी नीति का उद्देश्य शहर के गिरते शराब कारोबार को पुनर्जीवित करना है। इसका उद्देश्य बिक्री-मात्रा आधारित शासन को व्यापारियों के लिए लाइसेंस शुल्क के साथ बदलना था, और कुख्यात धातु ग्रिल्स से मुक्त शानदार स्टोरों का वादा किया, अंततः ग्राहकों को एक बेहतर खरीदारी अनुभव प्रदान किया। इस नीति में दिल्ली में पहली बार शराब की खरीद पर छूट और ऑफर भी पेश किए गए। हालाँकि, योजना अचानक समाप्त हो गई, जब दिल्ली के लेफ्टिनेंट गवर्नर विनय कुमार सक्सेना ने शासन में कथित अनियमितताओं की जांच की सिफारिश की। दूसरी तरफ इसी नीति से पंजाब ने अपना राजस्व लगभग दोगुणा कर लिया। इसलिए सीबीआई के दावों के बाद भी वाकई मनीष सिसोदिया इस घोटाले में रहे हैं अथवा सच में कोई घोटाला हुआ है, यह बात अब तक समझ में नहीं आयी है। यह तय है कि अगर मनीष सिसोदिया को जमानत मिल जाती है तो मोदी सरकार को नये सिरे से आम आदमी पार्टी के हमलों को झेलना पड़ेगा। ऐसा तब होगा जबकि शिक्षा और स्वास्थ्य के मामले में सबसे नई राष्ट्रीय पार्टी ने सभी दलों को जनता के सवालों के सामने खड़ा कर दिया है। इन सवालों से खास तौर पर भाजपा परेशान है, इस बात से अब इंकार भी नहीं किया जा सकता है।

# कश्मीर का विकास जिन लोगों से देखा नहीं जा रहा, वह घाटी की शांति को भंग कर रहे हैं

कश्मीर को धरती का स्वर्ग कहा जाता है। यहां के बर्फ से ढके पहाड़ और खूबसूरत झीलें पर्यटकों आकर्षित करती हैं। कश्मीर की प्राकृतिक सुंदरता की वजह से इसे भारत का स्विट्जरलैंड भी कहा जाता है। इसी कारण यहां हर साल हजारों की संख्या में भारतीय और विदेशी पर्यटक आते हैं। हर किसी का सपना होता है कि वह चारों तरफ से खूबसूरत वादियों से घिरा हुआ जम्मू-कश्मीर की सुंदरता को एक बार तो जरूर देखें। यहां की बर्फीली पहाड़ियां, शांत वातावरण और खूबसूरत नजारे इस वादी की खूबसूरती में चार चांद लगाते हैं, यहां का मौसम साल भर सुहावना बना रहता है। यहां का शांत वातावरण, हरा-भरा पहाड़ी परिदृश्य, वनस्पतियां, झील और नदी इस वैली को जन्नत बनाने का काम करती हैं। प्रकृति की असल खूबसूरती आप यहां आकर देख सकते हैं। प्रदूषण रहित यह स्थल आपको आत्मिक और मानसिक शांति का अनुभव कराएगा। लेकिन इन शांत एवं खूबसूरत वादियों में पडोसी देश पाकिस्तान एवं तथाकथित उन्मादी तत्व आतंक की घटनाओं को अंजाम देकर अशांति फैलाते रहते हैं।ऐसे ही जम्मू-कश्मीर के पुंछ इलाके में एक आतंकी हमले के बाद सेना के वाहन में आग लगने से पांच जवान शहीद हो गए, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया।



**ललित गर्ग**
**स्वतंत्र पत्रकार**

नागरोटा में तैनात सेना की 16वीं कोर ने शहीद हुए सैनिकों की पहचान हवलदार मंदीप सिंह, लांसनायक देबाशीश बस्वाल, लांसनायक कुलवंत सिंह, सिपाही हरकृष्ण सिंह और सिपाही सेवक सिंह के रूप में बताई है। शहीद हुए पांच सैनिकों में से चार पंजाब के और एक ओडिशा का रहने वाला था। देबाशीश बस्वाल ओडिशा के अलगुम सामिल खंडायत के निवासी थे, जबकि मंदीप सिंह पंजाब के चानकोईयां काकन गांव के, हरकृष्ण सिंह तलवंडी बारथ गांव के, कुलवंत सिंह चारिक के और सेवक सिंह वाघा के रहने वाले थे। सूत्रों ने बताया कि अधिकारियों ने वाहन पर गोलियों के निशान देखे हैं और वहां से ग्रेनेड के टुकड़े बरामद हुए हैं, जिससे इसके आतंकी हमला होने की पुष्टि हुई है।

लम्बे समय की शांति, अमन-चैन एवं खुशहाली के बाद एक बार फिर कश्मीर में अशांति एवं आतंक के बादल मंडराये हैं। धरती के स्वर्ग की आभा पर लगे ग्रहण के बादल छंटने लगे थे कि एक बार फिर कश्मीर के पुंछ इलाके में हुए इस आतंकी हमले की जांच में यह भी खुलासा हुआ है कि इसे जम्मू-कश्मीर में जी-20 सम्मेलन से पहले एक सुनियोजित हमला बताया जा रहा है। यह हमला ऐसे समय में किया गया, जब भारत इस साल जी-20 समिट की अध्यक्षता कर रहा है। इसके तहत लेह में 26 से 28 अप्रैल को और श्रीनगर में 22 से 24 मई को बैठक होनी है। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में सेना के ट्रक पर हुआ आतंकी हमला इसी माह लेह में और अगले महीने श्रीनगर में होने वाली जी-20 समिट की बैठकों को रद्द कराने की साजिश के तहत किया गया था।मैंने हाल ही अपनी एक सप्ताह की कश्मीर यात्रा में देखा कि केन्द्र सरकार कश्मीर में विकास कार्यों को तीव्रता से साकार करने में जुटी है, न केवल विकास की बहुआयामी योजनाएं वहां चल रही हैं, बल्कि पिछले 8 सालों में कश्मीर में आतंकमुक्त करने में भी बड़ी सफलता मिली है। बीते साढ़े तीन दशक के दौरान कश्मीर का लोकतंत्र कुछ तथाकथित नेताओं का बंधुआ बनकर गया था, जिन्होंने अपने राजनीतिक स्वार्थों के लिये जो कश्मीर देश के माथे का ऐसा मुकुट था, जिसे सभी प्यार करते थे, उसे डर, हिंसा, आतंक एवं दहशत का मैदान बना दिया। तीन दशकों से कश्मीर घाटी दोषी और निर्दोषी लोगों के खून की हल्दीघाटी बनी रही है। लेकिन वर्ष 2014 के बाद से, नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से वहां शांति एवं विकास का अपूर्व वातावरण बना है। केन्द्र सरकार के सामने अब बड़ा लक्ष्य है वहाँ लोगों को बन्दूक से सन्दूक तक एवं आतंक से अमन-चैन तक लाने का, बेशक यह कठिन और पेचीदा काम है लेकिन राष्ट्रीय एकता और निर्माण संबंधी कौन-सा कार्य पेचीदा और कठिन नहीं रहा है? इन कठिन एवं पेचीदा कामों को आसान करना ही तो नरेन्द्र मोदी एवं उनकी सरकार का जादू रहा है। मोदी कश्मीर को जी-20 की बैठक के लिये चुनकर दुनिया को दिखाना चाहते हैं कि नेतृत्व चाहे तो दुनिया से आतंकवाद को समाप्त किया जा सकता है। इस बैठक में जी-20 सदस्य देशों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में भाग लेंगे।

कश्मीर सहित समूची दुनिया से आतंकवाद को समाप्त करने का नेतृत्व करके मोदी एक और करिश्मा घटित करने को तत्पर है, पुंछ जैसी घटनाएं उनके इरादों को कमजोर नहीं, बल्कि बलशाली ही बनाती हैं। जिस जगह पर हमला हुआ वहां पर सीमा सड़क संगठन द्वारा एक बोर्ड लगाया गया है जिसमें लिखा है कि हेलमेट लगाकर दोपहिया वाहन चलाएं, इस बोर्ड के ऊपर भी गोलियों के निशान बने हुए हैं। जहां पर हमला हुआ वहां पर एक बहुत बड़ा पत्थर है इस पत्थर की आड़ लेकर भी आतंकियों ने सैन्य वाहन पर गोलीबारी की। आतंकियों ने जिस जगह पर सैन्य वाहन पर हमला किया उस जगह पर सड़क के नीचे से एक पुलियां गुजरती है जिसमें एक नहीं कई लोग आराम से छिप कर बैठ सकते हैं। सड़क के किनारे पर अभी भी सामान बिखरा हुआ पड़ा है। जबकि सड़क के दोनों तरफ काफी घना जंगल है जिसके अंदर आतंकी सुरक्षित शरण लेकर अपने ठिकानों तक पहुंच सकते हैं। 15 अगस्त 47 के दिन से ही पड़ोसी देश पाकिस्तान एक दिन भी चुप नहीं बैठा, लगातार आतंक की आंधी को पोषित करता रहा, अपनी इन कुचेष्ठाओं के चलते वह कंगाल हो चुका है, आर्थिक बदहाली में कटोरा लेकर दुनिया घूम आया, अब कोई मदद को तैयार नहीं, फिर भी उसकी घरेलू व विदेश नीति ह्यकश्मीरह्व पर ही आधारित है। कश्मीर सदैव उनकी प्राथमिक सूची में रहा। पाकिस्तान जानता है कि सही क्या है पर उसकी उसमें वृत्ति नहीं है, पाकिस्तान जानता है कि गलत क्या है पर उससे उसकी निवृत्ति नहीं है। कश्मीर को अशांत करने का कोई मौका वह खोना नहीं चाहता। आज के दौर में उठने वाले सवालों में ज्यादातर का जवाब केंद्र सरकार को ही देना है, उसने सटीक जवाब देकर आतंकियों के मनसूबों को ढेर किया है, पड़ोसी देश की गर्दन को मरोड़ा भी है। यह बात भी सही है कि इस मसले को दलगत राजनीति से दूर रखा जाना चाहिए। ऐसे वक्त में जब कश्मीर में लोकतांत्रिक तरीके से सरकार बनाने की तैयारियां चल रही हों, वहां शांति स्थापित करना सभी की प्राथमिकता होनी चाहिए। अब कश्मीर में आतंक का अंधेरा नहीं, शांति का उजाला होना ही चाहिए। आए दिन की हिंसक घटनाएं आम नागरिकों में भय का माहौल ही बनाती हैं। माना कि रोग पुराना है, लेकिन ठोस प्रयासों के जरिए इसकी जड़ का इलाज होना ही चाहिए। इनमें अपनी सुरक्षा के प्रति भरोसा जगाना सरकार की पहली जिम्मेदारी है। घाटी में सक्रिय आतंकियों के खात्मे में सुरक्षा तंत्र ने काफी कामयाबियां हासिल की हैं। अब जरूरत है खुफिया तंत्र को दूसरी तरह की चुनौतियों का सामना करने को तैयार एवं सक्षम किया जाये।

# सच्चाई की जीत

एक गांव था जिसका नाम मायापुर था। और गांव की सुंदरता का तो कुछ कहना ही नहीं था। क्योंकि उस गांव के किनारे ही एक विशाल जंगल था और उस जंगल में कई तरह के जंगली जानवर पशु-पक्षी रहा करते थे। एक दिन की बात है की एक लकड़हारा लकड़ियों को लेकर जंगल के रास्ते से अपने गांव की और जा रहा होता है। तभी उसे अचानक एक रास्ते पर शेर मिल जाता है और उस लकड़हारे से कहता है। देखो भाई आज मुझे कोई भी शिकार सुबह से नहीं मिला है और मुझे बहुत तेज भूख लगी है। में तुम्हे खाना चाहता हूँ और तुम्हे खा कर में अपनी भूख मिटाऊंगा। तभी लकड़हारा घबराकर कहता है ठीक है अगर मुझे खाने से तुम्हारी भूख मिट सकती है और तुम्हारी जान बच सकती है



तो मुझे ये मंजूर है। लेकिन उससे पहले में तुमसे कुछ कहना चाहता हूँ शेर कहता है कहो तुम तो भैया अकेले हो और तुम्हारे कर किसी की ज़िम्मेदारी भी नहीं है परन्तु मेरे घर पर बच्चे बीवी भूख से व्याकुल हो रहे है। इस कारण मुझे यह लड़कियाँ बेचकर घर पर भोजन लेकर जाना होगा, परन्तु में तुमसे ये वादा करता हूँ की में अपने बीवी और बच्चों को भोजन देकर तुरंत तुम्हारे पास आ जाऊंगा। तभी शेर बड़ी तेज हँसते है और कहता है कि तुमने क्या मुझे पागल समझ रखा है। तुम्हे मेरा शिकार बनना ही पड़ेगा। तभी लकड़हारा रोता है और कहता है कृप्या मुझे जाने दो में अपना वादा नहीं तोडूंगा। शेर को उसपर दया आ जाती है और कहता है की तुम्हे सूर्य डूबने से पहले ही आना होगा। लकड़हारा कहता है ठीक है। जब लकड़हारा अपनी बीवी और बच्चों को भोजन देकर शेर के पास वापस आया तो शेर प्रसन्न होता है और कहता है। तुम्हें मार कर में कोई पाप नहीं करना चाहता। तुम ईश्वर के सच्चे भक्त हो। तभी लकडहारा शेर का धन्यवाद करता है और खुशी खुशी अपने घर लोट जाता है।

**शिक्षा :-**

**हमें हमेशा सच बोलना चाइये क्योंकि सच्चाई से ही व्यक्ति को सफलता प्राप्त होती हैं ।**

नज़रिया

# अनुकरणीय है माता सीता का चरित्र

पौराणिक कथाओं के अनुसार माता सीता का जन्म वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को हुआ था। इसलिए हर साल माता सीता की जयंती सीता नवमी, सीता जयंती या जानकी नवमी के रूप में बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाई जाती हैं। इस साल सीता नवमी 29 अप्रैल शनिवार को मनाई जा रही है। इस दिन स्वयं सिद्ध अबूझ मुहूर्त है। इस दुर्लभ संयोग पर माता सीता के साथ भगवान राम का पूजन करना श्रेष्ठ रहता है। सीता नवमी के दिन विवाहित महिलाएं व्रत रखती हैं और अपने पति की लंबी उम्र की कामना करती हैं। सीता नवमी व्रत करने से व्यक्ति में शील, मातृत्व, त्याग और समर्पण जैसे गुण आते हैं। सीता और भगवान राम की एक साथ पूजा करने से वैवाहिक जीवन में सुख-शांति बनी रहती है।



**रमेश सर्राफ धमोरा**
**पत्रकार**

**हिंदू कैलेंडर में सीता जन्मदिवस रामनवमी के एक महीने के बाद आती है। देवी सीता मिथिला के राजा जनक की पुत्री थीं। इसलिए इस दिन को जानकी नवमी के नाम से भी जाना जाता है।**

ऐसा माना जाता है कि पुष्य नक्षत्र में माता सीता का जन्म हुआ था। देवी सीता का विवाह भगवान राम से हुआ था। भगवान राम का जन्म भी चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को हुआ था। हिंदू कैलेंडर में सीता जन्मदिवस रामनवमी के एक महीने के बाद आती है। देवी सीता मिथिला के राजा जनक की पुत्री थीं। इसलिए इस दिन को जानकी नवमी के नाम से भी जाना जाता है।

हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार जब राजा जनक यज्ञ करने के लिए भूमि की जुताई कर रहे थे तो उन्हें सोने के ताबूत में एक बच्ची मिली। जुताई वाली भूमि को सीता कहा जाता था। इसलिए राजा जनक ने बच्ची का नाम सीता रखा। राजा जनक की पुत्री होने के कारण इन्हे जानकी, जनकात्मजा अथवा जनकसुता भी कहते थे। मिथिला की राजकुमारी होने के कारण यें मैथिली नाम से भी प्रसिद्ध है। भूमि में पाये जाने के कारण इन्हे भूमिपुत्री या भूसुता भी कहा जाता है।

सीता नवमी के दिन पूरे देश में भगवान राम और जानकी मंदिरों में विशेष पूजा व अनुष्ठान किया जाता है। मंदिरों को सजाया जाता है। रामायण पाठ के बाद भजन कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं। कुछ मंदिर द्वारा राम रथ यात्रा निकालते हैं और जय सिया राम का जाप करते हैं और पूरे रास्ते भक्ति गीत गाते हैं।

मिथिला परिक्षेत्र में धार्मिक अनुष्ठान संग परिक्रमा, पदयात्रओं का व्यापक चलन है। वहां वर्ष में तीन बार परिक्रमा यात्रओं का विशेष महत्व है। बैशाख, अगहन और फाल्गुन महीने में लोग राम-सीता की स्मृतियों को संजोकर भक्तिभाव से पदयात्र पर निकलते हैं। राम-सीता विवाह में आए श्रद्धालु अगहन महीने में जनकपुर नगर परिक्रमा करते हैं। फाल्गुन की मिथिला परिक्रमा राम के मिथिला आगमन, राम-सीता प्रथम भेंट और इनके होली उत्सव से जुड़ी परंपरा है। बैशाख परिक्रमा सीता जन्म प्रसंग से जुड़ा आयोजन है। इस अवसर पर जानकी जन्मभूमि सीतामढ़ी से यात्र निकलती है। वहां इससे पृथक तीन अन्य यात्रओं की भी परंपरा है। पहली यात्र जानकी नवमी के बीस दिन पूर्व निकाली जाती है। इसके माध्यम से कई पौराणिक मंदिर और राम-सीता से जुड़े पावन स्थलों की यात्र संपन्न की जाती है। इनमें वागमती पुरातन धारा किनारे का परशुराम तीर्थ और पंथपाकड़ भी हैं। गोस्वामी तुलसीदास जी बालकांड के प्रारंभ में आदिशक्ति सीता जी की वंदना करते हुए कहते हैं:-

उद्भवस्थिति संहारकारिणी क्लेशहारिणीम।
सर्वश्रेयस्करीं सीतां नतोऽहं रामवल्लभाम ।

माता जानकी ही जगत की उत्पत्ति, पालन और संहार करने वाली तथा समस्त संकटों तथा क्लेशों को हरने वाली हैं। मां भगवती सीता सभी प्रकार का कल्याण करने वाली रामवल्लभा हैं।

जानकारी

# कैथरीन, कलहट्टी और पायकारा झरने



ऊटी में झरने को याद नहीं किया जा सकता है। वे प्रकृति और रोमांच के प्रति उत्साही दोनों के लिए आदर्श स्थान हैं। ऊटी में प्राकृतिक झरने परिवारों के लिए रोमांचक ट्रेकिंग स्पॉट और पिकनिक स्थलों के रूप में जाने जाते हैं। कैथरीन फॉल्स अपनी आकर्षक सुंदरता, विस्मयकारी झरने के पानी के लिए प्रसिद्ध है जो 250 मीटर की ऊंचाई से उतरता है और आसपास के हरे और घने जंगल जो एक त्रुटिहीन प्राकृतिक पृष्ठभूमि बनाता है। ऊटी के मुख्य शहर से बमुश्किल 14 किलोमीटर दूर, कलहट्टी जलप्रपात बेलिका में स्थित है और एक प्रसिद्ध पर्यटन स्थल है। जलप्रपात पक्षी के रूप में जाना जाता है वाचर्स पैराडाइज और फॉल्स की चोटी आपको पूरी घाटी का सबसे अद्भुत हवाई दृश्य प्रदान करती है। हरे भरे जंगलों के बीच बसा पायकारा जलप्रपात देखने लायक है। 55 मीटर और 61 मीटर की ऊंचाई से उगता यह झरना दो अलग-अलग खंडों में उत्पन्न होता है जो चट्टानों के ऊपर बहने से पहले आधार पर विलीन हो जाते हैं।

# Lava Blaze 1X 5G होगा 50 मेगापिक्सल कैमरा

नई दिल्ली: Lava जल्द ही भारत में नया स्मार्टफोन Lava Blaze 1X 5G लॉन्च करने की तैयारी कर रहा है। ब्रांड ने आधिकारिक लॉन्च से पहले ही अपनी वेबसाइट पर डिवाइस के सभी स्पेसिफिकेशंस का खुलासा किया है जो कि अगले हफ्ते आने की उम्मीद है। यहां हम आपको आगामी Lava Blaze 1X 5G के फीचर्स और स्पेसिफिकेशंस के साथ कीमत आदि के बारे में विस्तार से बता रहे हैं।



लैंडिंग पेज के अनुसार, आगामी Lava Blaze 1X 5G में Blaze 5G स्मार्टफोन जैसे ही स्पेसिफिकेशन मिलने की संभावना है। इन स्पेसिफिकेशंस में 90Hz रिफ्रेश रेट के साथ 6.5 इंच ऌऊ + डिस्प्ले और MediaTek Dimensity 700 SoC शामिल है। हालांकि, Blaze 1X 5G में 6GB फ्श्रट और 5GB तक वर्चुअल फ्श्रट (कुल 11GB RAM) का ऑप्शन आएगा।

**अनुमानित कीमत और उपलब्धता**

कीमत की बात की जाए तो Lava Blaze 1X 5G की कीमत लगभग 12,000 रुपये होगी। उपलब्धता की बात करें तो यह स्मार्टफोन जल्द ही मार्केट में दस्तक दे सकता है। Lava Blaze 1X 5G को ग्लास ब्लू और ग्लास ग्रीन कलर ऑप्शन में खरीदा जा सकता है।

**Lava Blaze 1X 5G के स्पेसिफिकेशंस**

Lava Blaze 1X 5G में 6.5 इंच की 2.5D IY½OXÊ डिस्प्ले दी गई है, जिसका रेजोल्यूशन 1600 X 720 पिक्सल और रिफ्रेश रेट 90Hz है। यह स्मार्टफोन Mali-G57 MC2 GPU के साथ ऑक्टा कोर MediaTek Dimensity 700 7ल्ले प्रोसेसर से लैस होकर आएगा। इस फोन में 6GB RAM और 128GB इंटरनल स्टोरेज दी जाएगी, जिसे माइक्रोएसडी कार्ड द्वारा 1TB तक बढ़ाया जा सकता है। यह स्मार्टफोन Android 12 पर काम करेगा। इस फोन में 5000mAँ की बैटरी दी गई है जो कि 15ह चार्जिंग का सपोर्ट करती है।

साइबर दुनिया

टॉप ट्वीट

"इस बार मन की बात खास महत्व रखने वाली है क्योंकि इस 100वें एपिसोड में प्रधानमंत्री देश को नया संदेश तो देंगे ही। साथ ही 100वें एपिसोड की खास उपलब्धि पर 100 रुपये का सिक्का भी जारी होगा जो मिश्रित धातु से निर्मित 35 ग्राम वजनी होगा।"

**रमेश सोनी**
**अजमेर शहर भाजपा अध्यक्ष**





"रानी मच्छलक्ष्मी के बारे में सबसे अच्छी बात यह है कि वह लार्जर देन लाइफ पर्सोना अनुसरण करती हैं। पोस्टर देखकर आप ये अनुमान लगा सकते हैं , वह बहुत ही बुद्धिमान है , वह तेज-तर्रार है, और उनकी भूमिका निभाना वास्तव में बहुत ही शानदार अनुभव रहा। यह किरदार बहुत ही चुनौतीपूर्ण लेकिन रोमांचकारी था। एक्शन प्रिंस ध्रुवा के साथ के साथ स्क्रीन साझा करने के लिए बेहद उत्साहित हूं।"

**रेश्मा नानैया**
**दक्षिण भारतीय अभिनेत्री**

संपादक के नाम पत्र

# ग्रामीणों के हौसले बुलंद

नक्सलवाद के नाम से थरार्ते ग्रामीणों की धीरे धोरे अच्छे दिन लौट रहे है ।नक्सली उसी माटी के सपूत है ।जिस माटी में पले बड़े हुए है ।धरती माता के लाडले ऐसे युवाओ की क्या मजबूरी है कि अपने ही अपनो का खून बहाकर शूरवीरता दिखा रहे है ।नक्सवाद और आतंकवाद एक सिक्के के दो पहलू है ।नक्सलवाद नासूर बनता जा रहा था ।लेकिन पिछले कई दशकों से नक्सलियों द्वारा हमले कम हुए है ।पहले नक्सलियों के फरमान ग्रामीणों को मानना पड़ता था ।लेकिन अब नक्सलियों के फरमान का खुला विरोध होता है ।इस वर्ष चुनाव होने है ।उसी कड़ी में 2024में लोकसभा चुनाव है ।हर बार नक्सलियों के फरमान पर वोट में गिरावट आती थी ।लेकिन विगत वर्षों से शिक्षा और जागरूकता बढ़ने से आदिवासियों की दहशत कम हुई है ।सरकार द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए जाते है ।इस वजह से नक्सल प्रभावित्त जिलों में मतदान बढ़ता जा रहा है ।सुरक्षा बलों की सुरक्षा से हालात बदल गए है ।बस्तर नक्सल प्रभावित क्षेत्र रहा है ।लेकिन तेजी से बदल रहा है। अंतागढ़,नारायणपुर, बीजापुर,कोटा भानुप्रतापपुर दंतेवाड़ा और चित्रकोट में सरकार के आंकड़ो के हिसाब से 20 प्रतिशत मतदान बढ़ा है ।बस्तर में नक्सली अंगुली काटने की धमकी देते थे ।2018 में 90 तो 2023 में 70 जिलों तक नक्सल सिमट कर रह गया है ।सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रही है ।जिंदा समर्पण करो या फिर बंदूक की गोली से मरने के लिए तैयार रहो ।एक दशक के आंकड़ो पर घोर किया जाए तो दस राज्य में 106 जिले नक्सलवाद प्रभावित था। **कांतिलाल मांडोत**

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर >> अपडेट

### ग्रीन कार्ड धारियों के लाभुकों के बीच अनाज वितरण

**बड़कागांव** : बड़कागांव मध्य पंचायत स्थित जन वितरण प्रणाली दुकान के दुकानदार मोहम्मद हलीम द्वारा नवंबर माह 2022 का ग्रीन कार्ड धारियों के लाभुकों के बीच अनाज वितरण किया गया। इस अवसर पर मुखिया मोहम्मद तकरीमुल्ला खान, पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि मोहम्मद इब्राहिम, वार्ड सदस्य मुस्कान परवीन सहित बड़ी संख्या में लागू एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## सिटी अपडेट्स >>

### मस्जिद टोला में चापाकल खराब पानी की समस्या बढ़ी

**बड़कागांव** : बड़कागांव जामा मस्जिद चौक में चापाकल खराब होने की होने से पेयजल की समस्या बढ़ गई है। दर्जनों ऐसे निजी कुएँ हैं। जो जवाब दे चुके हैं। ऐसी परिस्थिति में महिलाओं को दूरदराज से पानी लाना पड़ता है। इस टोले में हिंदू एवं मुस्लिम समुदाय के लगभग 200 घर है। महिलाओं ने बताया कि यह चापाकल रामनवमी में से पहले ही खराब है। मस्जिद टोला के पास रामनवमी के दौरान चापाकल को लेकर निरीक्षण करने आए थे।

### पीरटांड के कई स्कूलों में रूबेला टीकाकरण एवं कोविड जाँच शिविर का आयोजन

**पीरटांड** : पीरटांड प्रखंड के कई स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में रूबेला टीकाकरण कैम्प एवं कोविड जाँच शिविर का आयोजन किया गया। जिसकी जानकारी देते हुए बीपीएम सरिता कुमारी ने बताया कि प्रखंड के चिरकी स्थित पीएनबी बैकं,चतरो,फतेपुर,दुधनियाँ एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय मधुबन में कोविड जांच एवं रूबेला टीकाकरण कैंप का आयोजन एक साथ किया गया ।जहाँ उपस्थित सेकड़ो बच्चो ने कोविड जाँच करवाया और रूबेला का टीका भी लिया। रूबेला का टीका लेने में बच्चों में काफी उत्साह देखा गया।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### इचाक प्रखंड में आजीविका महिला समूहों को मिला मिनी ट्रैक्टर

**इचाक** : इचाक प्रखंड कार्यालय में जेएसएलपीएस और भूमि संरक्षण विभाग से कृषि यांत्रिकीकरण प्रोत्साहन योजना के तहत इचाक प्रखंड मिशन प्रबंधन इकाई से विभिन्न पंचायतों की आजीविका महिला समूहों को दरिया पंचायत भवन में अनुदान पर मिनी ट्रैक्टर का वितरण किया गया। इस वितरण समारोह का मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य रेनू देवी उपस्थित हुवे। मंच संचालन सामुदायिक समन्वयक धर्मेंद्र कुमार ने किया। समारोह में 3 आजीविका महिला समूह को मिनी ट्रैक्टर दिया। जिसमें रानी सखी मंडल ढाढ़ा, चांदनी सखी मंडल डाडीघाघर और शारदा सखी मंडल देवकुली शामिल हैं। मौके पर जिला परिषद सदस्या ने कहा कि महिलाओं को जो यह कृषि यंत्र मिला है, वह सब इसका इस्तेमाल अपने खेतों में करें। सरकार द्वारा यह योजना की शुरूआत महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और पुरुष के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ाने हेतु किया गया है। उन्होंने कहा कि ट्रैक्टर चलाने के लिए महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि कुशलचंद्र मेहता, पंचायत समिति सदस्य छात्रधारी महतो, डाडी घाघर पंचायत मुखिया नंदकिशोर मेहता, देवकुली पंचायत मुखिया मंजू देवी, मुखिया प्रतिनिधि महेंद्र दास, सीएलएफ अध्यक्ष कंचन कुमारी, सचिव रीना देवी, कोषाध्यक्ष सुनीता देवी, पीआरपी संगीता देवी, जीआरपी सरिता देवी और बैंक सखी विनीता देवी एवं अन्य महिला समूह के सदस्य उपस्थित हुए।

**शिविर** जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन के अबतक के उपलब्धियों का विस्तृत ब्यौरा किया प्रस्तुत

# नीति आयोग, के तत्वावधान में चिंतन शिविर में शामिल हुई उपायुक्त

▶▶उपायुक्त ने विष्णुगढ़ प्रखंड के नवादा के विषय पर सफलता की कहानी को बताया

▶▶जो कुल लक्ष्य का 31.41 प्रतिशत है तथा इस ओर और तीव्र गति के कार्य किए जा रहें है



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग** : हजारीबाग नीति आयोग नई दिल्ली के तत्वधान चिंतन शिविर प्रोग्राम में हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय 28 अप्रैल को डॉ अंबेडकर इंटरनेशनल भवन,नई दिल्ली में नीति आयोग के द्वारा आकांक्षी जिलों के लिए आयोजित चिंतन शिविर में शामिल हुई। नई दिल्ली में संपन्न हुए चिंतन शिविर में हजारीबाग के अलावे सरायकेला खरसावां, बोकारो, पलामू के उपायुक्त समेत चतरा मयूरहंट, दुमका जरमुंडी, गढ़वा मांझीयोन,गिरिडीह जमुआ एवं रांची मांडर के प्रखंड विकास पदाधिकारी भी शामिल हुए। उपायुक्त ने आकांक्षी जिला हजारीबाग का प्रतिनिधित्व करते हुए जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन के क्षेत्र में हुए प्रशासनिक कार्यों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। इस दौरान उपायुक्त ने विष्णुगढ़ प्रखंड के नवादा के विषय पर सफलता की कहानी को बताया।

उपायुक्त ने अपने संबोधन में हजारीबाग जिला का परिचय देते हुए पेयजलापूर्ति अंतर्गत जल जीवन मिशन के लक्ष्यों को बताते हुए अद्यतन स्थिति से उपस्थित अतिथियों को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत अब तक जिले के एक लाख चार हजार आठ सौ बानबे घरों को हर घर नल हर घर जल योजना से अच्छादित कर दिया गया है जो कुल लक्ष्य का 31.41 प्रतिशत है तथा इस ओर और तीव्र गति के कार्य किए जा रहें है।

उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन को लेकर भी हजारीबाग के कार्यों के बारे में जानकारी साझा की। इस कार्यक्रम में नीति आयोग के सीईओ एवं सदस्य, भारत सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता के सचिव व अन्य भारत सरकार के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## मध्य विद्यालय बरियठ में अष्टम वर्ग के छात्रों को दी गई विदाई




राष्ट्रीय खबर

**इचाक** : इचाक राजकीयकृत मध्य विद्यालय बरियठ के सप्तम वर्ग के छात्र छात्राओं ने अष्टम वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया। इस आयोजन के मुख्य अतिथि शिक्षा दूत राजबल्लभ मेहता थे। विशिष्ट अतिथि पंचायत समिति सदस्य उर्मिला देवी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक राकेश रंजन ने सभी अतिथियों और बच्चों का स्वागत किया एवं विद्यालय में उनके द्वारा बिताए गए समय को याद दिलाते हुए कहा कि उनकी कमी बहुत खलेगी ।परन्तु यह जीवन की यह सच्चाई है कि बच्चों को आगे की पढ़ाई के लिए विद्यालय से जाना ही पड़ता है। मौके परअभय कुमार गिरि,पिरामल फाउंडेशन अविनाश कुमार , श्वेता कुमारी सिन्हा ने बच्चों को संबोधित किया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षिका गीता कुमारी, पीरामल फाउंडेशन से मोहम्मद साबान और टीना कुमारी के अतिरिक्त सप्तम वर्ग के सभी छात्र-छात्राओं की गरिमामय उपस्थिति रही।

समर विश्वास रामगढ़ आश्रम का संस्थापक सदस्य थे : सुधांशु मिश्र

## समर विश्वास के निधन पर रामगढ़ आश्रम हाता में शोक सभा आयोजित



▶▶रामगढ़ आश्रम का विकाश में उनका काफी योगदान रहा

राष्ट्रीय खबर

**हाताः** हाता के मा टेन्ट का मालिक सह रामगढ़ आश्रम का संस्थापक सदस्य समर विश्वास का निधन बिगत 22 अप्रैल 2023 को एक सड़क दुर्घटना से हो गई। वे 66 वर्ष के थे।उनके आकस्मिक निधन से रामगढ़ आश्रम परिवार शोकाकुल है। उनको श्रद्धांजलि देने के लिए आज दिनांक 27 अप्रैल को अपराह्न 5 बजे रामगढ़ आश्रम में एक शोक सभा का आयोजन किया गया। सभी सदस्यों ने उनकी प्रतिकृति पर पुष्प प्रदान किया और उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया और भगवान से प्रार्थना की गईं।आश्रम के अध्यक्ष सुधांशु मिश्र ने इस अबसर कहा,, समर विश्वास रामगढ़ आश्रम का एक संस्थापक सदस्य थे। रामगढ़ आश्रम का विकाश में उनका काफी योगदान रहा। इस अबसर पर पूर्व जिला परिषद चंद्रवती महतो,समाजसेवी सुनील महतो,दिलीप पांडा,राजेश मिश्रा,मधुसूदन भट्टाचार्य, सरोज मुखर्जी, अनिरुद्ध गोप, कृष्ण गोप, बबलू चौधरी, श्रीमन्त पांडेय, निताई महाकुड़, पंकज मंडल, अजित कुमार दास, सुनील कुमार दे, शंकर चंद्र गोप, कमल कांति घोष, मोहितोष मंडल, राजकुमार साहू, अमल बिश्वास, अरुण नायक, बीरेंदर सिंह, राकेश मिश्रा, शिव कुमार, शंकर गुप्ता,अपूर्व गुहा, मनोज राम, उत्पल गोप, चंद्र शेखर मिश्र, सुधांशु कुंडु आदि उपस्थित थे।

# डीएमएफटी से नवनियुक्त चिकित्सकों की बैठक सम्पन्न



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग** : हजारीबाग डीएमएफटी से नवनियुक्त चिकित्सकों की बैठक उप विकास आयुक्त, हजारीबाग के कक्ष में शुक्रवार को डीएमएफटी मद से नवनियुक्त विशेषज्ञ चिकित्सकों, चिकित्सा पदाधिकारियों/दन्त चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य प्रबंधकों की बैठक आयोजित की गई। सभी चिकित्सकों से उनके कार्य करने के अनुभवों एवं कठिनाईयों के विषय में बातचीत की गई। चिकित्सकों के द्वारा आवश्यक दवाओं की अनुपलब्धता, पारा चिकित्सा कर्मियों की कमी, सुरक्षा कर्मियों की कमी आदि के विषय में उप विकास आयुक्त, हजारीबाग को अवगत कराया गया। कुछ विभागों में बिचौलियों की उपस्थिति की समस्या के विषय में भी अवगत कराया गया। प्रखण्डों में कार्यरत नवनियुक्त चिकित्सकों के द्वारा स्टॉफ क्वार्टर की कमी की बात रखी गई, जिसे उप विकास आयुक्त ने शीघ्र दूर करने का भरोसा दिया। बरकट्ठा, विष्णुगढ एवं केरेडारी स्वास्थ्य केन्द्रों में दन्त चिकित्सकों हेतु आवश्यक उपकरणों की कमी की बात बताई गई।

उप विकास आयुक्त, हजारीबाग के द्वारा कतिपय समस्याओं का त्वरित समाधान किया गया एवं संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश निर्गत किए गए निश्चेतना विभाग के डॉ0 मेराज अहमद के द्वारा बताया गया कि उन्होंने इस महीने 96 वर्ष के एक वृद्ध जिनके गर्दन में फ्रैक्चर हो गया था उनका सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया। उप विकास आयुक्त के द्वारा सभी चिकित्सकों के कार्यों की सराहना करते हुए स्वास्थ्य सेवा को और बेहतर बनाने हेतु प्रेरित किया गया।

## 2019 लोकसभा चुनाव में आचार संहिता उल्लंघन करने के आरोप में केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा

▶▶देवी को 200 रुपया का सजा सुनाया गया है

▶▶अर्थदंड नहीं जमा करने के बाद एक दिन की व्यवहार न्यायालय हजारीबाग में सजा काटना होगा



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग** : हजारीबाग भारत सरकार केंद्रीय शिक्षा मंत्री कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी आचार संहिता उल्लंघन करने के आरोप में कोर्ट के द्वारा 200 रुपया अर्थदंड का जुमार्ना नही देनी के बाद एक दिन की हजारीबाग व्यवहार न्यायालय जयप्रकाश कारा केंद्र जाना पड़ेगा । केंद्रीय मंत्री कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी अधिवक्ता नवनीत प्रसाद ने कहा कि केंद्र मंत्री आचार संहिता के उल्लंघन 2019 लोकसभा चुनाव बूथ सेंटर पर बीजेपी के झंडा ले जाने का आचार संहिता का उल्लंघन किया गया था। उल्लंघन में 200 रुपया का जुमार्ना कोर्ट के द्वारा लगाया गया है अन्यथा जुमार्ना नहीं देने के बाद एक दिन की हजारीबाग व्यवहार न्यायालय सजा काटना होगा।

**स्वच्छ पानी** अशुद्ध पानी के सेवन से हैजा, डायरिया एवं टाइफाइड जैसी गंभीर बिमारियों को जन्म देती

# महिला समिति रूक्मिणी भवन हजारीबाग ने आर्ष कन्या गुरूकुल में लगाया गया 'केंट आरओ' वाटर प्युरिफायर

▶▶वाटर प्युरिफायर के मदद से बालिकाओं व शिक्षकों को शुद्ध पानी पीने में मिलेगी सहुलियत : बीणा प्रसाद




राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग** : हजारीबाग महिला समिति रूक्मिणी भवन हजारीबाग द्वारा दिन शुक्रवार को नवाबगंज स्थित आर्ष कन्या गुरूकुल प्रांगण में बालिकाओं व शिक्षकगण के लिए शुद्ध पानी पीने के लिए ह्यकेंट आरओह्न वाटर प्युरिफाइर लगाया गया। इस अवसर पर महिला समिति द्वारा अध्ययनरत बालिकाओं के बीच फल का भी वितरण किया गया। सचिव अखौरी बीणा प्रसाद ने कहा कि अशुद्ध पानी के सेवन से हैजा, डायरिया एवं टाइफाइड जैसी गंभीर बिमारियों को जन्म देती है। इस गंभीर बिमारियों से बचने के लिए शुद्ध पानी का पीना बेहद जरुरी है। इस ह्यकेंट आरओह्न वाटर प्युरिफाइर के मदद से बालिकाओं व शिक्षकों को शुद्ध पानी पीने में सहुलियत मिलेगी। महिला समिति इस प्रकार की कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाकर संकल्पित होकर सेवारत है। सहसचिव नुतन सहाय ने कहा कि आर्ष कन्या गुरूकुल में इस प्रकार सहयोग कर पाना महिला समिति के सदस्यों का सौभाग्य है। स्वास्थ्य एवं समग्र कल्याण के लिए शुद्ध पानी पीना बेहद जरुरी है। मौके पर विशेष रूप से महिला समिति के सचिव आखौरी बीणा प्रसाद, सहसचिव नुतन सहाय, सदस्य चंचला रॉय, सबिता मलिक, प्रतिमा गुप्ता, अनीता कुमारी, पुष्पा प्रकाश एवं काजल चौरसिया शामिल थे।

## न्यूज फटाफट

### चौरसिया कल्याण समिति की जिला कार्यकारिणी की बैठक रंजीत के नेतृत्व में 30 अप्रैल को हजारीबाग में होगी सम्पन्न

**हजारीबाग** : हजारीबाग चौरसिया कल्याण समिति की जिला कार्यकारिणी की बैठक 30 अप्रैल दोपहर 2 : 00 बजे से हजारीबाग के नवाबगंज दूसरी गली, सर्वोत्तम जांच घर स्थित जिला कार्यालय में होगी। इसकी अध्यक्षता चौरसिया कल्याण समिति के हजारीबाग जिला अध्यक्ष रंजीत कुमार चौरसिया उर्फ सर्वोत्तम करेंगे। इस संबंध में जिला अध्यक्ष के प्रेस सलाहकार गौतम कुमार चौरसिया ने बताया कि जिला कार्यकारिणी की बैठक में समिति की आगामी कार्यक्रमों की घोषणा, पूर्व में आयोजित कार्यक्रमों की समीक्षा और राज्य के वर्तमान राजनीतिक हालात पर भी चर्चा की जाएगी। इस दौरान राज्य के ज्वलंत विषयों पर मंथन भी किया जाएगा। जिसमें पिछड़ों की हकमारी, जातीय जनगणना, खतियान आधारित स्थानीय एवं नियोजन नीति, झारखंड आंदोलनकारियों को सम्मान और हाल ही में विधासनभा के सत्र में राज्य सरकार की ओर से पारित किए गए विधेयक मुख्य रूप से शामिल हैं।

### धवैया में कलश यात्रा के साथ एकादशी उद्यापन कार्यक्रम का आयोजन

**इचाक** : इचाक थाना क्षेत्र के ग्राम धवैया में कलश यात्रा के साथ पांच दिवसीय एकादशी उद्यापन का कार्यक्रम का किया गया आयोजन । कलश ग्राम धवैया से सेवन नदी नगवां 51 कलश के साथ पुजारी गोपाल सिंह धर्म पत्नी सुकन्या सिंह मां शकुंतला देवी आचार्य रामाकांत पंडित के द्वारा मंत्रोच्चारण कर जल उठाव सैकड़ों भक्तों के साथ जयकारा लगाते हुए यात्रा किया गया। गोपाल सिंह ने बताया कि हमारी मां 12 वर्षों तक कठिन परिश्रम से पूजा करते आ रही थी जो पूरा हुआऔर आज एकादशी उद्यापन का कार्यक्रम किया गया । कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपप्रमुख सत्येंद्र मेहता ,मुखिया रंजीत मेहता, पूर्व मुखिया आंजना मेहता, 20 सूत्री पूर्व उपाध्यक्ष निरंजन मेहता, जीएम कॉलेज संचालक विनय मेहता, संजय सिंह, राजकुमार सिंह, अरुण सिंह,शशि सिंह, पंकज सिंह, सुजीत मेहता, उमेश कांत, बजरंग सिंह, दिनेश मेहता ,राजेंद्र मेहता ,जदयू नेता अर्जुन मेहता, वासुदेव मेहता, कृष्ण देव यादव सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### मंत्री अन्नपूर्णा देवी एवं जीप अध्यक्ष उमेश मेहता ने लाखों रुपए योजना का किया शिलान्यास



**इचाक** : इचाक मंत्री अन्नपूर्णा देवी और जिला परिषद चेयरमैन उमेश मेहता ने शुक्रवार को 1 करोड़ 58 लाख की योजना का शिलान्यास किया। शिलान्यास इचाक प्रखंड के मध्य विद्यालय करियातपुर चंदा में 93 लाख और कल्याण गुरुकुल सिझुवा में 65 .69 लाख के लागत से उन्नयन कार्य का शिलान्यास किया गया। आचार्य धर्मेंद्र शास्त्री ने पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना कर शिलान्यास करवाया। इस दौरान शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा की पूरे लोक सभा क्षेत्र में तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं। इसी कड़ी में कई विद्यालयों को भी विकसित करने का कार्य किया जा रहा है, ताकि छात्र छात्राओं को गुणवता पूर्ण शिक्षा मिल सके। क्षेत्र का विकास करना ही मेरी पहली प्राथमिकता है। लगातार क्षेत्र में योजनाओं का शिलान्यास होना विकास को दशार्ता है। जल्द क्षेत्र में कई और विकास योजनाओं को जमीन पर उतारा जायेगा। जीप चेयरमैन उमेश प्रसाद मेहता ने कहा की क्षेत्र का विकास तभी होगा जब इस क्षेत्र में शिक्षा की व्यवस्था अच्छी हो। साथ ही कहा की क्षेत्र के विकास के लिए लगातार प्रयासरत हू। सड़क, भवन, पूल पुलिया समेत अन्य विकास योजनाओं को धरातल पर उतारना है। इस दौरान कल्याण गुरुकुल में शिक्षा प्राप्त कर रही छात्राओं ने अतिथियों का स्वागत किया एवम गुरुकुल द्वारा पढ़ाए जा रहे स्किल डेवलपमेंट कोर्स की जानकारी दी। मौके जीप सदस्य रेणु देवी, सांसद प्रखंड प्रतिनिधि भागवत मेहता, हरिहर मेहता, पूर्वी जीप प्रतिनिधि अशोक मेहता ,महेश साव, मुखिया निशु कुमारी, पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष गौतम नारायण सिंह, पूर्व मुखिया डेग्नारायण मेहता, मनोज मेहता, भाजपा मंडल अध्यक्ष जयनंदन मेहता, सुभाष सोनी, सुधीर मेहता, सुनील मेहता ,रेनू कुमारी, संजय मेहता, रंजीत मेहता, मनोज मेहता, छोटेलाल मेहता, दिनेश मेहता, जिला कार्यसमिति सदस्य मुनेंद्र मेहता, निर्मल कुमार मेहता, मिथलेश राम, जेपी मेहता, दिलीप शर्मा, नीरज कुमार, राकेश मेहता, बच्चन मेहता समेत कई लोग उपस्थित थे।

### भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला महामंत्री बने : महेंद्र ठाकुरं

**हजारीबाग** : हजारीबाग भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष अजीत कुमार चंद्रवंशी के द्वारा कटकमदाग सुल्ताना निवासी महेंद्र ठाकुर की संगठन में सक्रियता को देखते हुए उन्हें ओबीसी मोर्चा का जिला महामंत्री मनोनीत किया गया है। नव मनोनीत जिला महामंत्री ने बताया कि पार्टी ने जो विश्वास जताते हुए दायित्व सौंपा है उस पर खरा उतरने के लिए हर संभव प्रयास करूंगा। पार्टी के नीति ,सिद्धांत और केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे महत्वाकांक्षी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचा कर पार्टी को और सशक्त बनाने का काम करूंगा । वर्तमान में महेंद्र ठाकुर राष्ट्रीय नाई महासभा के जिला मंत्री और नव झारखंड फाउंडेशन में जिला सचिव का दायित्व बखूबी निभा रहे हैं इनके मनोनयन पर सदर विधायक मनीष जायसवाल, भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुदेश चंद्रवंशी, हरिश श्रीवास्तव ,जिला अध्यक्ष अशोक यादव,प्रदेश कार्यसमिति किशोरी राणा, रामकिशोर सावंत, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनोज गुप्ता, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष विनोद भगत, कैलाश कुमार, जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र चौधरी, नगर पूर्वी अध्यक्ष राकेश वर्मा, नगर पश्चिमी अध्यक्ष रामजी गुप्ता ने हर्ष व्यक्त किया ।

### भगवान चित्रगुप्त का प्राकट्य उत्सव मनाया गया

**हजारीबाग** : अखिल भारतीय कायस्थ महासभा हजारीबाग जिला ने छठ तलाब स्थित भगवान चित्रगुप्त बाबा के मंदिर में गंगा सप्तमी को संध्या 7 बजे भगवान चित्रगुप्त जी के प्राकट्य उत्सव के रूप में मनाया ' अखिल भारतीय कायस्थ महासभा हजारीबाग जिला इकाई ने भगवान चित्रगुप्त जी की गंगा सप्तमी को भगवान चित्रगुप्त जी के प्राकट्य उत्सव को अवतरण दिवस के रूप में बड़े धूमधाम से मनाते हुए भगवान चित्रगुप्त जी का जलाभिषेक कर नए अंग वस्त्र एवं आभूषणों से सुसज्जित कर पूजा अर्चना आरती के उपरांत जिला अध्यक्ष दीपक नाथ सहाय ने उपस्थित चित्रांशु के बीच आज गंगा सप्तमी का महत्व को बताते हुए कहा कि परमपिता ब्रह्मा जी ने सृष्टि निर्माण के उपरांत व्यवस्थित एवं सुचारू रूप से संचालन हेतु ऋषि-मुनियों को आदेश दिया परंतु उन लोगों के द्वारा अपनी असमर्थता जाहिर करने के उपरांत परमपिता परमेश्वर ने 10000 वर्षों तक चिंता में तपस्या में लीन रहे आज ही के दिन भगवान चित्रगुप्त ने परम पिता ब्रह्मा के समक्ष अवतरित हुए परमपिता ब्रह्मा जी ने पूछा आप कौन हैं तो उन्होंने बताया मैं आप की चिंता को हरण करने हेतु आप के चितसे अवतरित हुआ हूं पितामह प्रसन्न होते हुए इनका नामांरण चित्रगुप्त रखा और सृष्टि का लेखा जोखा एवं सुव्यवस्थित रूप से संचालन की जिम्मेवारी सौंपी' भगवान चित्रगुप्त जी की का विवाह दो नागकन्या से हुआ जिनसे 12 पुत्र उत्पन्न हुए जो कायस्थ जाति से जाने जाते है ' इस कार्यक्रम को सफल बनाने में चित्रांश प्रमोद कुमार सिन्हा श्री विनय कुमार सिन्हा श्री ललित मोहन श्री नवल किशोर प्रसाद श्री शशि भूषण प्रसाद श्री अंजनी कुमार सिन्हा श्री लल्लन प्रसाद श्री ब्रिज किशोर प्रसाद श्री शिव शंकर प्रसाद श्री ललित मोहन सिन्हा श्री सतीश कुमार सिन्हा नीरज प्रसाद एवं अन्य उपस्थित चित्रांश बंधुओं के बीच प्रसाद वितरण की गयी।

## प्रदेश >> अपडेट

### एनएच से हाइवा गाड़ी की चोरी, सनहा दर्ज

**पलामू :** थाना क्षेत्र के ढाबकला गांव निवासी हाइवा चालक शशिकांत वर्मा ने हरिहरगंज थाना में हाइवा ट्रक चोरी होने की लिखित सूचना हरिहरगंज थाने को दी है। इस बाबत दिए गए लिखित आवेदन में हाइवा चालक ने कहा है कि बीते 26 अप्रैल की रात करीब 10 बजे ढाबकला गांव के समीप एनएच 98 किनारे हाइवा गाड़ी बीआर 26 जी ए 0921 को खड़ा कर अपने घर सोने चला गया। अगले दिन सुबह 05 बजे जब गाड़ी लेने के लिए पहुंचा तो वहां से गाड़ी गायब थी। इसकी जानकारी हाइवा मालिक औरंगाबाद जिले के मुफसिल थाना अन्तर्गत खैरी मंजुराही गांव निवासी कमलेश कुमार सिंह को भी दी। बाद में इसकी लिखीत सुचना थाने को देकर हाइवा चालक ने अज्ञात चोरों के विरूद्ध सनहा दर्ज कराया। इस संबन्ध में पुनि सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास ने बताया कि पुलिस ने अज्ञात चोरों पर सनहा दर्ज करते हुए जांच पड़ताल में जुट गई है।

समीक्षा

स्वीकृत योजनाओं को पूरा ना करने पर

# बीडीओ ने रोजगार सेवकों को लगाई कड़ी फटकार

राष्ट्रीय खबर



**महेशपुर (पाकुड़):** प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित सभागार में शुक्रवार को बीडीओ उमेश मंडल ने अधिकारियों तथा कर्मियों के साथ साप्ताहिक समीक्षा बैठक की। समीक्षा बैठक के क्रम में मनरेगा अंतर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए जिला द्वारा प्राप्त दिए गए लक्ष्य के अनुरुप मात्र 53 एकड़ की स्वीकृति पर पंचायत सचिव तथा रोजगार सेवक को कड़ी फटकार लगाई गई। स्वीकृत योजनाओं में अबतक कार्य प्रारंभ नहीं किए जाने को लेकर नाराजगी जताई गई। कनीय अभियंताओं को निर्देश निर्देश दिया गया कि उपरोक्त स्वीकृत योजनाओं में ले आउट कराते हुए योजनाओं में यथाशीघ्र गड्ढा पिट डीगिंग का कार्य कराना सुनिश्चित करेंगे। समीक्षा के क्रम में ससमय मजदूरी भुगतान, रिजेक्टेड ट्रांजैक्शन, पुर्व से लंबित योजनाओं की पूर्णता, पोटो हो खेल मैदान की पूर्णता एवं एनएमएमएस के माध्यम से योजनाओं में मजदूरों की उपस्थिति दर्ज कराने तथा आधार बेस्ड पेमेंट के माध्यम से मजदूरों का मजदूरी भुगतान कराना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही सभी सहायक अभियंताओं तथा कनीय अभियंताओं को प्रतिदिन पोटो हो खेल मैदान, आंगनबाड़ी केंद्र भवन निर्माण के क्रियान्वयन का पर्यवेक्षण करते हुए प्रतिवेदन प्रतिदिन कार्यालय में समर्पित करने का निर्देश दिया गया। ताकि ससमय योजनाओं को पूर्ण किया जा सके। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की समीक्षा के क्रम में लंबित पड़े आवासों को यथाशीघ्र पूर्ण कराने का निर्देश मुखिया, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक तथा पंचायत स्वयंसेवकों को दिया गया। सहायक अभियंता तथा कनीय अभियंता को पूर्ण कराने के कार्य का प्रतिदिन पर्यवेक्षण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में बीडीओ उमेश मंडल के अलावे बीपीओ रिजवान फारुकी, बीपीआरओ प्रसेनजीत मंडल, जीआईएस एक्सपर्ट संजय कुमार, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता सहित मुखिया, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक व पंचायत स्वयंसेवक उपस्थित थे।

## न्यूज फटाफट

### अवैध गिट्टी लदा टेलर जप्त



**पलामू :** जिले के वरीय अधिकारियों के निर्देश के आलोक मेंशुक्रवार को पिपरा थाना क्षेत्र अंतर्गत दुबटिया मोड़ के पास से पिपरा पुलिस ने अवैध तरीके से गिट्टी लदे एक हाईवा ट्रेलर जे एच 03 वाई/7903 को जप्त किया है। इसकी जानकारी पिपरा थाना के थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि इस संबन्ध में अग्रसर कार्रवाई के लिए पलामू डीएमओ को प्रतिवेदन भेजी गई है। कहा कि इस क्षेत्र में किसी भी अवैध परिवहन या कारोबार के विरुद्ध पुलिस शख्त कार्रवाई करेगी। साथ ही इसके लिए क्षेत्र में लगातार अभियान भी चलता रहेगा। इस अभियान में पुलिस बल के कई जवान शामिल थे।

### मन की बात कार्यक्रम का 100 वां होगा ऐतिहासिक : कर्नल संजय

**पलामू :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पीएम बनने के बाद से ही मन की बात अभियान चला रहे हैं। इस अभियान के तहत प्रधानमंत्री देशवासियों से राजनीतिक से हटकर बात साझा करते हैं। आने वाले 30 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस कार्यक्रम का 100वां संस्करण आयेगा। पीएम नरेन्द्र मोदी के 100वें संस्करण को झारखंड सैन्य प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने उत्सव के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। उन्होंने पत्रकारों को बताया कि हुसैनाबाद अनुमंडल के पीछे स्थित आवास पर इस कार्यक्रम का आयोजन 30 अप्रैल को किया जायेगा।उन्होंने कहा कि दिव्यांग संघ हुसैनाबाद अनुमंडल तथा महिला ब्रिगेड के सैकड़ों सदस्य एक साथ बैठकर प्रधानमंत्री के मन की बात के 100 वॉ संस्करण को सुनेंगे।

## रात्रि चौपाल का हुआ आयोजन एसडीओ ने कई समस्याओं का किया समाधान



राष्ट्रीय खबर

**महेशपुर (पाकुड़):** प्रखंड के आभुवा पंचायत के उच्च विद्यालय खगड़ा में गुरुवार देर शाम रात्रि चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रात्रि चौपाल कार्यक्रम में मुख्य रूप से एसडीओ हरिवंश पंडित उपस्थित थे। उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए एसडीओ ने कहा कि रात्रि चौपाल कार्यक्रम के आयोजन का मुख्य उद्देश्य है, पंचायत स्तर पर ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान प्रशासन के द्वारा पंचायत पर पहुंचकर करना। ताकि पंचायत स्तर के लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए बार-बार ऑफिस का चक्कर न लगाना पड़े। रात्रि चौपाल कार्यक्रम में बीडीओ उमेश मंडल ने प्रखंड कार्यालय स्तर से क्रियान्वित की जा रही, सरकारी योजनाओं के बारे में बारी-बारी से विस्तार पूर्वक जानकारी दी। वहीं सीओ रितेश जयसवाल ने अंचल कार्यालय से संबंधित दाखिल- खारिज आय,जाति,निवास प्रमाण पत्र पेंशन सहित अन्य योजनाओं की जानकारी दी। बीपीओ रिजवान फारुकी ने मनरेगा से संबंधित तथा प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सुनील कुमार किस्कु ने स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं के बारे में जानकारी दी। रात्रि चौपाल कार्यक्रम में लोगों ने पेयजल, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य, आंगनवाडी केंद्र, आपूर्ति सहित अन्य कई समस्याओं को रखा। जिस पर अधिकारियों को एसडीओ ने जांच कर जल्द से जल्द समाधान करने का निर्देश दिया। रात्रि चौपाल कार्यक्रम में ग्रामीणों के द्वारा शिक्षा विभाग से संबंधित दो, स्वास्थ्य से संबंधित एक, पेयजल से संबंधित छह, आंगनवाड़ी से संबंधित एक, बिजली से संबंधित एक, आपूर्ति से संबंधित पांच, मनरेगा से एक कुल 17 आवेदन दिया। मौके पर सीओ रितेश जायसवाल,बीडीओ उमेश मंडल, बीपीओ रिजवान फारुकी, बीपीआरओ प्रसेनजित मंडल, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष अब्दुल वदूद, बीईईओ तरुण कुमार घांटी, बाबूराम मुर्मु, थाना प्रभारी संतोष कुमार, मुखिया मोनिका मरांडी सहित अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

### थैलीसीमिया पीड़ित मासूम बच्चे को रक्तदान कर बचाई जान

**पाकुड़ :** इंसानियत फाउंडेशन के सदस्य द्वारा लगातार असहाय जरूरतमंदो को रक्तदान कर एक अलग पहचान बनाये है जिला पाकुड़ मे ही नहीं आसपास के जिलों मे भी डोनेट कर रहा है। इंसानियत फाउंडेशन को देखकर ग्रामीण इलाकों युवा सब बड़चड़ कर रक्तदान और आर्थिक मदद के लिए आगे आ रहे है। जानकारी के मुताबिक सदर आसपास सोनाजोरी पाकुड़ मे भर्ती संग्रामपुर के साहबूल शेख की 6वर्षीय बेटा सईद शेख को थैलीसीमिया नामक बीमारी से ग्रसित है ब्लड ग्रुप ए पॉजिटिव रक्त अति आवशयकता रही। परिवार वालों ने इंसानियत फाउंडेशन मे मदद की गुहार लगाई सूचना मिलते ही समूह के एक्टिव सदस्य राफेज शेख पाकुड़ ब्लड बैंक जाकर डोनेट कराया मौके पर समूह के अध्यक्ष बानिज शेख, मोजाहारुल शेख,कर्मचारी नवीन रहे है।

## मुख्यमंत्री से मिले पूर्व झामुमो जिला प्रवक्ता उर्दू स्कूलों के पुन: संचालन की मांग की



राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़:** झामुमो के पूर्व केंदीय समिति सदस्य सह पूर्व जिला प्रवक्ता शाहिद इकबाल ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर पाकुड़ के ज्वलंत समस्याओं पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए उन्हें एक आवेदन पत्र सौप कर शीघ्र निदान की दिशा में कदम उठाने का अनुरोध किया है।मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात के बाद पाकुड लौटे झामुमो के पूर्व केंद्रीय समिति सदस्य शाहिद इकबाल इसकी जानकारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी है। श्री इकबाल ने कहा कि लगभग 13 वर्ष पहले फरक्का गंगा फीडर कैनल से पाईप बिछाकर पूरे पाकुड़ शहर को जलापूर्ति के लिए टेंडर हुआ था। जो आज तक पूरा नहीं हुआ। पीएचडी विभाग के सुस्त रवैया के कारण पाकुड़ में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। इसे अविलंब किर्यान्वित करने की मांग की है। पाकुड़ जिला मुख्यालय में हरिणडांगा बाजार गांधी चौक के निकट स्थित हरिणडांगा उर्दू मध्य विद्यालय के साथ-साथ पाकुड़ जिले के सभी प्रखंड के उर्दू विद्यालयों को अन्य विद्यालयों में हुए विलय को रद्द कर पुनः उसमें पठन-पाठन का कार्य चलाने की मांग भी की है। वहीं सभी मध्य विद्यालयों में उर्दू शिक्षकों की बहाली पर भी ध्यान आकृष्ट कराया गया है। झामुमो के पूर्व केंद्रीय समिति सदस्य शाहिद इकबाल यह भी कहा है कि पाकुड़ जिले में कुल 99 डॉक्टर का पद है। जिसमें मात्र 26 डॉक्टर कार्यरत है। नर्सों की भी कमी है। महिला और बच्चों के लिए कोई डॉक्टर नहीं है। पाकुड़ जिला मुख्यालय का सदर अस्पताल की भी यही स्थिति है। डॉक्टर, नर्स की कमी है। इसके अलावा अल्ट्रासाउंड, पैथोलॉजी के जांच विशेषज्ञ भी नहीं है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि बीमार व्यक्तियों, बच्चों और महिलाओं की क्या स्थिति होती होगी। मुख्यमंत्री ने इस विषय पर पहल करने का आश्वासन दिया है। जिले की कई और भी अहम समस्याओं से भी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को अवगत कराया गया।

## जनता को बरगलाना बंद करें अधिकारी: बीनू सिंह



राष्ट्रीय खबर

**पलामू:** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रदेश प्रदेश महासचिव विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह ने शुक्रवार को मेदिनीनगर में कहा कि बालू की वजह आम जनता, व्यवसाई, मजदूर, राजमिस्त्री, निर्माण कार्य से जुड़े अन्य लोग परेशान हैं। पीएम आवास निर्माण कार्य के लिए बालू नहीं मिलने से निर्माण कार्य नहीं हो पा रहा है। जबकि अधिकारी निरीह गरीब लोगों के खिलाफ सार्टिफिकेट केस कर रहे हैं। यह कैसा इंसाफ है। जनता मजदूर व्यवसाई एक जुट होकर अधिकारियों और सरकार का सारा काम ठप्प कर देंगे। उन्होंने कहा कि बालू को लेकर लगातार दो वर्षो से पलामू समेत सम्पूर्ण राज्य में भवन निर्माण व विकास कार्य भी प्रभावित है। लगातार ध्यान आकृष्ट कराने के बावजूद सरकार और अधिकारी मूक दर्शक बनी है। अब जनता, मजदूर, गाड़ी मालिक, दुकानदार सभी के सब्र का बांध टूट चुका है। बालू का अवैध कारोबार अधिकारी कराकर सरकारी खजाने में सेंध लगा रहे हैं। यह जनता के साथ बड़ा धोखा है। इसके खिलाफ वह उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर करेंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड के बालू घाटों की बंदोबस्ती नहीं करने के पीछे सरकार की मंशा स्पष्ट है। अगर बालू घाटों की बंदोबस्ती होती तो सरकार को राजस्व भी मिलता और आम लोगों को बालू आसानी से सस्ती दर पर उपलब्ध होता। सरकार के मुखिया बालू की कालाबाजारी करा कर अपनी जेब भरने में लगे हैं। पलामू के अधिकारी ग्रेड वन छोटी नदियों से बालू उठाव की अनुमति देकर जनता को मूर्ख बनाने का काम कर रहे है। पलामू की अधिकांश छोटी नदियों में बालू नाम की कोई चीज है ही नही।इन नदियों में एक ट्रेक्टरल बालू नही है।अधिकारी जनता को दिग्भ्रमित करना बंद करें।उन्होंने कहा कि याचना नहीं अब रण होगा, संघर्ष बड़ा भीषण होगा।उन्होंने कहा कि सरकार और अधिकारी जनता की समस्या के प्रति गंभीर नहीं है। आने वाले दिनों में बालू को लेकर पुलिस प्रशासन और जनता के बीच टकराव की स्थिति बन रही है। उन्होंने कहा कि अभी भी वक्त है सरकार और प्रशासन बालू को लेकर निर्णय ले,या टकराव से निबटने को तैयार रहे। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह में ठोस निर्णय नहीं लिया गया तो मेदिनीनगर मुख्यालय में विशाल धरना दिया जायेगा। फिर भी समाधान नहीं किया जाता है तो राज्य मुख्यालय रांची में आंदोलन किया जायेगा।

### शिक्षकों की बढ़ी मनमानी समय सारणी को ताख में रखकर करते हैं कार्य

**हेरहंज :** प्रखण्ड क्षेत्र के दर्जनों विद्यालय के शिक्षक नही जाते समय से विद्यालय। विद्यालय के समय मे बस स्टैंड हेरहंज में नजर आते हैं। वही कई सरकारी शिक्षकों की मनमानी तो इतनी बड़ी हुई है कि लोग 8 बजे विद्यालय जाते हैं और 11 बजे ही विद्यालय छोड़ देते हैं। कई शिक्षक तो शुक्रवार को ही घर चले जाते हैं और सोमवार को देर से विद्यालय पहुँचते हैं। पूरे प्रखण्ड क्षेत्र के विद्यालयों की यही स्थिति है। शुक्रवार को जब मीडिया कर्मी प्रखण्ड क्षेत्र के सलैया पंचायत अंतर्गत चल रहे विभिन्न विद्यालयों का दौरा किया जिसमें उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय जम्बुवा,उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय सुअरधरी,उत्क्रमित मध्य विद्यालय कटांग,उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय चाईं आदि विद्यालय शामिल है। जिसमे दो विद्यालय बन्द पाए गए उत्क्रमित मध्य विद्यालय कटांग एवं उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय जम्बुआ।

धोवाडंगा पंचायत के ग्रामीण क्षेत्रों में

## चलंत लोक अदालत सह जागरुकता शिविर आयोजित



राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़:** पाकुड़ जिले के हिरणपुर प्रखंड के धोवाडंगा पंचायत के ग्रामीण क्षेत्रों में जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के तत्वाधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के बाल कृष्ण तिवारी के निर्देश पर चलंत लोक अदालत सह जागरुकता शिविर आयोजित की गई। इस अयोजित जस्टिस ऑन व्हील्स शिविर में डालसा के सचिव शिल्पा मुर्मू के मार्गदर्शन में सफल आयोजन की गई। उक्त शिविर में मैनुल शेख नीरज कुमार राउत ने संयुक्त रूप से बारी बारी से डालसा से मिलने वाली कानूनी सुविधाओ पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज में योग्य व्यक्ति को मुफ्त अधिवक्ता समेत कानूनी वाद के सभी प्रक्रियाओं को डालसा के माध्यम से मुफ्त और समय का बचत करते हुए न्याय दिलाना है सभी ग्रामीण को जागरूक पर्ची दी गई और कानूनी समस्या को प्राधिकार में रखने की बात कही गई। साथ ही नालसा के योजना के बारे में कई अहम कानूनी जानकारी दी गई। मौके पर पीएलवी मैनुल शेख ,नीरज कुमार राउत समेत क्षेत्रों के ग्रामीण उपस्थित रहे।

विवाद

थाना क्षेत्र अंतर्गत सीलमपुर गांव में शुक्रवार को

## आपसी विवाद के कारण हुई मारपीट ईट पत्थर से एक को किया जखमी

राष्ट्रीय खबर



**महेशपुर (पाकुड़):** थाना क्षेत्र अंतर्गत सीलमपुर गांव में शुक्रवार को आपसी विवाद में चार लोगों के द्वारा मिलकर एक व्यक्ति को ईंटा-पत्थर से मारपीट कर जख्मी कर देने का मामला प्रकाश में आया है। घटना के बाद गंभीर रूप से जख्मी सीलमपुर गांव निवासी गाजू शेख महेशपुर पहुंचा। जहां से उसे इलाज के लिए महेशपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के पश्चात व महेशपुर थाना पहुंचकर लिखित आवेदन दिया। घटना की जानकारी देते हुए गाजू शेख ने बताया कि शुक्रवार को सुबह 9:30 बजे उसकी पुत्री रोजीना खातून के साथ सीलमपुर गांव निवासी फिरोज शेख का कुछ विवाद हुआ था। उसी को करीब 10:30 बजे गाजू शेख ने फिरोज शेख को अपने घर के सामने विवाद का कारण पूछते हुए कहा कि इस तरह क्यों कर रहे हो। इस बात पर फिरोज शेख कमाल शेख,समीम शेख एवं रियाज शेख सभी सीलमपुर गांव निवासी ने गाजू शेख के साथ गाली गलौज करते हुए ईट एवं पत्थर चला कर मारपीट करने लगा। जिससे गाजू शेख के सिर में चोट लगी है। आवेदन में गाजू शेक ने उल्लेख किया कि सभी लोग जान मारने की धमकी दे रहे थे। गाजू शेख ने घटना की जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है। इस संबंध में थाना प्रभारी संतोष कुमार से जानकारी लेने पर उन्होंने कहा कि आवेदन प्राप्त हुआ है। जख्मी व्यक्ति का प्राथमिक उपचार कराया गया है, जांच कर आगे की आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार निर्देश पर ओरियंटेशन सह पीएलवी प्रशिक्षण



राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़:** झालसा रांची के निदेर्शानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के निर्देश पर ओरियंटेशन सह पीएलवी प्रशिक्षण कार्यक्रम डालसा के सचिव शिल्पा मुर्मू की उपस्थिति में न्याय सदन में की गई।उक्त कार्यक्रम में डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल के संजीव कुमार मंडल ने पीएलवी की कार्य की समीक्षा करते हुए कहा की झालसा द्वारा जारी निर्देश पर निर्धारित जागरुकता कार्यक्रम को सफल बनाने समेत ग्रामीण क्षेत्रों में कानूनी जागरुकता फैलाए ताकि सुदूर इलाकों तक कानून की अहमियत और लाभ से लोग रूबरू हो सके किसी भी प्रकार के कोई समस्या होती है प्राधिकार को सूचित करें। समेत कई बिंदू पर चर्चा की गई। आज के कार्यक्रम में पीएलवी कमला राय गांगुली, पिंकी मंडल, याकुब अली, चंद्र शेखर घोष, खुदु राजवंशी एवम् नीरज कुमार राउत उपस्थित रहे।

**शहर >> अपडेट**

### झारखंड राज्य महिला समाज का जिला सम्मेलन 28 को

**कोडरमा :** झारखंड राज्य महिला समाज जिला इकाई कोडरमा का जिला सम्मेलन 29 अप्रैल दिन शनिवार को साहू धर्मशाला झुमरीतिलैया में की जाएगी। सम्मेलन में महिलाओं पर हो रहे अत्याचार, बढ़ते हुए दुष्कर्म जैसी घटनाएं, दहेज प्रथा, संगठन मजबूती पर चर्चा एवं कमेटी का विस्तार किया जाएगा। सम्मेलन में मुख्य वक्ता भाकपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य महादेव राम मौजूद रहेंगे।

**सिटी अपडेट्स >>**

### अश्लील कमेंट करने के कारण हुई थी सैलून दुकानदार की हत्या

**कोडरमा:** कोडरमा जिला अंतर्गत सतगावां पुलिस ने मनोज शर्मा हत्याकांड का खुलासा करते हुए आरोपी छोटू राय को गिरफ्तार कर लिया है। घटना की जानकारी देते हुए सतगावां थाना प्रभारी आनन्द कुमार साह ने बताया कि 21 अप्रैल की रात्रि को माधोपुर पुल के समीप धरमपुर निवासी मनोज शर्मा की अज्ञात लोगों ने हत्या कर दी थी। कोडरमा एसपी के निर्देश पर गठित टीम ने मामले का उद्भेदन करते हुए हत्या में शामिल छोटू राय को गिरफ्तार किया। आरोपी ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि मृतक आरोपी पर हमेशा अश्लील कमेंट करता था, क्योंकि आरोपी का बच्चा नही है। इस वजह से उसके साथ अश्लील कमेंट किया करता था। आरोपी मृतक के दुकान में ही काम करता था। बताया जा रहा है कि छोटू राय को दिल्ली पुलिस ने भी हत्या के एक मामले में गिरफ्तार किया था। करीब तीन वर्ष जेल में रहने के बाद जमानत पर निकला था।

**संक्षिप्त >> अपडेट्स**

### झुमरीतिलैया में साड़ियों के थोक विक्रेता दुकान का उद्घाटन

**झुमरीतिलैया :** पुराना पानी टंकी गौशाला रोड में शिव दुर्गा टैक्सटाइल्स फैंसी साड़ियों के थोक विक्रेता का उद्घाटन बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव ने फीता काटकर किया। विधायक श्री यादव ने कहा कि झुमरीतिलैया शहर में फैंसी साड़ियों के थोक विक्रेता का शोरूम खुलने से शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि शिव दुर्गा टैक्सटाइल्स में अच्छे दामों फैंसी साड़ियां उपलब्ध कराया जाएगा। वहीं शिव दुर्गा टैक्सटाइल्स के प्रोपराइटर सतीश मोदी ने कहा कि मेरे यहां सभी तरह के साड़ियों को उचित मूल्य पर दिया जाएगा। मौके पर ककरचोली पंचायत की पूर्व मुखिया अर्चना कुमारी, भाजपा जयनगर मंडल अध्यक्ष रामदेव मोदी, वार्ड सदस्य गुड़िया देवी, यमुना यादव, ठाकुर विक्रम सिंह, सदानंद मोदी, बलराम यादव, संतोष मोदी, केदार मोदी, विनोद मोदी, पिन्टू मोदी सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

### झारखंड में पदाधिकारी और सरकार दोनों लापरवाह : सुदर्शन भगत

**कुडू :** लोहरदगा लोकसभा सांसद श्री सुदर्शन भगत ने 31 जनवरी को संसदीय क्षेत्र लोहरदगा अंतर्गत प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना द्वारा निर्मित दो सड़क मार्ग क्रमसः बढचोरगाई से चांदगो तक एवं कोर्गो से चांपी तक पथों का निर्माण कार्य में निर्धारित राशि के अलावे अधिक अलग से एस्टीमेट रिवाइज कर राशि की बंदरबांट करने पर नाराजगी जताते हुए । और विभाग से दोनों सड़कों की कुल मूल राशि, भुगतान की राशि,एवं रिवाइज की गई राशि की जानकारी उपलब्ध कराने को कहा था । साथ ही दूरभाष के माध्यम से सचिव ग्रामीण कार्य विभाग झारखंड सरकार से बातचीत भी की थी । बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि नियमों को नियमों का धज्जियाँ उड़ाते हुए जिला के निवर्तमान कार्यपालक अभियंता के द्वारा एस्टीमेट का रिवाइज किया गया है।

**बीआइएस**

विभिन्न उत्पादों के स्टैण्डर्ड संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई

# भारतीय मानक ब्यूरो को लेकर परीक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

**▶▶ दौरान उन्होने आईएसआई हॉलमार्क, ज्वैलरी हॉलमार्क, इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया**

**▶▶ मौके पर भारतीय मानक ब्यूरो से वैज्ञानिक-सई उप निदेशक अर्को साहा,**

**राष्ट्रीय खबर**



**कोडरमा :** भारतीय मानक ब्यूरो (बीआई एस) की ओर से शुक्रवार को भारतीय मानक ब्यूरो के संबंध में एक परीक्षण कार्यक्रम समाहरणालय सभागार में आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम मे भारतीय मानक ब्यूरो, जमशेदपुर की ओर से संयुक्त निदेशक सुभाष चंद्र नायक (साइंटिस्ट-डी) के द्वारा समाहरणालय कर्मियों को बीआईसी व उसके कार्यों से संबंधित आवश्यक जानकारी दी गई।

इस दौरान उन्होने आईएसआई हॉलमार्क, ज्वैलरी हॉलमार्क, इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया व विभिन्न उत्पादों के स्टैण्डर्ड संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। मौके पर भारतीय मानक ब्यूरो से वैज्ञानिक-सई उप निदेशक अर्को साहा, अनुमंडल पदाधिकारी संदीप कुमार मीणा, अपर समाहर्ता अनिल तिर्की, जिला परिवहन पदाधिकारी भागीरथ प्रसाद, गोपनीय प्रभारी जयपाल सोय, जिला शिक्षा अधीक्षक अलका जायसवाल, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी लोकनाथ महतो, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी सुभाष यादव, जिला नियोजन पदाधिकारी मो. इमरान फारूकी, कार्यपालक पदाधिकारी जितेंद्र कुमार जैसल सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## राज इंटरनेशनल स्कूल में बच्चों को लगाया गया, रुबेला टीका



**राष्ट्रीय खबर**

**कोडरमा :** शुक्रवार को राज इंटरनेशनल स्कूल कोडरमा में स्वास्थ्य विभाग, झारखण्ड सरकार के तत्वावधान में रुबेला टीकाकरण अभियान के तहत बच्चों को टीका लगाया गया। यह टीका बच्चों की रोगप्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए दिया जा रहा है, जिसके लिए अभिभावकों से पूर्व सहमति ली गई। विद्यालय द्वारा टीकाकरण के लिए सदर अस्पताल के चिकित्साकर्मियों की टीम ने विद्यालय पहुँचकर बच्चों के टीकाकरण का कार्य प्रारम्भ किया। टीकाकरण के लिए कुल तीन बूथ विद्यालय में बनाए गए जिसमें कुल 10 नर्स एवं सहिया कर्मियों की टीम ने भाग लिया तथा कुल 349 बच्चों को टीका लगाया, शेष बच्चों का टीकाकरण शिविर लगाकर सम्पन्न किया जाएगा जिसकी पूर्व सूचना दे दी जाएगी। डॉ मनोज और डीपीएम विनीत कुमार की देख-रेख में इस टीकाकरण कार्यक्रम को सफल बनाया गया। विद्यालय के प्राचार्य निखर कुमार, सीईओ एके लाल तथा शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी अपना बहुमूल्य योगदान दिया।

जघन्य अपराध में शामिल दोनों आरोपी गिरफ्तार

## नाबालिग को अगवा कर सामूहिक दुष्कर्म

**▶▶ पीड़िता की हालत नाजुक, रिम्स में चल रहा इलाज**

**▶▶ शादी शुदा बताये जा रहे हैं दोनों आरोपी**

**राष्ट्रीय खबर**



**कुडू :** कुडू थाना क्षेत्र के एक गांव में मानवता को शर्मशार करनेवाली घटना सामने आई है। जहां दो लोगों द्वारा एक 14 वर्षीय नाबालिग स्कूली छात्रा को अगवा कर सामुहिक दुष्कर्म किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। फिलहाल दोनो आरोपी पुलिस की गिरफ्त में हैं। पीड़ित नाबालिग की हालत काफी नाजुक बतायी जा रही है। उसे देर रात कुडू सरकारी अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल लोहरदगा रेफर किया गया। जहां रक्त स्त्राव नही रुकने और उसकी स्थिति में कोई सुधार नही होने पर चिकित्सकों ने रिम्स रांची रेफर कर दिया है। घटना के संबंध में पीड़िता के भाई और परिजनों ने बताया कि गुरुवार की रात उसके चचेरे भाई के यहां शादी थी। घर के सभी लोग शादी समारोह में व्यस्त थे। बालिका भी वही थी, रात्रि लगभग नौ बजे वे घर के पीछे शौच करने गई। तभी दोनो युवकों ने उसे पकड़कर उसका मुंह बांध अगवा कर घर से लगभग लगभग 200 मीटर दूर सुनसान स्थान पुराना ईटा भट्ठा के नजदीक ले जाकर लगभग दो घंटे तक दुष्कर्म किया। शौच जाने के बहुत देर बाद तक बालिका के घर नहीं लौटने कारण घरवाले व बालिका का खोजबीन करने लगे। रात्रि में टॉर्च जलाकर इधर-उधर खोजने लगे। इसी क्रम में पुराना ईट भट्ठे के समीप बने एक गड्ढे से बालिका के चिल्लाने की आवाज सुन घटनास्थल के पास पहुचे तो दोनों दुष्कर्मी बालिका को छोड़कर भागने लगे। ग्रामीणों ने खदेड़ कर दोनों को पकड़ा। और कुडू पुलिस को मोबाइल से इसकी सूचना दी। जिसके बाद पुलिस ने पहुचकर दोनों आरोपियों को थाना लाया। आरोपियों की पहचान कुडू थाना क्षेत्र के चेटर निवासी स्व अजमल खान के पुत्र नसीम खान 20 और कलाम पावरिया के पुत्र मकसूद पवरिया 20 के रूप में हुई है। वही नाबालिग को घटनास्थल से काफी गंभीर हालत में कुडू अस्पताल लाया गया।

## होम इनसेमिनेशन की सुविधा अब हर जगह- चंदन




**राष्ट्रीय खबर**

**कोडरमा :** एक बिजनेस आइडिया है शार्क टैंक के सीजन 2 में फंडिंग प्राप्त कंपनी की एजेंसी का। सुभाग हैल्थटेक एक इनफर्टिलिटी इंडस्ट्री में नया नाम है और यह अपने प्रोडक्ट के जरिये घर पर ही होम इनसेमिनेशन की प्रक्रिया करने का प्रोडक्ट बनाती है। मतलब कि ऐसे दम्पति जो फर्टिलिटी हॉस्पिटल में जाने में झिझकते हैं, वो इसे घर पर ही कर सकते हैं।

वो भी बहुत ही काम खर्चे में, जिसकी बाजार में काफी नाम और भरोसा है। सुभाग कंपनी के चंदन प्रसाद ने बताया कि इसकी डीलरशिप लेना काफी आसान है, मगर डीलरशिप लेने के पहले आप कुछ जरूरी बातों का ध्यान रखे। किसी भी व्यवसाय को शुरू करने से पहले आप मार्केट रिसर्च कर ले, क्या आप जो बिजनेस करने जा रहे है उसकी बाजार में जरूरत है भी की नहीं? मार्केट रिसर्च के बाद आपको अपने प्रोडक्ट की अच्छी जानकारी हो जाएगी।

उन्होंने बताया कि आप यह देख ले की आपको इससे होलसेल करना चाहते है या फिर रिटेलर बनना चाहते है। इसके बाद ही डिस्ट्रीब्यूटरशिप के लिए आवेदन करे। मार्केट रिसर्च के बाद आपको अपने प्रोडक्ट की अच्छी जानकारी हो जाएगी। सुभाग की डीलरशिप लेने के लिए पर्याप्त जगह होनी चाहिए। बाद एक गोदाम, प्रोडक्ट स्टोर करने के लिए जगह होनी चाहिए। कुल मिलाकर एक हजार वर्ग फीट के आसपास की जगह होनी चाहिए।

## 5 टन ढिबरा लदा 709 वाहन जब्त



**▶▶ इस दौरान वाहन चालक व मजदूर गाड़ी को छोडकर भागने में सफल रहे**

**▶▶ जिसकी कीमत उसकी लगभ एक लाख रुपया से ज्यादा है**

**राष्ट्रीय खबर**

**कोडरमा:** वन विभाग की टीम ने रेंजर के नेतृत्व में गुरुवार की देर रात ढिबरा लदा 709 वाहन को जब्त किया है। विभाग को मिली गुप्त सूचना के आधार पर लोकाई गांव के पास से उक्त वाहन को जप्त किया गया। हालांकि इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं की गयी।

सूचना पर उक्त 709 वाहन को जप्त कर लिया गया। इस दौरान वाहन चालक व मजदूर गाड़ी को छोडकर भागने में सफल रहे। जिसके बाद वाहन को जब्त कर-के वन परिसर लाया गया। 709 वाहन में 5 टन ढिबरा लोड था। जिसकी कीमत उसकी लगभ एक लाख रुपया से ज्यादा है। मौके पर वनरक्षी छत्रपति शिवाजी, किशोर यादव, गोपाल यादव, शंकर महतो आदि मौजूद थे।

**उद्घाटन**

किसान अब इस आहर से तीन फसल का उपज कर सकेंगे

## विधायक अमित यादव ने आहर जीर्णोद्धार का किया उद्घाटन

**▶▶ किसान अब इस आहर से तीन फसल का उपज कर सकेंगे**

**▶▶ झारखंड में विकास पूर्ण रूप से ठप है**

**राष्ट्रीय खबर**



**जयनगर :** प्रखंड के चेहाल पंचायत के चेहाल आहर का जीर्णोद्धार लघु सिंचाई प्रमंडल कोडरमा किया गया। प्राक्कलन राशि 41 लाख वाले आहर जीर्णोद्धार का उद्घाटन विधायक अमित कुमार यादव ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जयनगर भाजपा मंडल अध्यक्ष रामदेव मोदी एवं जयनगर मंडल भाजपा महामंत्री यमुना यादव ने किया। विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार जोरों पर है, बीडीओ, सीओ एवं थाना प्रभारी का पोस्टिंग बिना रुपया लिए नहीं किया जाता है। झारखंड में विकास पूर्ण रूप से ठप है। विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि आहर के बनने से किसानों के लिए उपयोगी साबित होगा किसान अब इस आहर से तीन फसल का उपज कर सकेंगे। कार्यक्रम को मुखिया सुवंती देवी, पंचायत समिति सदस्य बलराम यादव, सरजू शर्मा सहित कई लोगों ने संबोधित किया। मौके पर लघु सिंचाई विभाग के कनीय अभियंता रामकुमार, संवेदक सिकंदर यादव, राजेश्वर यादव उर्फ रामू यादव, नंद लाल यादव, तुलसी यादव, अशोक रजक, मंटू पंडित, बहादुर राणा, शंकर यादव, घनश्याम रजक, रामचंद्र राम, ब्रह्मदेव राणा, बशीर मियां, रामजी पासवान, अरजुन पंडित, पिंटू राणा, पवन सोनी, रोहित राणा, पार्वती देवी, टूनिया देवी, अनीता देवी, मुनिया देवी, आरती देवी, बैजंती देवी सहित अन्य महिला-पुरुष मौजूद थे।

**न्यूज फटाफट**

### शोकाकुल परिवार को आपदा विभाग से दिलवाएंगे मुआवजा की राशि: आलोक साहू



**लोहरदगा:** जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष आलोक कुमार साहू कांग्रेसियों के साथ कैरो प्रखंड के ग्राम नरौली पहुंचकर तीन दिन पूर्व सकूर अंसारी की 16 वर्षीय बेटी मैरून खातून का खेत में काम करने के दौरान हुई ब्रजपात से उनकी मौत हो गई थी उनके परिवारों से मुलाकात कर गहरी संवेदना प्रकट किए। मौके पर आलोक कुमार साहू ने कहा कि शोकाकुल परिवारों को हर संभव सहायता करेगी कांग्रेस। श्री साहू ने मौके पर से ही जिला आपदा पदाधिकारी विभूति जी से वार्ता कर सरकारी प्रावधान के अंतर्गत चार लाख रूपए मुआवजा देने की बात कहे। आपदा पदाधिकारी ने कहा कि कागजी प्रक्रिया के उपरांत चार लाख की राशि शोकाकुल परिवार को दिया जाएगा। मौके पर से ही साहू ने कैरो अंचलाधिकारी कमलेश उरांव से वार्ता कर जल्द से जल्द कागजी प्रक्रिया पूरा करने का आग्रह किया ताकि समय शोकाकुल परिवारों को मुआवजा मिल सके। मौके पर परिजनों के अलावा लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव विजय चौहान ,बड़ागांई पंचायत कांग्रेस अध्यक्ष शाहजहां अंसारी, शहाबुद्दीन अंसारी, अनवर अंसारी, करमा उरांव सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

### आदिवासियों की सरकार कहने वाली जे एम एम और कांग्रेस की सत्ता में सबसे ज्यादा आदिवासी बेटियां असुरक्षितः मनीर



**लोहरदगा :** कुडु प्रखंड अंतगर्त पंडरा ग्राम चेटर की आदिवासी नाबालिग लड़की जो अपने चाचा के घर शादी समारोह में हिस्सा लेने गई इस दौरान गुरुवार शाम शौच के लिए बाहर निकली बच्ची के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना पर भाजपा जिलाध्यक्ष मनीर उराँव के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारी पीड़ित परिवार से मिले और कहा कि वर्तमान सरकार में असामाजिक तत्व एवं बलात्कारियों में डर भावना खत्म हो चुकी है आज हमारे जिले की बच्ची जिंदगी और मौत के बीच झूल रही का मात्र एक ही कारण है कि वर्तमान सरकार के द्वारा वोट बैंक की राजनीति को देखते हुए गलतियों पर बारंबार पर्दा डालने से ऐसे परिणाम देखने को मिल रहे हैं। जेएमएम और कांग्रेस पार्टी के कथनी और करनी में अर्श और फर्श का अंरर है। कहने को यह सरकार तो अपने आप को आदिवासी गरीबों की भला करने वाली बताती है परंतु आज सरकार विशेषकर आदिवासी एवं गरीब जनता को सुरक्षा भी मुहैया नहीं करा पा रही है लगातार बहू बेटियों के साथ बलात्कार हत्या जैसी घटनाएं हो रही है। राज्य को सुरक्षित तभी माना जाएगा जब प्रदेश में बेटियां सुरक्षित होगी। लोहरदगा एक राज्य के मंत्री का क्षेत्र है परंतु लगातार बलत्कार और हत्या की घटनाएं हो रही है उसका मूल कारण तुष्टीकरण दृष्टि से कार्यवाही का आदेश परंतु भाजपा ऐसा नहीं होने देगी ।हमलोग पिड़िता को न्याय दिलाकर रहेंगे अपराधी कोई भी हो उसकी कठोर दंड जरूर मिलेगी। पिड़िता के साथ पूरा भाजपा परिवार है।

### वाहन में लादकर तस्करी के लिए जा रहे 10 मवेशी जब्त, 5 तस्कर गिरफ्तार एक फरार



**कुडू :** कुडू चंदवा मुख्य पथ एनएच 75 के टीको के समीप कुडू थाना पुलिस ने पशुओं से लदी एक टाटा योद्धा वाहन निबंधन संख्या जेएच 03एजे -2503 को जब्त किया गया है। जब्त वाहन में 10 गोवंशीय पशु मिले हैं। जिन्हें तस्करी कर ले जाया जा रहा था। सवार लोगों से पशुओं से संबंधित कागजात की मांग करने पर न तो कोई कागज प्रस्तुत किया गया और न ही संतोषजनक जवाब दिया गया। जिसके बाद पुलिस ने पशु लदे वाहन और उसमें बैठे चालक सहीत सभी 5 लोगों को थाना लाया और मामले में कुल 6 लोगों पर संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। जिसमे इरशाद कुरैशी, पिता आलम कुरैशी, कसाब मुहल्ला थाना मेदिनीनगर जिला पलामू, सबीर कुरैशी पिता जहीर कुरैशी डोरंडा, थाना डोरंडा जिला राँची, शेरू खान पिता मुम्ताज खान शाहपुर थाना चैनपुर जिला पलामू, राजा अली पिता जाफर अली पहाड़ी मुहल्ला, हुसैन नगर थाना मेदिनीनगर जिला पलामू, शाहरुख खान पिता मुतुर्जा खान कुड़ी कमता थाना रेहला जिला पलामू को जेल भेज दिया गया जबकि गढ़वा निवासी ताहिर अंसारी पिता नामालूम फरार है। फिलहाल जब्त किए गए पशुओं को ग्रामीणों में जिम्मेनामा पर सौंपने की तैयारी चल रही है।

### अनुबंध के सहायक प्राध्यापकों ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया

**झुमरीतिलैया :** झारखंड सरकार के कैबिनेट में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा झारखण्ड के स्नातकोतर विभाग एंव अंगीभूत महाविद्यालय में स्वीकृत पद पर अनुबंध पर कार्यरत सहायक प्राध्यापको का मानदेय यूजीसी ग्रेड के अनुरूप द्वारा पास किया गया। इस अवसर पर झारखणड सहायक प्राध्यापक अनुबंध संघ (जेजे कालेज इकाई) के अध्यक्ष प्रो राम स्वरूप यादव, उपाध्यक्ष डॉ राजेश कुमार, डॉ संतोष कुमार व सचिव डॉ दीपक कुमार एवं सभी शिक्षकों ने मुख्यमंत्री को से धन्यवाद तथा बधाई दिया। राज्य स्तरीय संघ के सदस्यों द्वारा कैबिनेट के उपरांत ही गुलदस्ता अध्यक्ष द्वारा व झारखण्डी गमछा प्रो अनिमेष गौतम द्वारा मिलकर मुख्यमंत्री को दे कर धन्यवाद दिया। साथ ही संघ ने शिक्षकों की समस्या को रखा तथा अनुबंधित सहायक प्राध्यापक का सेवा समायोजन कर देने की बात रखी। मुख्यमंत्री ने कहा समायोजन भी करेंगे। मुख्यमंत्री को ग्रेड पे अनुरूप मानदेय देने के बधाई देने वालो में डॉ राजेश कुमार, डॉ आशुतोष महतो, डॉ दीपक कुमार, डॉ मुकेश कुमार, प्रो अनिमेष गौतम, प्रो पवन कुमार, डॉ नेहा गुप्ता, डॉ रिंकी कुमारी एवं डॉ रितु राज इत्यादि लोग थे।

### भाजपा जयनगर प्रखंड के मीडिया प्रभारी मारपीट में घायल

**जयनगर :** मंडल भाजपा के मीडिया प्रभारी दीपक बर्णवाल पिता अशोक वर्णवाल को कुछ लोगों ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। सदर में प्राथमिक उपचार के बाद दीपक का इलाज रांची में चल रहा है। मारपीट को लेकर दीपक द्वारा दिए गए आवेदन के आलोक में थाना कांड संख्या 78/23 के तहत मामला दर्ज किया गया है.। आवेदन में कहा है कि हिरोडीह के सुजीत चौधरी, अजीत चौधरी, तेतरियाडीह के मनीष यादव सहित 15-20 की संख्या में युवकों ने कंद्रपडीह रोड स्थित सुरेंद्र यादव के घर के पीछे ले जाकर उसके साथ मारपीट की। मारपीट के दौरान वह चाकू के वार से घायल हो गया।

न्यूज फटाफट

**परगट सिंह ने आंदोलनरत पहलवानों का किया समर्थन**



**जालंधर** : पूर्व भारतीय हॉकी कप्तान, ओलंपियन एवं पूर्व मंत्री पदमश्री परगट सिंह उन पहलवानों के समर्थन में खुलकर सामने आए हैं, जो पुलिस मामला दर्ज करने और भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष की गिरफ्तारी की मांग को लेकर दिल्ली में आंदोलन कर रहे हैं। परगट सिंह ने शुक्रवार को कहा,'' कोई भी तब तक सड़कों पर नहीं निकलता, जब तक कि किसी को गंभीर रूप से परेशान न किया जाए। यह इतना गंभीर मामला है। एक खिलाड़ी जानता है कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आना कितना मुश्किल होता है। '' भारतीय ओलंपिक संघ के अध्यक्ष पर सीधा निशाना साधते हुए परगट सिंह ने कहा कि आन्दोलनकारी पहलवान अनुशासनहीनता पैदा नहीं कर रहे हैं, बल्कि भारतीय खेलों की गंदगी और मैल साफ करने का प्रयास कर रहे हैं। परगट सिंह ने कहा, ''वे सभी की गरिमा के लिए एक बड़ी लड़ाई लड़ रहे हैं। '' उन्होंने कहा, '' मैं डब्ल्यूएफआई के मौजूदा ढांचे के खिलाफ अपनी लड़ाई में पूरी तरह से आंदोलनकारी पहलवानों के साथ हूं। यह बेहद निंदनीय है कि लंबे समय से चले आ रहे आंदोलन के लिए कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की जा रही है।'' परगट सिंह ने कहा कि तीन सदस्यीय समिति को यह तय करने दें कि भविष्य में डब्ल्यूएफआई के संचालन को कौन नियंत्रित करेगा। लेकिन तत्काल अतीत के दोषियों को बख्शा नहीं जाना चाहिए। इस बीच, आईओए प्रमुख पी टी उषा के कार्यवाहक सीईओ कल्याण चौबे द्वारा अपनी मांगों के समर्थन में सड़कों पर उतरने के लिए आंदोलनकारी पहलवानों की आलोचना करने वाले बयानों की कुछ अन्य लोगों ने भी आलोचना की है। ओलंपियन पहलवान विनेश फोगट ने कहा कि वह इन बयानों से हैरान और आहत हैं। परगट सिह ने कहा, '' पीटी उषा हमारी रक्षक, हमारी ढाल होनी चाहिए न कि हमारी निंदक। उसे हमारे पीछे खड़ा होना चाहिए। ''

कुश्ती

उड़नपरी के बयान से स्तब्ध है खेल जगत

# आईएओ की अध्यक्ष पीटी उषा ने पहलवानों को अनुशासनहीन बताया

राष्ट्रीय खबर

**नई दिल्ली:** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा उन पहलवानों पर भारी पड़ीं जिन्होंने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के प्रमुख बृज भूषण पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए अपना विरोध फिर से शुरू कर दिया है। एक बयान में, पीटी उषा ने कहा कि सड़कों पर पहलवानों का विरोध भारत की छवि को खराब कर रहा है। पीटी उषा ने कहा कि पहलवानों का विरोध अनुशासनहीनता है। पहलवानों का सड़कों पर विरोध करना अनुशासनहीनता के बराबर है। आईओए की कार्यकारी समिति की बैठक के बाद पीटी उषा ने कहा कि सड़कों पर पहलवानों का विरोध भारत की छवि खराब कर रहा है। यौन उत्पीड़न के लिए आईओए की एक समिति है, सड़कों पर जाने के बजाय वे (विरोध करने वाले पहलवान) पहले हमारे पास आ सकते थे



लेकिन वे आईओए में नहीं आए। यह खेलों के लिए अच्छा नहीं है, सिर्फ पहलवानों के लिए ही नहीं, उनमें कुछ अनुशासन भी होना चाहिए। विश्व चैंपियनशिप के पदक विजेता विनेश फोगट, और ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पुनिया और साक्षी मलिक सहित स्टार पहलवानों ने नई दिल्ली में जंतर-मंतर पर अपने अनिश्चितकालीन विरोध प्रदर्शन का नवीनीकरण किया है। उन्होंने बृज भूषण पर यौन उत्पीड़न और आपराधिक धमकी का आरोप लगाया है।

भारतीय ओलंपिक संघ ने भारतीय कुश्ती महासंघ के मामलों का प्रबंधन करने के लिए तीन सदस्यों वाला एक एडहॉक पैनल स्थापित किया है, जब तक कि एक नए शासी निकाय का चुनाव नहीं हो जाता। पैनल में पूर्व निशानेबाज सुमा शिरूर, भूपेंद्र सिंह बाजवा शामिल हैं, जो वुशु एसोसिएशन ऑफ इंडिया के प्रमुख हैं, और इसका नेतृत्व उच्च न्यायालय के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश करेंगे, जिनके नाम का अभी खुलासा नहीं किया गया है। जनवरी में पहली बार विरोध शुरू होने के बाद आईओए और सरकार ने शरण और डब्ल्यूएफआई के खिलाफ अपने आरोपों की जांच के आश्वासन के साथ पहलवानों को शांत करने में कामयाबी हासिल की थी। इस बीच, खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा है कि केंद्र सरकार ने विरोध करने वाले पहलवानों को निरीक्षण समिति के समक्ष अपना मामला पेश करने का पर्याप्त मौका दिया और बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ आरोपों की निष्पक्ष जांच के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। जंतर-मंतर पर कुछ पहलवान धरने पर बैठे हैं।

मैंने उनके साथ 12 घंटे बिताए हैं- पहले दिन सात घंटे और अगले दिन पांच घंटे। मैंने उनकी सारी शिकायतें सुनीं, रात 2-2.30 बजे प्रेस कांफ्रेंस की, उनसे बात कर एक कमेटी बनाई। उन्होंने कहा, उन्होंने एक सदस्य जोड़ने के लिए कहा था और बबिता फोगट का नाम दिया था और हमने उन्हें समिति में शामिल किया। हमारे दिमाग में कुछ भी नहीं है, हम निष्पक्ष जांच चाहते हैं। दिग्गज पहलवान बजरंग पुनिया सहित एथलीटों ने हालांकि आरोप लगाया है कि उनके मुद्दों को हल करने के लिए अब तक कुछ नहीं किया गया है। हमारे पास सिर्फ एक मुद्दा है। विरोध का कारण यह है कि अब तक कुछ भी नहीं किया गया है.. हम यहां कुश्ती को बचाने के लिए हैं।

इस बयानबाजी के बीच कभी देश में उड़नपरी के नाम से ख्यातिप्राप्त पीटी उषा का नया बयान भारतीय खेल जगत के लिए हैरान करने वाला है। इस बीच तृणमूल कांग्रेस की फायरब्रांड सांसद महुआ मोइत्रा ने पीटी उषा को भी धोकर रख दिया। महिला पहलवानों पर अनुशासनहीनता का आरोप लगाने के बाद मोइत्रा ने ट्विटर पर यह प्रति प्रश्न पीटी उषा से पूछा कि जब दिल्ली पुलिस भाजपा सांसद के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज नहीं कर रही थी तो इससे पूरे देश से गुलाब की खुशबू आ रही थी क्या। उन्होंने इस टिप्पणी के साथ साथ उन्हें रेंगना बंद करने की भी सलाह दे डाली।

## एथलीटों का सड़कों पर उतरते देखना दुखद : नीरज



एजेंसियां

**नयी दिल्ली** : भारत के शीर्ष भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे पहलवानों के समर्थन में उतरते हुए शुक्रवार को कहा कि खिलाड़ियों को सड़कों पर देखना दुखद है और इन्हें जल्द से जल्द इंसाफ मिलना चाहिए। टोक्यो ओलंपिक 2020 के गोल्ड मेडलिस्ट नीरज ने ट्वीट किया, हमारे एथलीटों को न्याय के लिए सड़कों पर उतरते देखना दुखद है। उन्होंने हमारे महान देश का प्रतिनिधित्व करने और हमें गौरव दिलाने के लिए कड़ी मेहनत की है। उन्होंने कहा, एक राष्ट्र के रूप में हर व्यक्ति की अखंडता और गरिमा की रक्षा करना हमारी जिम्मेदारी है, चाहे वह एथलीट हो या न हो। जो हो रहा है वह नहीं होना चाहिए। गौरतलब है कि बजरंग पूनिया, साक्षी मलिक और विनेश फोगाट सहित देश के कई नामचीन पहलवान बीते रविवार से डब्ल्यूएफआई के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिह के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। पहलवानों ने बृजभूषण पर यौन शोषण जैसे कई संगीन आरोप लगाए हैं और उनकी मांग है कि उन्हें अध्यक्ष पद से हटाकर पुलिस द्वारा मामले की जांच की जाए। पहलवानों ने यह मांग भी की है कि खेल मंत्रालय द्वारा द्वारा गठित डब्ल्यूएफआई की निगरानी समिति की जांच रिपोर्ट को सार्वजनिक किया जाए। नीरज ने कहा, यह एक संवेदनशील मुद्दा है और इसे निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से निपटाया जाना चाहिए। संबंधित अधिकारियों को न्याय सुनिश्चित करने के लिए त्वरित कार्रवाई करनी चाहिए। पहलवानों ने अपनी मांगों के साथ उच्च न्यायालय का रुख किया है। न्यायालय ने बृजभूषण पर लगे यौन शोषण के आरोपों को गंभीर बताया है और कहा है कि वह 28 अप्रैल को मामले की सुनवाई करेगे।

## आधे उम्मीदवारों ने पास की फीफा फुटबॉल एजेंट परीक्षा



एजेंसियां

**जिनेवा** : विश्व फुटबॉल बाजार में स्थानांतरण सेवाएं प्रदान करने के लिए जरूरी लाइसेंस के लिये फीफा के आधे से ज्यादा उम्मीदवारों ने फुटबॉल एजेंट परीक्षा उत्तीर्ण की है। फीफा ने गुरुवार को जारी बयान में कहा कि 19 अप्रैल को कुल 3,800 उम्मीदवारों ने परीक्षा दी थी जिनमें 1,962 उम्मीदवारों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है। उन्होंने बताया कि शुरुआत में 6,586 लोगों ने लाइसेंस के लिए आवेदन किया था, लेकिन फीफा को केवल 3,800 परीक्षा प्रस्तुतियाँ प्राप्त हुईं। परीक्षा के परिणाम की गुरुवार को घोषणा की गयी। परीक्षा का अगला अवसर 20 सितंबर, 2023 और मई तथा नवंबर 2024 को मिलेगा।

## ऋषभ पंत की वापसी को लेकर ताजा अपडेट आया सामने



एजेंसियां

**नई दिल्ली:** ऋषभ पंत की मैदान पर वापसी कब होगी यह सवाल हर क्रिकेट फैन के मन में है। पंत की वापसी को लेकर ताजा अपडेट सामने आया है। ऋषभ पंत का ईलाज कर रहे डॉक्टर्स का मानना है कि पंत इस साल के अंत तक क्रिकेट के मैदान पर खेलने के लिए फिट नहीं हो पाएंगे। हाल ही में ऋषभ पंत ने नेशनल क्रिकेट एकेडमी में अपना रिहैब शुरू किया है। एनसीए पहुंचने की जानकारी ऋषभ पंत ने इंस्टाग्राम पर स्टोरी शेयर करके दी थी। इसके बाद ही यह जानकारी सामने आई कि पंत को क्रिकेट फिट होने के लिए 8 महीने का वक्त और लग जाएगा। बता दें कि इस साल की शुरूआत में ऋषभ पंत का उत्तराखंड़ में भयंकर एक्सीडेंट हुआ था। ऋषभ पंत को घुटने की सर्जरी से गुजरना पड़ा है। ऋषभ पंत सर्जरी होने के दो महीने बाद भी बिना सहारे के अपने पैरों पर चल नहीं पा रहे हैं।

**बतौर बल्लेबाज कर सकते हैं वापसी**

ऋषभ पंत के हौंसले को हालांकि पूरी दुनिया सलाम कर रही है। ऋषभ पंत हाल ही में अपनी आईपीएल फ्रेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स का सपोर्ट करने के लिए मैदान पर भी पहुंचे थे। इतना ही नहीं सजीर्री के वक्त डॉक्टर्स का मानना था कि ऋषभ पंत की रिकवरी में 1.5 से दो साल का वक्त लग सकता है। पंत हालांकि डॉक्टर्स के अनुमान से कहीं तेजी से रिकवर कर रहे हैं और एक साल के अंदर उनके मैदान पर लौटने की संभावना है। ऋषभ पंत के नहीं खेलने की वजह से खासकर टेस्ट में टीम इंडिया का बैलेंस काफी खराब हो गया है। ऐसी संभावना भी है कि रिकवर होने के बाद ऋषभ पंत बतौर बल्लेबाज ही क्रिकेट के मैदान पर वापसी करें। टीम इंडिया के लिए पंत की बल्लेबाजी उनकी विकेटकीपिंग से कहीं ज्यादा अहम है।

## 'तेजाब' के रीमेक में काम नहीं कर रहे हैं कार्तिक आर्यन!



एजेंसियां

**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन का कहना है कि वह तेजाब के रीमेक में काम नहीं कर रहे हैं। बॉलीवुड में चर्चा हो रही थी कि फिल्म 'तेजाब' के रीमेक में कार्तिक की एंट्री हो गयी है। कार्तिक आर्यन ने इस खबर को गलत बताया है।कार्तिक ने ट्विटर के जरिए उस खबर का खंडन किया है, जिसमें कहा गया है कि फिल्म 'तेजाब' के रीमेक में अब कार्तिक की एंट्री हो गई है। इस पर कार्तिक ने ट्विटर पर री पोस्ट करते हुए लिखा 'नॉट टू'साथ में उन्होंने हाथ जोड़ने वाली इमोजी भी शेयर की। गौश्रतलब है कि 'तेजाब' 1988 को रिलीज हुई थी. फिल्म का निर्देशन एन. चंद्रा ने किया था। फिल्म तेजाब में अनिल कपूर और माधुरी दीक्षित ने मुख्य भूमिका निभायी थी।

## 'केडी - द डेविल' में काम करेंगी रेश्मा नानैया

एजेंसियां

**मुंबई:** दक्षिण भारतीय अभिनेत्री रेश्मा नानैया फिल्म केडी - द डेविल में ध्रुव सरजा के साथ नजर आएंगी। केडी द डेविल के निर्माताओं ने फिल्म की लीडिंग लेडी खुलासा कर दिया है।रेशमा नानैया रानी मचलक्ष्मी के रूप में ध्रुव सरजा के साथ नजर आएंगी। अपने किरदार के बारे में बात करते हुए, रेश्मा ने कहा,''रानी मच्छलक्ष्मी के बारे में सबसे अच्छी बात यह है कि वह लार्जर देन लाइफ पेर्सोना अनुसरण करती हैं। पोस्टर देखकर आप ये अनुमान लगा सकते हैं,वह बहुत ही बुद्धिमान है,वह तेज-तर्रार है, और उनकी भूमिका निभाना वास्तव में बहुत ही शानदार अनुभव रहा। यह किरदार बहुत ही चुनौतीपूर्ण लेकिन रोमांचकारी था। 1970 के दशक की बैंगलोर की घटनाओं पर आधारित पीरियड एक्शन एंटरटेनर,केडी -द डेविल में शिल्पा शेट्टी कुंद्रा, संजय दत्त और रविचंद्रन भी हैं।

## आप की अदालत के स्पेशल एपिसोड में चार चांद लगाएंगे सलमान खान



एजेंसियां

**मुंबई:** बॉलीवुड स्टार सलमान खान दुबई में आप की अदालत के स्पेशल एपिसोड में हॉट सीट पर पेश होंगे। आखिरी बार 2014 में आप की अदालत में शिरकत करने के बाद सलमान खान इस सप्ताह के अंत में इंडिया टीवी के एडिटर-इन-चीफ रजत शर्मा के साथ एक बार फिर नजर आयेंगे। इस खुले मंच पर बेबाकी से बात करने के साथ सलमान कई रोमांचक वाकये सुनाएंगे।

## 68 वें फिल्मफेयर अवार्डस में राजकुमार राव और आलिया भट्ट ने मारी बाजी



एजेंसियां

**मुंबई :** 68वें फिल्मफेयर अवॉर्ड्स में राजकुमार राव को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और आलिया भट्ट को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार दिया गया है। 68वें फिल्मफेयर अवॉर्ड्स में राजकुमार राव को बधाई दो के लिये सर्वश्रेष्ठ अभिनेता जबकि आलिया भट्ट को फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी के लिये सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार दिया गया। सलमान खान ने फिल्म फेयर अवार्ड शो को आयुष्मान खुराना और मनीष पॉल के साथ होस्ट किया। इस बार फिल्मफेयर अवॉर्ड में 'गंगूबाई काठयियावाड़ी' और 'बधाई दो' का बोलबाला रहा। सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार संजय लीला भंसाली को फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी के लिये दिया गया। अनिल कपूर को जुगजुग जियो के लिये सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता और बेस्ट एक्टर सपोर्टिंग रोल (फीमेल), शीबा चड्ढा को (बधाई दो) के लिये मिला। बेस्ट फिल्म (क्रिटिक्स) हर्षवर्धन कुलकर्णी को फिल्म (बधाई दो), बेस्ट एक्टर (क्रिटिक्स) संजय मिश्रा को फिल्म (वध),बेस्ट डायलॉग- प्रकाश कपाड़िया और उत्कर्षणी वशष्ठि को फिल्म (गंगूबाई काठियावाड़ी),बेस्ट स्क्रीनप्ले- अक्षत घिल्डयिाल, सुमन अधिकारी और हर्षवर्धन कुलकर्णी को फिल्म (बधाई दो), बेस्ट स्टोरी- अक्षत घिल्डयिाल और सुमन अधिकारी को (बधाई दो) के लिये दिया गया। प्रेम चोपड़ा को फिल्मफेयर लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड दिया गया। बेस्ट म्यूजिक एल्बम- ब्रह्मास्त्र पार्ट वन (प्रीतम), बेस्ट लिरिक्स- अमिताभ भट्टाचार्या, केसरिया सॉन्ग (ब्रह्मास्त्र), बेस्ट प्लेबैक सिंगर (मेल)- अरिजीत सिंह (केसरिया सॉन्ग, ब्रह्मास्त्र), बेस्ट प्लेबैक सिंगर (फीमेल)- कविता सेठ (रंग सारी सॉन्ग, जुगजुग जियो),बेस्ट बैकग्राउंड स्कोर- संचति बलहारा और अंकित बलहारा (गंगूबाई काठियावाड़ी),बेस्ट सिनेमेटोग्राफी- सुदीप चटर्जी (गंगूबाई काठियावाड़ी)बेस्ट एक्शन- परवेज शेख (विक्रम वेधा),बेस्ट कोरियोग्राफी- क्रुति महेश (ढोलिदा, गंगूबाई काठियावाड़ी), बेस्ट डेब्यू (मेल)- अंकुश गेडम (झुंड),बेस्ट डेब्यू (फीमेल)- एंड्रिया केविचुसा (अनेक)बेस्ट डेब्यू डायरेक्टर- जसपाल सिंह संधू और राजीव बर्नवाल (वध) के लिये दिया गया।



## 28 अप्रैल को सुरक्षा और स्वास्थ्य के लिए विश्व इस्पात दिवस

**रांची:** सेल सुरक्षा संगठन (एसएसओ), रांची द्वारा 28 अप्रैल, 2023 को सुरक्षा और स्वास्थ्य के लिए विश्व इस्पात दिवस मनाया गया। हर साल 28 अप्रैल को वर्ल्ड सेल एसोसिएसन के तत्वाधान मे विश्व स्तर पर यह दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर सेल के संयंत्रों और इकाइयों के कर्मचारियों के लिए एक खतरा विश्लेषण प्रतियोगिता – ल्ं९अल्ल.उङ्क का आयोजन किया गया, जिसमें कर्मचारियों से कार्यस्थल पर खतरों को कम करने पर केस अध्ययन आमंत्रित किए गए थे। दो श्रेणियों में प्राप्त कुल 47 प्रविष्टियों में से, कर्मचारियों की टीमों से 21 प्रविष्टियों को शॉर्टलिस्ट किया गया, जिन्होंने एसएसओ, रांची में निर्णायक मंडल के एक पैनल के समक्ष विस्तृत प्रस्तुतियांदी।

### राजधानी अपडेट्स ››

**बंधक बनी युवती हुई मुक्त मानव तस्करों ने डेढ़ लाख रुपए में किया था सौदा**

रांची: राजधानी के चान्हो इलाके की रहने वाली 18 वर्षीय युवती को राजस्थान से मुक्त करवा लिया गया है। रांची में सक्रिय मानव तस्करों ने बेहतर नौकरी देने का झांसा देकर युवती को राजस्थान में रहने वाले एक व्यक्ति के हाथों डेढ़ लाख रुपये में बेच दिया था। रांची पुलिस की एक टीम युवती के रेस्क्यू के लिए तीन दिनों से राजस्थान में कैंप कर रही थी।एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट ने किया रेस्क्यू: लड़की के गायब होने को लेकर रांची के कोतवाली थाने में स्थित एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट में प्राथमिकी दर्ज करवाई गई थी, जिसके बाद पुलिस की एक टीम राजस्थान जाकर युवती की तलाश कर रही थी। रांची पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की टीम ने युवती को सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया है। जानकारी के अनुसार, युवती को रेस्क्यू करने के बाद रांची पुलिस की टीम राजस्थान से रांची के लिए रवाना हो चुकी है। गौरतलब है कि रांची में सक्रिय मानव तस्करों ने युवती को पहले काम दिलाने के नाम पर अपने चंगुल में फंसाया और फिर उसे डेढ़ लाख रुपए में राजस्थान के एक व्यक्ति को बेच दिया। मामले को लेकर लड़की के परिजनों ने रांची के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट में एफआईआर दर्ज करवाई थी।

**अदालत** › फूड सेफ्टी को लेकर हाईकोर्ट गंभीर, जवाब नहीं आने पर की टिप्पणी, कहा

# अगली बार रिपोर्ट नहीं आई तो सचिव को आना होगा

- झारखंड में फूड सेफ्टी को लेकर हाईकोर्ट गंभीर है
- खाद्य पदार्थों में मिलावट मामले में स्वतः संज्ञान वाली याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** झारखंड में फूड सेफ्टी को लेकर हाईकोर्ट गंभीर है। दूध समेत दूसरे खाद्य पदार्थों में मिलावट मामले में स्वतः संज्ञान वाली याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। इस मामले में सरकार की ओर से जवाब नहीं आने पर चीफ जस्टिस संजय मिश्रा की अदालत ने नाराजगी जताते हुए मौखिक रूप से चेतावनी देते हुए कहा कि अगर अगली सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से जवाब दाखिल नहीं हुआ तो स्वास्थ्य विभाग के सचिव को हाजिर होना होगा। सुनवाई की अगली तारीख 16 जून निर्धारित की गई है।

दरअसल, पिछली सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से खाद्य पदार्थों की जांच से संबंधित एक साल का डिटेल मांगा था। कोर्ट ने पूछा था कि कितने फूड सैंपल कलेक्ट किए गये। जांच में क्या बातें सामने आई।

जिन खाद्य पदार्थों में मिलावट थी, उनके संचालकों पर क्या कार्रवाई हुई। कोर्ट ने यह भी पूछा था कि झारखंड में फूड सेफ्टी को लेकर किस-किस तरह की जांच होती है।

इस केस में पीयूष पोद्दार एमिकस क्यूरी हैं। उन्होंने कोर्ट को बताया कि कई जिलों में फूड सेफ्टी पदाधिकारी नहीं हैं। हालांकि सरकार की ओर से बताया गया कि इस दिशा में काम हो रहा है। कई जगह फूड सेफ्टी पदाधिकारी नियुक्त हो चुके हैं। शेष जगहों के लिए जेपीएससी के माध्यम से नियुक्ति की प्रक्रिया चल रही है।आपको बता दें कि खासकर पर्व त्यौहार के मौकों पर खाद्य पदार्थो खासकर मिठाइयों में मिलावट की शिकायतें आम होती हैं। इसके अलावा मसालों में मिलावट की ज्यादा गुंजाइश बनी रहती है, लेकिन आम लोगों को मालूम नहीं होता कि उसकी जांच कहां और कैसे कराएं। हालांकि समय-समय पर फूड सेफ्टी की टीम रांची में सैंपल कलेक्ट करती नजर आ जाती है। लेकिन कार्रवाई का ब्यौरा कभी साझा नहीं किया जाता है।आम लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ के बावजूद सख्त कार्रवाई नहीं होने से मिलावटखोर मनमानी पर उतारू रहते हैं। यह बेहद गंभीर मसला है। आपको बता दें कि एफएसएसआई की पहल पर तत्कालीन मुख्य सचिव सुधीर त्रिपाठी ने दूध की सैंपलिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा था। उस वक्त एफएसएसआई ने जांच रिपोर्ट को वेबसाइट पर अपलोड करने को कहा था लेकिन हुआ कुछ नहीं।

रांची नगर निगम की महिला कर्मचारी पर कैंची से हमला

# आरआरडीए भवन के पास की वारदात



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** राजधानी रांची के कोतवाली थाना क्षेत्र में परिवारिक विवाद में दिनदहाड़े एक महिला पर कैंची से हमला किया गया है। जानकारी के अनुसार जिस महिला को कैंची से मारा गया है वह रांची नगर निगम में ही कार्यरत है। महिला का नाम नसरीन बताया जा रहा है। पुलिस के अनुसार घरेलू विवाद में महिला के रिश्तेदार के द्वारा ही उस पर कैंची से हमला किया गया।आरआरडीए बिल्डिंग के पास हुई वारदात: मिली जानकारी के अनुसार रांची नगर निगम के ठीक सामने स्थित आरआरडीए बिल्डिंग के पास महिला पर कैंची से हमला किया गया। हमला करने वाले महिला के ही रिश्तेदार बताए जा रहे हैं। घटना की जानकारी मिलने के बाद कोतवाली थाने की पुलिस रांची नगर निगम पहुंचकर मामले की तफ्तीश में जुटी हुई है।पारिवारिक विवाद में किया गया हमला: नगर निगम से मिली जानकारी के अनुसार निगम कर्मी नसरीन प्रवीण पर हमला करने वाले उनके ही परिवार के लोग हैं। पारिवारिक विवाद में ही नसरीन पर कैंची से हमला किया गया। कोतवाली थाना प्रभारी शैलेश प्रसाद ने बताया कि रांची नगर निगम में कॉन्ट्रैक्ट पर काम करने वाली महिला नसीम परवीन का अपने ही भाभी और ननद से किसी मामले को लेकर विवाद चल रहा था। शुक्रवार को नसरीन उसी विवाद को सुलझाने के लिए निगम से निकल कर बाहर आई थी। उस दौरान उसकी ननद और भाभी भी मौके पर मौजूद थी, लेकिन बातचीत के क्रम में ही नसरीन की ननद के द्वारा उस पर कैंची से हमला कर दिया गया। हालांकि इस हमले में नसरीन बाल-बाल बच गई। फिलहाल पूरे मामले की पुलिस जांच कर रही है।

## हाईकोर्ट में देवघर में क्यू कंपलेक्स के फेज-2 के निर्माण को लेकर सुनवाई 5 मई को

**रांची:** देवघर में बाबा बैजनाथ मंदिर के निकट क्यू कंपलेक्स के फेज दो का निर्माण जल्द कराने को लेकर सांसद निशिकांत दुबे की जनहित याचिका की सुनवाई शुक्रवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से बताया गया नवयुग कंपनी को सरकार की ओर से एक चिट्ठी भेजा गया है जिसमें बताया गया है कि उनके द्वारा जो प्रस्ताव दिया गया उसे मंत्रिपरिषद के पास भेज दिया गया है। अभी तक इसका जवाब नहीं आया है। इस पर कोर्ट ने प्रार्थी को सरकार की चिट्ठी को कोर्ट के रिकॉर्ड पर लाने का निर्देश दिया। वही मामले में राज्य सरकार की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए फिर से समय की मांग की गई।

# सिर कटी लाश की कहानी, टं टैटू ही है निशानी!



रांची: गुरुवार की रात रांची के अनगड़ा थाना क्षेत्र से बरामद 22 वर्षीय युवती की पहचान अब तक नहीं हो पाई है। गुरुवार को अनगड़ा के कनकटा पांडू टुंगरी जंगल से आधा सिर कटा हुआ एक युवती का शव बरामद किया गया था। युवती के चेहरे को हत्यारों के द्वारा बुरी तरह से कूच दिया गया था, इसलिए उसकी पहचान पुलिस के लिए चुनौती बनी हुई है।रांची: गुरुवार की रात रांची के अनगड़ा थाना क्षेत्र से बरामद 22 वर्षीय युवती की पहचान अब तक नहीं हो पाई है। गुरुवार को अनगड़ा के कनकटा पांडू टुंगरी जंगल से आधा सिर कटा हुआ एक युवती का शव बरामद किया गया था। युवती के चेहरे को हत्यारों के द्वारा बुरी तरह से कूच दिया गया था, इसलिए उसकी पहचान पुलिस के लिए चुनौती बनी हुई है।

**टं टैटू वाली तस्वीर पुलिस ने जारी की:** जिस युवती का अर्धसिर कटा शव बरामद किया गया है, लड़की के बाएं हाथ की कलाई पर टैटू इंग्लिश में मां (टं) लिखा हुआ है। एम कैपिटल में लिखा हुआ है जबकि ए स्मॉल लेटर से लिखा है। रांची पुलिस के पास फिलहाल युवती के पहचान के लिए यह टैटू ही प्रमुख सूत्र है। मृतका के हाथ की तस्वीर लेकर अलग-अलग थानों में पुलिस के द्वारा भेजा गया है ताकि युवती की पहचान की जा सके।डॉग स्कॉड और एफएसएल ने छाना जंगल: इस हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने के लिए पहले पुलिस को युवती की पहचान करवाना बेहद जरूरी है। पुलिस यह मान कर चल रही है कि इस हत्याकांड को किसी नजदीक के व्यक्ति ने ही अंजाम दिया है। शुक्रवार की सुबह डॉग स्क्वॉड एफएसएल की टीम ने पूरे जंगल को छान मारा हालांकि इस दौरान उन्हें कोई साक्ष्य हासिल नहीं हुए।

**पुलिस जांच में जुटी:** ग्रामीण एसपी के अनुसार राजधानी के सभी थानों में मिसिंग कम्प्लेन की जांच करवाई गई है। लेकिन अब तक कोई भी व्यक्ति युवती की पहचान को लेकर सामने नहीं आया है। पुलिस अब दूसरे जिलों में भी युवती की फोटो को सकुर्लेट कर रही है ताकि उसकी पहचान जल्द से जल्द हो सके। ग्रामीण एसपी के अनुसार मौके पर स्पेशल और डॉग स्क्वायड की टीम को भी भेजा गया ताकि जंगल में कुछ सुराग हासिल हो सके।

**क्या है पूरा मामला:** राजधानी से 40 किलोमीटर की दूरी पर स्थित अनगड़ा थाना क्षेत्र के कनकटा पांडू टुंगरी जंगल से गुरुवार की रात एक अज्ञात युवती का शव बरामद किया गया था। युवती की हत्या धारदार हथियार से उसके सिर पर वार किए गए हैं, गर्दन पर इतने वार किए गए है कि उसका सिर धड़ से अलग होने के कगार पर पहुंच गया था। घटनास्थल पर काफी खून बिखरा मिला है जिसे देखकर लगता है कि युवती की हत्या जंगल में ही की गई है। गुरुवार को ग्रामीणों की सूचना पर अनगड़ा पुलिस मौके पर पहुंची थी, जिसके बाद जरूरी तफ्तीश करने के बाद शव को अपने कब्जे में लेकर पुलिस ने रिम्स भेज दिया है। फिलहाल सबको रिम्स के शीतगृह में सुरक्षित रखा गया है ताकि मृत युवती की पहचान हो सके।

# दो दिवसीय खूंटी मिलेट्स प्रदर्शनी सह सम्मेलन का हुआ समापन



राष्ट्रीय खबर

**खूंटी:** मोपफी और पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा आयोजित झारखंड के खूंटी जिले में दो दिवसीय झारखंड मिलेट्स प्रदर्शनी सह सम्मेलन 28अप्रैल को संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अतिथि श्री प्रणव पाल, संयुक्त निदेशक उद्योग विभाग झारखंड थे। अपने संबोधन के दौरान उन्होंने कहा कि यह बड़े सम्मान की बात है कि खूंटी बाजरा तथा मरूआ उत्पादन में अग्रणी क्षेत्र है। उन्होंने आगे बताया कि शहरी लोगों तक मोटे अनाज आधारित आहार का महत्व कैसे पहुंच रहा है और मौर्य जैसे बड़े आतिथ्य समूह भी अपने मेनू में बाजरा आधारित व्यंजन परोस रहे हैं। दिन के एजेंडे में तकनीकी सत्र थे, ह्लमिलेट एग्रीटेक एंड स्टार्टअप मीट इसकी आवश्यकता और यह एक लाभदायक व्यवसाय कैसे है और ह्लबाजरा के लिए निर्यात, रसद और सरकारी हस्तक्षेपह्व। तकनीकी सत्रों के दौरान, पीएमएफएमई डिवीजन, एमओएफपीआई, जिला उद्योग केंद्र, एमएसएमई, जिला कृषि केंद्र, जिला विकास केंद्र, विशेषज्ञ उनके संगठनों द्वारा प्रदान की गई महत्वपूर्ण योजनाओं को उजागर करने के लिए शामिल हुए। बैठक एक इंटरैक्टिव सत्र के साथ संपन्न हुई जहां स्थानीय उद्योगों, एफपीओ, एसएचजी, बैंकों, स्टार्टअप और किसानों के विशेषज्ञों और प्रतिनिधियों ने बेहतर आउटरीच के लिए इन योजनाओं के अभिसरण के बारे में उद्योग, बागवानी और कृषि विभाग के साथ बातचीत की।कॉन्क्लेव का समापन मिली दुबे, निदेशक, खाद्य और कृषि पीएचडीसीआई के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ। एचडी सीसीआई के सीनियर रीजनल डायरेक्टर मंतोष कुमार ने कार्यक्रम के सफल आयोजन पर जिला प्रशासन का धन्यवाद किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पीएचडीसीसीआई दिल्ली की डॉक्टर शेफाली भसीन, राहुल लाल, शिवानी कुमारी के साथ कई लोगों ने सहयोग किया।

**चेतावनी** › राजधानी में धड़ल्ले अवैध हॉस्टल का संचालन हो रहा है

# 5 मई के बाद बिना लाइसेंस वाले हॉस्टल, लॉज, बैंक्वेट पर गिरेगी गाज

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** राजधानी में धड़ल्ले अवैध हॉस्टल का संचालन हो रहा है। इसके अलावा लॉज और बैंक्वेट के संचालकों ने भी लाइसेंस नहीं लिया है। ऐसे संचालकों पर 5 मई के बाद गाज गिरेगा। रांची नगर निगम इसे लेकर सख्त हो गया है। वहीं 5 मई तक लाइसेंस के लिए आवेदन जमा करने को कहा गया है। इसके बाद नगर निगम की ओर से संचालकों पर कार्रवाई की जाएगी। वहीं पकड़े जाने पर 25 हजार फाइन लगाया जाएगा। दूसरी बार पकड़े जाने पर हॉस्टल, लॉज, बैंक्वेट को सील कर दिया जाएगा। इतना ही नहीं 5 मई के बाद वेरिफिकेशन के लिए टीम जाएगी तब ही लाइसेंस जारी किया जाएगा।

**हॉस्टल-लॉज की संख्या हजारों में**

रांची में अब भी हजारों हॉस्टल लॉज बिना रजिस्ट्रेशन के लिए चल रहे हैं। इतना ही नहीं, वहां पर मानकों का भी पालन नहीं किया जा रहा है। अब इन हॉस्टल्स पर पहले फाइन लगाया जाएगा। इसके बाद भी वे रजिस्ट्रेशन के लिए आवेदन नहीं करते है तो उनपर कार्रवाई की जाएगी। बताते चलें कि पिछले साल 200 के करीब संचालकों ने आवेदन दिया था।

**25 हजार फाइन देना होगा**

बिना लाइसेंस के चल रहे अवैध हॉस्टल-लॉज पर शिकंजा कसने के लिए रांची नगर निगम ने योजना बनाई है। इसके तहत अवैध रूप से संचालन कर रहे संचालकों से लाइसेंस नहीं दिखाने पर 25-25 हजार रुपए फाइन वसूला जाएगा। वहीं उन्हें एप्लीकेशन भी जमा करना होगा। इसके बाद टीम के विजिट में दोबारा लाइसेंस नहीं मिलेगा तो कैंपस को सील कर दिया जाएगा। जिससे कि संचालक किसी भी तरह का कारोबार नहीं कर सकेंगे।

**हर साल के लिए तय है चार्ज**

रजिस्ट्रेशन कराने के बाद लाइसेंस की वैलिडिटी एक साल की है। इसके बाद हर साल संचालकों को लाइसेंस रिन्युअल कराना है। रजिस्ट्रेशन में 800 से लेकर 2500 रुपए का चार्ज तय हैं। वहीं 10 बेड से ऊपर की संख्या होने पर हॉस्टल संचालक को एक साल के रजिस्ट्रेशन के लिए अलग चार्ज देना हैं। इसी तरह से नगर निगम ने बेड की संख्या के आधार पर अलग-लग चार्ज देने का नियम है।


